# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 09 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 39, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## मुद्रास्फीति के आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा मुद्रास्फीति के आंकड़ों विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। } 14

## भारत मजबूती से व्यापार समझौतों पर कर रहा बातचीत

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज का भारत मजबूती और आत्मविश्वास के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। वह भविष्य में 35 हजार अरब डॉलर का बाजार उपलब्ध करा सकता है। } 16



संक्षेप

### भोजनालय के पास कार में मिलीं दो ईवीएम

मुंबई। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक भोजनालय के पास एक कार में दो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मिलीं। अधिकारियों ने रविवार को स्पष्ट किया कि ये ईवीएम आरक्षित उपकरण थे। महाराष्ट्र में शनिवार को सोलापुर समेत 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव हुए। शनिवार आधी रात के आसपास मोहोल कस्बे में होटल स्वराज्य के पास चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी के लिए किराये पर ली गई कार से दो ईवीएम मिलने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई, जिसके चलते कुछ राजनीतिक दलों ने ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगाए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रील के चक्कर में महिला की मौत

बांदा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में फांसी का दृश्य दिखाने के लिए रील बनाने के दौरान चार साल की बेटी के सामने ही एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सौरभ सिंह ने रविवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार की है, बबेरू कस्बे के करुइहा पुरवा मोहल्ले में मोहिनी (27) की फंदे से लटकने के कारण मौत हो गई, जिसके बाद उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने एक रील के लिए फांसी का दृश्य दोहराने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान वह बेहोश हो गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला के मोबाइल फोन की जांच से पता चला कि वह गूगल और फेसबुक में बार बार फंदा लगाने के तरीके खोज रही थी। घटना के समय मौके पर मौजूद महिला की चार साल की बेटी ने भी यही बात बताई। बच्ची ने पुलिस को बताया कि उसकी मां ने उसे इसका वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए कहा था।

### 15वीं मंजिल से छलांग लगा कर छात्र ने की आत्महत्या

नोएडा। नोएडा में एक आवासीय सोसाइटी में स्थित अपनी इमारत की 15वीं मंजिल से छलांग लगाकर 12वीं कक्षा के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी अमित खारी ने बताया कि सेक्टर 168 में स्थित एक आवासीय सोसाइटी में रहने वाले 17 वर्षीय छात्र ने शनिवार रात को यह कदम उठाया। वह दिल्ली में स्थित एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : 10.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- कोनेश्वर महादेव मंदिर को मिलेगा नया वैभव (पृष्ठ-02)
- अपैरल पार्क बन रहा रोजगार और निर्यात का नया हब (पृष्ठ-02)
- भारत रूसी तेल की खरीद में करेगा कटौती (पृष्ठ-14)
- व्यापार समझौते में भारत के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने किया 8100 करोड़ का निवेश (पृष्ठ-14)


## माता वैष्णो देवी को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल के रूप में स्थापित करने की मंजूरी

- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में कई पहलों को दी गयी मंजूरी

जम्मू। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने त्रिकूटा की पहाड़ियों पर स्थित तीर्थ स्थल और आसपास के क्षेत्र को भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में से एक में परिवर्तित करने के लिए रविवार को कई पहलों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह मंजूरी दी। प्रवक्ता ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की रणनीतियों का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। यह समिति बोर्ड को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में इन पहलों को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा, मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र को भारत के अग्रणी और सबसे जीवंत आध्यात्मिक स्थल में तब्दील करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मंदिर बोर्ड ने तीन पहलों को मंजूरी दी है, जिनमें मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय, एक प्रकाश-ध्वनि शो और माता वैष्णो देवी मंदिर पर एक वृत्तचित्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने रिक्त पदों को भरने का भी निर्णय लिया है और भर्ती प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत-मलेशिया संबंधों को देंगे और मजबूती

## हमारा संदेश स्पष्ट है आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी




कुआलालंपुर। भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं - भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को विशेष बताते हुए कहा कि हम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा कि हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं। मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को उल्लेखनीय बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र आज से

## राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत, 11 फरवरी को वित्तमंत्री पेश करेंगे वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट




विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विधानमंडल के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। विपक्ष कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, किसान व युवाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। बजट सत्र शुरू होने से पहले रविवार को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक कर सभी राजनीतिक दलों से सदन के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा।

कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधान सभा का तिथिवार कार्यक्रम पर मुहर लग गई। 10 फरवरी मंगलवार को सदन के वर्तमान व पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया जाएगा। 11 फरवरी बुधवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 13 फरवरी तक सदन नियमित तौर पर चलेगा। 14 व 15 फरवरी को शनिवार व रविवार होने के कारण सदन की बैठक स्थगित रहेगी। 16 फरवरी से फिर से सदन की कार्यवाही प्रारंभ होगी। 20 फरवरी तक सदन चलने की उम्मीद है। मानसून सत्र के बाद प्रदेश सरकार चार अध्यादेश ला चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश व उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश हैं। इनके प्रतिस्थानी विधेयक भी सरकार बजट सत्र में पेश करेगी। 10 फरवरी को सदन के वर्तमान व पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की जाएगी। सदन की कार्यवाही 20 फरवरी तक प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार की ओर से 11 फरवरी को पेश होने वाला बजट करीब 9 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। बजट में सड़क, पुल, शहरों के विकास और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस रहेगा। पिछले वित्तीय वर्ष में यूपी का बजट करीब 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। अब आने वाला बजट इससे भी बड़ा होगा और इसमें जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में रखे विधायकः सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन में सर्वदलीय बैठक को किया संबोधित
- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

लखनऊ। विधान मंडल का बजट सत्र 9 फरवरी (सोमवार) से प्रारंभ होगा। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

इसमें मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने का अनुरोध करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में रखें और इस पर स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में आयोजित इस सर्वदलीय बैठक में नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। दस कार्य दिवसों वाला यह बजट सत्र विगत कई वर्षों में सबसे बड़ा सत्र है। इन कार्य दिवसों का बेहतर उपयोग करते हुए राज्यपाल के अभिभाषण, बजट तथा अन्य मुद्दों पर सार्थक चर्चा की जायेगी। सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारु रूप से चर्चा करनी चाहिए। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद तथा सकारात्मक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है : धामी

### खटीमा प्रवास में सीएम ने की जनसुनवाई, समस्याओं के शीघ्र निस्तारण पर दिया जोर

प्रमुख संवाददाता



खटीमा (ऊधम सिंह नगर)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा दौरे के दौरान कैंप कार्यालय लोहियाहेड तथा हेलीपैड परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं स्थानीय समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का तत्काल परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही अनिवार्य है तथा जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। इसके लिए उन्होंने विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा और निगरानी पर विशेष बल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री ने किसानों, श्रमिकों के हितों की रक्षा कीः नवीन

### भाजपा अध्यक्ष ने रामलीला मैदान में 500 ई-बसों को हरी झंडी दिखायी

एजेंसी





नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि किसानों और श्रमिकों के हित सुरक्षित रखने के लिए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कूटनीतिक एवं धैर्यपूर्वक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया।

नवीन ने यह बात रामलीला मैदान में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट मंत्रियों के साथ 500 ई-बसों को हरी झंडी दिखाने के दौरान कही। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने कूटनीतिक और धैर्यपूर्वक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया। नवीन ने कहा, मैं इस समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देता हूं। उन्होंने किसानों, श्रमिकों के हितों की रक्षा की है और देश का आत्म-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि 500 ई-बसें दिल्ली के लोगों के लिए एक उपहार है, जिन्होंने पिछले साल आठ फरवरी को विधानसभा चुनावों में भाजपा को भारी जीत दिलाई थी। दिल्ली विधानसभा चुनावों के आठ फरवरी, ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### आरएसएस अपनी सीमाओं में रहकर हर संभव मदद करेगा, जनसंख्या असंतुलन के लिए धर्मांतरण, घुसपैठ और कम जन्म दर जिम्मेदार

## बांग्लादेश में अब भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं, होना होगा एकजुट : भागवत

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) के प्रमुख मोहन भागवत ने बांग्लादेश के हिंदुओं से एकजुट होने की बात कही है। मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू एकजुट होकर अपने फायदे के लिए राजनीतिक सिस्टम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

मोहन भागवत ने यह अपील शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद भारत विरोधी भावनाओं के बढ़ने से बने खराब माहौल के खिलाफ एकजुट होने के लिए की है। मुताबिक, आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। अगर वे एकजुट होते हैं, तो वे वहां के राजनीतिक सिस्टम का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए, अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं, लेकिन उन्हें एकजुट होना होगा।' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को धर्मांतरण, घुसपैठ और कम जन्म दर को जनसंख्या असंतुलन के लिए जिम्मेदार तीन प्रमुख कारक बताया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोधें एक परिवार में तीन बच्चे पैदा करने का सुझाव देते हैं, जो हालांकि पसंद का मामला है। भागवत ने लोगों का धर्मांतरण कराने और किसी संप्रदाय की आबादी बढ़ाने के लिए बल, प्रलोभन और छल का सहारा लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने मूल धर्म में लौटना चाहते हैं, उनके लिए घर वापसी ही एकमात्र उपाय है। घुसपैठ से जुड़े एक सवाल पर संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस कार्यकर्ता भाषा के जरिये संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान करते हैं और उनकी सूचना अधिकारियों को देते हैं। भागवत आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल लोगों के साथ एक संवाद सत्र के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। जनसंख्या असंतुलन पर आरएसएस प्रमुख ने कहा, इसके तीन प्रमुख कारण हैंअ पहला- धर्मांतरण। हालांकि, धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन लोगों का धर्म बदलवाने और किसी संप्रदाय की आबादी बढ़ाने के लिए बल, प्रलोभन या छल का सहारा लिया जाना पूरी तरह से निंदनीय है। उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता को रेखांकित करने के लिए कवि नारायण वामन तिलक का उदाहरण दिया। भागवत ने कहा कि जो लोग अपने मूल धर्म में लौटना चाहते हैं, हम उनके लिए रास्ता बनाते हैं और ऐसे लोगों के लिए घर वापसी ही एकमात्र उपाय है। संघ प्रमुख ने कहा, दूसरा कारण घुसपैठ है, जिसके लिए सरकार को बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों की पहचान और निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो अभी धीमी गति से चल रही है, लेकिन इसमें तेजी आएगी। भागवत ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास का हवाला दिया, जिसके तहत कुछ व्यक्तियों को गैर-नागरिक के रूप में पहचाना गया है और उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। भागवत ने कहा, आरएसएस कार्यकर्ताओं ने भी भाषा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डिजिटल अरेस्ट मामले में दो लोग गिरफ्तार

### 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कम से कम 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों और 100 करोड़ रुपये से अधिक से जुड़े डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपियों की पहचान अनीश सिंह और मणि सिंह के रूप में हुई है।

दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने कहा कि उसे लगभग दो महीने तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने उससे 40 लाख रुपये हस्तांतरित करवा लिए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया गया था। इस दौरान, खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धोखेबाजों द्वारा उसे गिरफ्तारी, कानूनी कार्वाई और सामाजिक बदनामी की धमकी दी गई थी। शिकायतकर्ता, जो एक गृहिणी हैं, को शुरू में मुंबई अपराध शाखा के आईपीएस अधिकारी होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने फोन किया।

# उन्नत कृषि तकनीकों से लेकर मनोहारी पुष्प आकृतियों तक, प्रदर्शनी ने जीता दिल

## सेना द्वारा रक्षा उपकरणों एवं ब्रह्मोस मिसाइल का प्रदर्शन प्रमुख रूप से शामिल रहा, प्राकृतिक फूलों से बनी कलाकृतियाँ और कृषि नवाचार बने प्रदर्शनी की पहचान

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जन भवन प्रांगण, लखनऊ में दिनांक 06 फरवरी 2026 से आयोजित 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के तृतीय दिवस आज भी बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवकाश का दिन होने के कारण प्रातःकाल से ही प्रदर्शनी परिसर दर्शकों से भरा रहा। प्रदर्शनी का समापन कल दिनांक 09 फरवरी 2026 को अपरान्ह 3:00 बजे राज्यपाल जी द्वारा विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किए जाने के साथ किया जाएगा।

प्रदर्शनी में आगंतुकों को विभागीय विशेषज्ञों तथा विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से पधारे कृषि वैज्ञानिकों द्वारा पालीहाउस में सब्जी उत्पादन, शहद उत्पादन, हाइड्रोपोनिक्स, मशरूम उत्पादन, छत एवं गमलों में सब्जी उत्पादन तथा हाईटेक नर्सरी के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बागवानी फसलों से संबंधित उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक साहित्य का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

इस भव्य प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न कारागारों द्वारा उत्पादित गुणवत्तापूर्ण शाकभाजियों के साथ-साथ गमलों में सुसज्जित विविध रंगों के मौसमी फूल पेंजी, पिटूनिया, सिनरेरिया, पालीएन्थस, रोडैन्थी, स्वीट विलियम, स्वीट एलाइजम, स्टाक, स्टेटिस, फ्लाक्स, वाल फ्लावर, कार्न फ्लावर, एस्टर, गेंदा, बोगनवेलिया, गुलाब एवं डहेलिया आदि का अत्यंत आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त कैक्टस, सकुलेन्ट्स, फलदार पौधे, शोभाकार पौधे एवं कलात्मक बोन्साई भी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहे।

प्रदर्शनी में प्राकृतिक फूलों से निर्मित अद्भुत, सृजनात्मक एवं मनोहारी आकृतियों ने सभी का ध्यान आकृष्ट किया। इनमें वंदे मातरम् (150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में), बंकिम चंद्र चटर्जी एवं आनंदमठ आधारित रचना, ऑपरेशन सिंदूर थीम, श्रीकृष्ण जी की बांसुरी, गोवर्धन पर्वत, भारत के संविधान की प्रतिकृति, नंदी एवं शिवलिंग, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रीय ध्वज, बिरसा मुंडा, रूफ टॉप गार्डनिंग, गुरुकुल पाठशाला, अहिल्याबाई होल्कर, समुद्री जीवों पर आधारित थीम, तितली, गरुड़, विवाह मंडप, सारस पक्षी युगल, सुदर्शन चक्र एवं शंख की प्रतिकृति तथा जय जवान थीम के अंतर्गत सेना द्वारा रक्षा उपकरणों एवं ब्रह्मोस मिसाइल का प्रदर्शन सहित प्रदर्शित आकृतियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। ये सभी आकृतियाँ आगंतुकों के लिए लोकप्रिय सेल्फी प्वाइंट बनी रहीं।

प्रदर्शनी परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कृषकों, आगंतुकों, महिलाओं एवं किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में ईएनटी, सर्जरी, नेत्र रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, रक्त जांच, कैंसर स्क्रीनिंग तथा टी.बी. जांच की सुविधाएं उपलब्ध रहीं।

इसके साथ ही दर्शकों ने जन भवन स्थित पंचतंत्र वाटिका, नवग्रह, राशि, नक्षत्र वाटिका, मियावकी वन सहित विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर इसके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी प्रदेश की सबसे बड़ी फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी है। आज लगभग 1.5 लाख से अधिक दर्शकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

# भाजपा का स्वस्थ राजनीति से कोई सरोकार नहीं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज भाजपा से सभी को सावधान रहने की हिदायत देते हुए कहा कि 2027 के चुनाव का समय कम है।

पूरी तैयारी से करो या मरो की भावना के साथ हमें समाजवादी सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, भाईचारा, सामाजिक सद्भाव के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना समय की मांग है। भाजपा सौ फीसदी असत्य के मार्ग पर है।

भाजपा अपराधियों का गैंग है। भाजपा का स्वस्थ राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। अखिलेश यादव आज यहां समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में विधायकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि सन् 2027 का विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है।

भाजपा षड्यंत्र करने से बाज नहीं आएगी। भाजपा के पास संसाधन बहुत है। फिर भी भाजपा पीडीए से घबड़ाई हुई है। उत्तर प्रदेश से भाजपा सरकार की विदाई का असर भाजपा की केन्द्र सरकार की बेदखली तक जायेगा।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा राज में विकास के नाम पर जनता को सिर्फ धोखा मिला है। बच्चों को चॉकलेट और जनता को झुनझुना यही मुख्यमंत्री जी का उत्तर प्रदेश को झांसा है। वह प्रधानी का चुनाव भी टाल सकते हैं। जनता के बीच से भाजपा के झूठ का पदार्फाश होना चाहिए। यूपी के बजट का इस्तेमाल जनता के लिए नहीं होता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। डब्लूटीओ समझौते के बाद बाजार खुला था। उस पर गलत प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका से अब जो समझौता हुआ है उससे तो कृषि क्षेत्र बहुत बुरी तरह प्रभावित होगा। गाय का दूध, शहद अमेरिका से आएगा। भारत का बाजार बर्बाद हो जाएगा। छोटे कृषक और लघु मध्यम उद्योगो पर संकट घिरेगा। उपभोक्ता की दिक्कते बढ़ जाएंगी।

# अपैरल पार्क बन रहा रोजगार और निर्यात का नया हब

## 173 औद्योगिक भूखंडों में अब तक 156 भूखंडों का किया गया आवंटन

विशेष संवाददाता (vol)

- **106 इकाइयों के पक्ष में लीज डीड निष्पादित, 89 निवेशकों को मिला कब्जा**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख टेक्सटाइल और अपैरल एक्सपोर्ट हब बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किया जा रहा अपैरल पार्क राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह परियोजना न केवल निवेश को आकर्षित कर रही है, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। प्राधिकरण द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में 175 एकड़ भूमि पर अपैरल पार्क विकसित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न आकार के कुल 173 औद्योगिक भूखंड नियोजित किए गए हैं, जिन्हें अपैरल एवं टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़ी इकाइयों को आवंटित किया जा रहा है।

22 जनवरी 2026 तक की स्थिति के अनुसार, अपैरल पार्क योजना के तहत अब तक 156 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, जबकि केवल 17 भूखंड रिक्त हैं। 106 इकाइयों के पक्ष में अब तक लीज डीड निष्पादित हो चुकी है तो 89 निवेशकों को कब्जा भी सौंपा जा चुका है। यह आंकड़े साफ तौर पर दर्शाते हैं कि योगी सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मॉडल पर निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। अपैरल पार्क में अब परियोजनाएं तेजी से जमीन पर उतरने लगी हैं। योजना के तहत अब तक 118 इकाइयों को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी है, जबकि 39 इकाइयों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं। वहीं, 15 इकाइयों में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सरकार द्वारा सभी आवंटियों से डीपीआर के अनुरूप एक्शन प्लान मांगा गया है, ताकि परियोजनाएं तय समय-सीमा में धरातल पर उतर सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि उत्तर प्रदेश को वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और टेक्सटाइल नीति के माध्यम से वैश्विक निर्यात मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलाया जाए। अपैरल पार्क से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार, रेडीमेड गारमेंट्स और टेक्सटाइल निर्यात में वृद्धि, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को नया प्लेटफॉर्म जैसे लाभ मिलने की उम्मीद है। अपैरल पार्क के अंतर्गत 33.5 एकड़ क्षेत्रफल के 17 भूखंड अभी आवंटन हेतु शेष हैं। आंशिक भूमि उपलब्ध न होने के कारण भूमि क्रय की कार्यवाही प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, बेहतर कनेक्टिविटी और उद्योग-हितैषी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश आज निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। अपैरल पार्क इसकी एक मजबूत मिसाल है, जो योगी सरकार के विकास, रोजगार और निर्यात आधारित विजन को जमीन पर साकार करता दिख रहा है।

# 7500 गोशालाएं बनेंगी कैटल फूड सिक्योरिटी हब, हर गोशाला से जुड़ेंगे किसान

विशेष संवाददाता (vol)

- **संरक्षण केंद्र के साथ गोशालाओं को हरा चारा उत्पादन का बेहतर स्रोत बनाएगी सरकार**
- **गोशालाओं में बड़े पैमाने पर लगाये जायेंगे सहजन के पौधे व नेपियर घास**

**लखनऊ।** प्रदेश की गोशालाओं को अब केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें कैटल फूड सिक्योरिटी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। योगी सरकार की इस दूरदर्शी पहल के तहत प्रदेश की 7500 गोशालाओं और उनके आसपास के क्षेत्र को हरा चारा उत्पादन का सशक्त केंद्र बनाया जाएगा, जिससे गोवंश संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आमदनी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि ह्लमिशन फॉडरह्व के नाम से शुरू हो रहे इस प्रदेशव्यापी अभियान का उद्देश्य गोशालाओं को आत्मनिर्भर इकाइयों के रूप में विकसित करना है। इसके तहत हर गोशाला को 50 से 100 किसानों के नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, ताकि चारा उत्पादन, विपणन और उचित मूल्य की व्यवस्थित श्रृंखला तैयार हो सके। इससे किसान भी आत्मनिर्भर बनेंगे और गोशालाओं को सतत रूप से पौष्टिक हरा चारा उपलब्ध होगा। मिशन फॉडर के अंतर्गत गोशालाओं की उपलब्ध भूमि का अधिकतम उपयोग करते हुए मोरिंगा (सहजन) और नेपियर घास का बड़े पैमाने पर रोपण कराया जाएगा। इसमें गन्ना घास, सुबबूल, ढैंचा और मौसमी चारे जैसे लोबिया, मक्का, ज्वार, बाजरा, बरसीम आदि को भी शामिल किया गया है।

उत्तर प्रदेश की जलवायु में लगभग 50 प्रकार के पशु चारे सहज रूप से उगाए जा सकते हैं, जिनमें एकदलीय और बहुदलीय दोनों प्रकार के चारे शामिल हैं। यही विविधता इस मिशन की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। मोरिंगा पौधे लगभग 12-15 वर्षों और नेपियर घास 7-8 वर्षों तक लगातार हरा चारा उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। मोरिंगा न केवल उच्च प्रोटीन और खनिज तत्वों से भरपूर है, बल्कि गोशालाओं में प्राकृतिक छाया और जैविक फेंसिंग का भी काम करेगा। वहीं नेपियर घास अपनी उच्च उत्पादन क्षमता और नियमित कटिंग के कारण सतत चारा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण है। योजना के अनुसार गोशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गोवंश को पर्याप्त हरा चारा प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाएगा। हरा चारा पोषण की दृष्टि से सूखे चारे की तुलना में अधिक लाभकारी है।

# उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयास तेज

विशेष संवाददाता (vol)



- **कृषि मंत्री ने केंद्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री का जताया आभार**

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 125 करोड़ रुपए का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा और दलहन आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई रणनीति पर भी विशेष जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है और वर्ष 2024-25 में 30.82 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ चौथे स्थान पर रहा है। भारत के कुल 256.83 लाख मीट्रिक टन दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 12 प्रतिशत है।

प्रदेश में दलहनी फसलों की औसत उत्पादकता 12.01 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जो राष्ट्रीय औसत 9.26 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से काफी अधिक है। वर्ष 2024-25 में 25.66 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई की गई थी, जिसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 30.77 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत उन्नत बीजों के वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 1,05,642 कुंतल प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं।

राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क बीज मिनीकिट योजना के तहत 12,413 कुंतल बीज वितरित कर 92,517 किसानों को लाभान्वित किया गया, जबकि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 17,297 कुंतल बीज मिनीकिट से 2,04,693 किसान लाभान्वित हुए हैं। दलहन खरीद के क्षेत्र में भी प्रदेश बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जहाँ वर्ष 2024-25 में 75.85 हजार मीट्रिक टन की खरीद की गई।

भावी रणनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ अंतःफसली खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के रबी सीजन में 40,000 हेक्टेयर में मसूर तथा जायद में 1,00,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उर्द एवं मूँग की खेती का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए जायद 2026 में 20,000 कुंतल उर्द एवं मूँग के प्रमाणित बीज अनुदान पर वितरित करने का लक्ष्य है।

# एसआईआर : हर सुनवाई स्थल पर स्थापित होगी हेल्प डेस्क

- **सुनवाई में मतदाताओं की सुविधा का रखा जाएगा पूरा ख्याल**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नोटिसों की सुनवाई के संबंध में शनिवार को समस्त रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित हैं, किंतु जिनके द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की मतदाता सूची से संबंधित विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है, ऐसे लगभग 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी कर नियत तिथि पर सुनवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, तार्किक विसंगतियों के कारण लगभग 2.22 करोड़ मतदाताओं को भी नोटिस जारी कर सुनवाई की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुनवाई स्थलों पर मतदाता हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जहां विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 प्रक्रिया से भली-भांति परिचित कार्मिक तैनात रहें, जो सुनवाई में आने वाले मतदाताओं की शंकाओं का समाधान करें एवं उनको आवश्यक सहयोग प्रदान करें। हेल्प डेस्क ऐसे स्थल पर स्थापित हो जिससे सुनवाई के लिए आने वाले लोगों की नजर सहजता से उस पर पड़ जाए। डेस्क पर हेल्प डेस्क लिखा हुआ बैनर भी लगाया जाए। हेल्प डेस्क पर जनपद एवं राज्य स्तरीय कॉन्टैक्ट सेंटर के टोल-फ्री नंबर प्रदर्शित किए जाएं।

# उच्च सदन को सुचारू रूप से चलाने पर बनी सहमति

**लखनऊ।** विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे रविवार को विधान परिषद के कक्ष संख्या -77 मे विधान परिषद की परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुयी तथा दलीय नेताओं की भी बैठक सम्पन्न हुई। नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व समिति के सदस्यों के साथ बजट सत्र से पूर्व आज विभिन्न बिन्दुओ व पहलुओ पर चर्चा करते हुये विचार विमर्श किया गया। दलीय नेताओं के साथ आयोजित बैठक में विधान परिषद सदन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सभापति ने सत्र के सुव्यवस्थित रूप से संचालन के लिए सभी दलों से समुचित सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सदन का रचनात्मक वातावरण और तथ्य व तर्क पर आधारित सार्थक संवाद ही जनसमस्याओं के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने संसदीय परम्परा को और अधिक मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कोनेश्वर महादेव मंदिर को मिलेगा नया वैभव

विशेष संवाददाता (vol)

- **रामायण काल से जुड़ा कोनेश्वर महादेव मंदिर संवरेगा, एक करोड़ की धनराशि से होगा पर्यटन विकास**
- **कोनेश्वर महादेव मंदिर के विकास से लखनऊ की धार्मिक विरासत को मिलेगी विशिष्ट पहचान – जयवीर सिंह**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौक में स्थित प्राचीन कोनेश्वर महादेव मंदिर अब अपने वैभव के नए शिखर की ओर अग्रसर है। मंदिर के कोने में विराजमान शिवलिंग की विशिष्ट पहचान और सदियों पुरानी मान्यताओं को केंद्र में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस पौराणिक धरोहर के पर्यटन विकास को गति दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर एक करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'रामायण काल और भगवान राम के भाई लक्ष्मण से जुड़ी मान्यताएं मंदिर को विशेष बनाती है। गोमती नदी के तट पर स्थित यह कौण्डिन्य ऋषि का आश्रम था, जिनका उल्लेख प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। यहां बड़ी संख्या में प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से शिव भक्तों का आगमन होता है। मंदिर परिसर में आगंतुकों की सुविधा हेतु आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल निर्माण कार्य होंगे। धर्मग्रंथों के अनुसार, माता सीता को वन में छोड़ने आए शोक संतप्त लक्ष्मण गोमती तट पर स्थित कौण्डिन्य ऋषि के इसी आश्रम में ठहरे थे। उन्होंने लक्ष्मण को आश्रम में स्थापित शिवलिंग का अभिषेक करने को कहा था।

इस कथा का वर्णन वाल्मीकिद्वारा रचित रामायण में भी है। मंदिर में शिवलिंग कोने में स्थित है। कौण्डिन्य ऋषि आश्रम में स्थापित शिवलिंग को कौण्डिन्येश्वर महादेव के नाम से जाना गया, जो कालांतर में कोनेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सावन के महीने में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। कोनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचना आसान है। शहर के प्रमुख परिवहन केंद्र चारबाग रेलवे स्टेशन से यह मंदिर ऑटो, कैब अथवा सिटी बस के माध्यम से सहजता से पहुंचा जा सकता है। देश-प्रदेश से आने वाले शिवभक्तों को बिना किसी कठिनाई के दर्शन का अवसर प्राप्त होता है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और अवधी व्यंजनों की त्रिवेणी से सजा लखनऊ आज वैश्विक पहचान बना चुका है।

पर्यटन विभाग के सतत प्रयासों का ही प्रतिफल है कि यूनेस्को ने हाल ही में लखनऊ को प्रतिष्ठित 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' का दर्जा प्रदान किया। सरकार द्वारा विकसित आधुनिक पर्यटक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते वर्ष 2025 में लखनऊ में लगभग 1.5 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक शामिल रहे। यह शहर की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता और सांस्कृतिक आकर्षण को सशक्त रूप से रेखांकित करता है।'

# मथुरा, प्रतापगढ़, औरया समेत छोटे शहरों में भी बन रहे राही टूरिस्ट लॉज

## एटा के पटना पक्षी विहार, हरदोई की सांडी झील और बुलंदशहर के नरौरा में हो रहा निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)

- **टूरिस्ट लॉज के नेटवर्क विस्तार से धार्मिक, सांस्कृतिक और इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और इको टूरिज्म को नई पहचान मिली है। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों काशी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज में पिछले कुछ सालों से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसे देखते हुए योगी सरकार राज्य में छोटे शहरों में भी पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राही टूरिस्ट लॉज का निर्माण करा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में मौजूद लॉजों का रेनोवेशन व सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ-साथ नये विकसित किये जा रहे धार्मिक, सांस्कृतिक और इको टूरिज्म स्थलों पर टूरिस्टों को बेहतर आवासीय व खानपान की सुविधा उपलब्ध कराना है।

पर्यटन विभाग विभिन्न जनपदों में 11 राही टूरिस्ट लॉजों/बंगलों का निर्माण करा रहा है। इन्हें पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। मथुरा के गोकुलगांव, आगरा के बटेश्वर, कासगंज के सोरों और सीतापुर में राही टूरिस्ट बंगलों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही प्राकृतिक पयार्वासों के समीप एटा के पटना पक्षी विहार, हरदोई की सांडी झील, बुलंदशहर के नरौरा में राही टूरिस्ट लॉजों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के भूपियामऊ, औरैया के देवकली, बदायूं के कछला घाट और शामली के कांधला में भी टूरिस्ट लॉजों का निर्माण कराया जा रहा है। योगी सरकार का उद्देश्य इन परिसंपत्तियों के माध्यम से पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। यूपीएसटीडीसी के ह्यराहीह्ल टूरिस्ट बंगले न केवल प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना को मजबूती प्रदान करेंगे, बल्कि यूपी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें। महाकुम्भ और माघ मेले जैसे भव्य आयोजनों के समय प्रयागराज में सर्वाधिक पर्यटकों का आगमन होता है। इसे देखते हुए यूपीएसटीडीसी की ओर से प्रयागराज में यमुना नदी के किनारे होटल राही त्रिवेणी दर्शन में नए भवन का निर्माण कराया गया है। इससे पर्यटकों की आवसीय क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही प्रयागराज में यूपीएसटीडीसी के होटल राही इलावर्त में इंटीरियर डेकोरेशन का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। इसी क्रम में वाराणसी के सारनाथ में स्थित राही टूरिस्ट लॉज में सुविधाओं का विकास और नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। जबकि धार्मिक स्थल चित्रकूट में स्थित राही टूरिस्ट लॉज के पार्ट-ए और पार्ट-बी के नवीनीकरण का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। बलरामपुर में भी टूरिस्ट लॉज के नवीनीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है।

संक्षेप

## अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने वाला आरोपी धराया

प्रतापगढ़। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे मुन्ना भाई को पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बीती शनिवार को सीटीईटी की द्वितीय पाली की परीक्षा हो रही थी। चेकिंग के दौरान पाया गया कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी उमेश कुमार निर्मल के स्थान पर आरोपी पड़ोसी जिले कौशम्बी निवासी संजय कुमार पुत्र अंगनू लाल परीक्षा दे रहा था। चेकिंग दल द्वारा पहचान पत्र में अंकित विवरण का मिलान करने पर यह खुलासा हुआ। कक्ष निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने देर शाम आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। विद्यालय के कक्ष निरीक्षकों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी संजय कुमार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

## मारपीट व गाली गलौज को लेकर चार के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के रामनगर भोजपुर निवासी छेदी लाल के पुत्र संदीप यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह बीती पांच फरवरी को रात लगभग बारह बजे बोलेरो वाहन से परिहारन का पुरवा पहाड़पुर से सवारी छोड़कर आ रहा था। रास्ते में गांव के नितेश कुमार व तीन अज्ञात रास्ते में स्कार्पियो खड़ी किये थे। पीड़ित ने वाहन हटाने को कहा तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर आरोपियों द्वारा जानलेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी नितेश कुमार व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

प्रतापगढ़। पीड़िता व उसकी बेटी के साथ मारपीट को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उसमानपुर निवासिनी श्यामकली पत्नी हरिलाल वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सात फरवरी को सुबह पानी के विवाद को लेकर विपक्षियों ने गाली गलौज की। विपक्षी गांव के राजकुमार वर्मा पुत्र पुट्टी लाल एवं उसकी मां ने पीड़िता व उसकी बेटी चांदनी को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजकमल समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

महाराजगंज। जिले में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अमरपुरवा गांव के निवासी राजू रवनीहार (58) और उनके बेटे हरीश चंद्र रवनीहार (28) मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी बरुहवाबाबा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। ट्रक चालक घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में कानूनी कार्वाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत, चार घायल

कुशीनगर। जिले में रविवार तड़के ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुशीनगर जिले में तड़के करीब तीन बजे कार सवार सात युवक हाटा नगरपालिका के वार्ड नंबर चार के अहिरौली तुलादास में आयोजित बहुभोज में शामिल होने के बाद वापस हाटा लौट रहे थे। हाटा कोतवाली के अधिकारियों ने बताया कि हाटा कोतवाली से लगभग एक किलोमीटर पूर्व स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बैंक्वेट हॉल के सामने कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अहिरौली तुलादास निवासी हरी (23) व अमन (26), पिपरा कपूर निवासी नितीश (20) की मौत हो गई। वहीं, अहिरौली तुलादास निवासी सूरज वर्मा (22), मुकेश वर्मा (19) व विकास वर्मा (26) तथा हाटा खास निवासी शैलेश वर्मा (18) को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

# दीपक जलाने मंदिर गयी युवती से दुष्कर्म

जिला संवाददाता

**बांदा।** चित्रकूट जिले के राजापुर क्षेत्र के एक गांव में मंदिर में दीपक जलाने गई युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म किये जाने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक के भाग जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी मोटरसाइकिल में आग लगा दी, जिसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि राजापुर थानाक्षेत्र के एक गांव में शनिवार की देर शाम 18 साल की एक लड़की दीपक जलाने के लिए मंदिर गई थी, तभी वहां पहले से मौजूद स्थानीय युवक राजेश कुमार (24) ने दुपट्टे से लड़की के हाथ बांधकर उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि लड़की के काफी देर तक घर न पहुंचने के बाद परिजन मंदिर गए और इस दौरान आरोपी युवक अपने कपड़े और मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षकने बताया कि ग्रामीण काफी देर तक आरोपी की तलाश करते रहे, उसके न मिलने पर उन्होंने उसकी मोटरसाइकिल को आग लगा दी। परिजनों की तहरीर पर शिकायत दर्ज कर रविवार को पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में बड़ी संख्या में पीएसी और पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की आठ टीम गठित की गई हैं।

## बुजुर्ग खनन व्यवसायी की हत्या, पुलिस को लूट का अंदेशा

सोनभद्र। जिले में क्रशर प्लांट पर सो रहे एक बुजुर्ग खनन व्यवसायी की सिर पर वार कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुलिस को रविवार तड़के सूचना मिली कि विष्णु हरि उपाध्याय (76) का शव उनके बघमनवा (बिल्ली मारकुंडी) स्थित गिरधर सीमेंट लिमिटेड क्रशर प्लांट पर पड़ा है। उपाध्याय प्लांट पर ही रहते थे। एसपी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि सीसीटीवी के उपकरण टूटे हुए थे और इसके अतिरिक्त कंप्यूटर के प्रिंटर, मॉनिटर एवं अन्य नकदी आदि गायब थी। पुलिस ने लूट की आशंका जताई। बुजुर्ग के सिर पर गहरी चोट थी और मौत का कारण यह चोट हो सकती है। वहीं, अपर पुलिस अधिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया सिर पर किसी पत्थर से हमला किया गया। घटना के कारण की जांच की जा रही है।

## बस्ती में तैनात दारोगा संदिग्ध परिस्थिति में लापता

बस्ती। जिले में एक उपनिरीक्षक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परसरामपुर थाने में तैनात अजय गौड़ की पत्नी की तहरीर पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक गौड़ ने पांच फरवरी की शाम को आखरी बार अपनी पत्नी से बात की और रात में जब पत्नी ने उन्हें कॉल किया तो उनका फोन बंद आया। पत्नी ने कई बार प्रयास किया लेकिन गौड़ से संपर्क नहीं हो सका। शिकायत मिलने के बाद गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर पुलिसकर्मी की तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद गौड़ की मोटरसाइकिल सदर कोतवाली के अमहट नदी के घाट पर बनी चौकी के पास से मिली। पुलिस के मुताबिक, नदी में गोताखोरों को उतार कर तलाश की गई लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत ने बताया कि उपनिरीक्षक अजय गौड़ के लापता होने की सूचना पर परिवार से संपर्क किया गया और मिली शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# कुएं में मिले गौवंश के अवशेष

## इलाके में मचा हड़कंप, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज



सिद्धार्थनगर- सदर थाना क्षेत्र के देवपुर गांव में एक प्राचीन कुएं से गौवंश के अवशेष मिलने से शनिवार को इलाके में हड़कंप मच गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कुएं से गौवंश का सिर और खाल बरामद की है। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे को बजरंग दल कार्यकताओं से देवपुर गांव के एक पुराने कुएं में गौवंश के अवशेष पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बृजेश पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद सदर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने मौके पर कुएं की घेराबंदी कर जांच शुरू की, जिसमें कुएं के अंदर से गौवंश का सिर और खाल बरामद हुई। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में भी चर्चा का विषय बन गई। किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती। इस मामले में ग्राम प्रधान की ओर से सदर थाने में तहरीर दी गई है। तहरीर में अज्ञात लोगों द्वारा जानबूझकर गौवंश के अवशेष कुएं में फेंके जाने की आशंका जताई गई है। ग्राम प्रधान ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं काफी पुराना है और गांव की पहचान से जुड़ा है, जिससे इस घटना से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने मामले की जांच के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया है। वेटनरी डॉक्टर द्वारा बरामद अवशेषों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अवशेष किस पशु के हैं और घटना कितने समय पहले की है।

## मिशन शक्ति बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित



श्रावस्ती। अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेज- 5.0 के अंतर्गत बहू-बेटी सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 08 फरवरी 2026 को जनपद के 05 विभिन्न स्थानों पर संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 650 बहू-बेटियों ने सहभागिता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का सशक्त संदेश प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, जनपद श्रावस्ती श्री मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में किया गया। सम्मेलनों के माध्यम से बहू-बेटियों को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, उनके अधिकारों, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्ध सहायता संसाधनों तथा आत्मनिर्भरता के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया, जहाँ महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन के दौरान आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के उपयोग की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीमों एवं महिला बीट अधिकारियों ने बहू-बेटियों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने, कानून एवं पुलिस प्रशासन पर विश्वास बनाए रखने तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए निरंतर जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। जनपद श्रावस्ती पुलिस मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से प्रत्येक बहू-बेटी तक सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध

## मोहाना थाना पुलिस ने दस हजार के 2 इनामी आरोपी गिरफ्तार



मोहाना सिद्धार्थनगर। जिले की मोहाना थाना पुलिस ने क्रिकेट विवाद में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों आरोपियों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया। यह मामला 4 जनवरी 2026 का है। ग्राम सभा भुजौली टोला लिलाडिहवा की निवासी सावित्री देवी ने मोहाना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि क्रिकेट खेलने के दौरान उनके बेटे से हुए विवाद के बाद आरोपियों ने रंजिश पाल ली थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सावित्री देवी के घर पर हमला कर दिया था। इस हमले में सावित्री देवी, उनके बेटे और परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला किया और घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में कुल पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान तीन अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, चाटू उर्फ राजेंद्र और रामकरन फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह की सिफारिश पर इन दोनों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से रविवार को झंगटी मोड़ के पास से दोनों फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चाटू उर्फ राजेंद्र पुत्र नरेश लोध और रामकरन पुत्र डिप्टी, निवासी भुजौली टोला लिलाडिहवा, थाना मोहाना के रूप में हुई है। क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान ने बताया कि अभियुक्त रामकरन के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट से संबंधित एक मामला दर्ज है। उक्त गिरफ्तारी अभियान में चौकी प्रभारी ककरहवा उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार और कांस्टेबल पिंटू सरोज भी शामिल रहे।

## बजट विकसित भारत की नींव : समीर सिंह



सिद्धार्थनगर- शनिवार को सिद्धार्थनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की। उन्होंने इस बजट को देश के समग्र विकास की मजबूत नींव बताया और कहा कि इसमें स्वास्थ्य एवं शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंह ने बताया कि बजट में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। ये उपाय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और इनके दूरगामी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रवक्ता ने उत्तर प्रदेश के लिए इस बजट को विशेष रूप से लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशाल जनसंख्या, रोजगार की आवश्यकताओं और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अस्पतालों का उन्नयन और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। समीर सिंह ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर के लिए घोषित विशेष पैकेज को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह पैकेज छोटे और मध्यम उद्योगों को नई ऊर्जा देगा। इसके माध्यम से उद्योगों को पूंजी, तकनीक और बाजार तीनों स्तरों पर मजबूती मिलेगी, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का भव्य समापन



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में नेशनल मेडिकोज ऑगेनाईजेशन अवध प्रांत द्वारा आयोजित 6वीं गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का भिनगा स्थित जूनियर हाईस्कूल में भव्य समापन हुआ। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश की उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पाण्डेय, एनएमओ अवध प्रांत के अध्यक्ष डॉ0 संदीप, गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सचिव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। माननीय उपाध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य मेले में सेवा दे रहे चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अपर्णा यादव ने कहा कि नेशनल मेडिकोज ऑगेनाईजेशन एवं गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास द्वारा आयोजित यह सेवा यात्रा अब जनसेवा का सशक्त अभियान बन चुकी है। यह उन वंचित वर्गों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है, जो आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक कारणों से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का सतत प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहने पाए। इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत 7 फरवरी तक श्रावस्ती जिले के भारत-नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए गए। समापन दिवस पर जूनियर हाईस्कूल भिनगा के खेल प्रांगण में विशाल स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ, जहां लखनऊ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए चिकित्सकों ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया। साथ ही स्तन कैंसर, हेपेटाइटिस, बीपी एवं शुगर की जांच के साथ महिलाओं व बच्चों को स्वच्छता एवं माहवारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ0 मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किशोरी की मौत पर पुलिस के बयान से रोष

## नग्न अवस्था में नाले से 8 फुट दूर मिला शव , ग्रामीणों ने मानने से किया इनकार

जिला संवाददाता



**कठेला सयममाता सिद्धार्थनगर**। जनपद के कठेला समय माता थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी अंशिका की मौत का मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी उलझता जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के आधार पर मौत का कारण डूबना बताया गया है, पर अंशिका के लापता होने का स्थान, शव मिलने की जगह, तारीख और घटनास्थल की परिस्थितियाँ इस निष्कर्ष पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। वहीं ग्रामीण इसे सामान्य हादसा मानने को तैयार नहीं हैं और पूरे मामले को संदिग्ध बता रहे हैं। अंशिका तीन फरवरी को कठेला समय माता थाना क्षेत्र के धोबहा, पठानडीह टोला डिहवा स्थित अपने घर से लापता हुई थी। वह अपने चाचा रामनरेश के साथ रहती थी। अंशिका के माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक, तीन फरवरी को अंशिका अचानक घर से निकली और वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उसकी तलाश की, लेकिन दो दिनों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। नाले से 8 फीट दूर मिला मृतका की शव इलाके में मंचा हड़कंप पशु चराने गए ग्रामीण ने देखा इसके बाद पांच फरवरी, गुरुवार को कठेला जुनूबी गांव के टोला पोखरभिटवा के पास सिकरी नाले के समीप किशोरी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीण जब पशु चराने नाले की ओर गए, तो उन्होंने झाड़ियों के बीच एक किशोरी का शव पड़ा देखा। शव नग्न अवस्था में था और नाले से करीब 8 से 10 फुट दूर घास-फूस और झाड़ियों में पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर कठेला समय माता पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। * उठाए गए 5 सवाल यहां पहला सवाल यह उठता है कि यदि मौत डूबने से हुई, तो शव नाले के भीतर नहीं बल्कि उससे 8 से 10 फुट दूर झाड़ियों में कैसे मिला। ग्रामीणों का कहना है कि शव की स्थिति से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि वह पानी में डूबने के बाद वहीं तक पहुंचा हो। आशंका जताई जा रही है कि शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया हो सकता है। दूसरा अहम सवाल नाले की गहराई को लेकर है। ग्रामीणों के अनुसार जिस सिकरी नाले में डूबने की बात कही जा रही है, वहां पानी की गहराई महज लगभग एक फीट थी। इतनी कम गहराई में 16 वर्षीय किशोरी की डूबकर मौत होना लोगों को समझ में नहीं आ रहा है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतनी कम गहराई में डूबने से मौत कैसे संभव है। तीसरा सवाल शव की हालत को लेकर है। अंशिका का शव नग्न अवस्था में मिला, जबकि उसके कपड़े और जूते अलग स्थान पर बरामद किए गए। यदि अंशिका नहाने के उद्देश्य से नाले तक गई थी, तो वह पूरी तरह निर्वस्त्र क्यों थी।

## हत्याकांड का खुलासा,चार आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के बनुहिया बुजुर्ग गांव में हुए हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी, चैनल की रॉड और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी 2026 की सुबह गांव के दक्षिण स्थित एक बाग में मनोज कुमार (पुत्र स्वर्गीय दयाराम) का शव मिला था। घटना की सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मृतक की परिजन सुमित्रा देवी की तहरीर पर खेसरहा थाने में संबंधित धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में एक संयुक्त टीम गठित की गई। इस टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र और सर्विलांस टीम शामिल थी। टीम ने वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए अनिल यादव और चैतू यादव को मरवटिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, सुजीत यादव और कलावती को बांसी-बेलौहा मार्ग स्थित चूटी पुल के पास से पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लगभग 20-22 दिन पहले ई-रिक्शा से टक्कर को लेकर मनोज और हरिओम के बीच विवाद हुआ था। यह विवाद बाद में रंजिश में बदल गया। इसी दुश्मनी के चलते हरिओम ने अपने पिता अनिल और भाई सुजीत को मुंबई से बुलाया। परिवार के साथ मिलकर उन्होंने मनोज के सिर पर वार किया और उसे मृत समझकर मौके से फरार हो गए। अस्पताल ले जाते समय मनोज की मौत हो गई थी।

# शिक्षा की मजबूती में राष्ट्रीय विकास व सुरक्षा को मिलती है शक्ति : प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने समारोह पूर्वक किया शिक्षाविद पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का अनावरण

जिला संवाददाता




**प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के साहबगंज स्थित सुखपतिराम इण्टर कालेज के प्रांगण में रविवार को विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं कई विद्यालयों के प्रबंधक रहे शिक्षाविद् स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र की प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य स्व. रामकिशोर मिश्र के सुपुत्र अनिल प्रकाश मिश्र व पौत्र रक्षामंत्रालय में संयुक्त निदेशक योगेश मिश्र की मौजूदगी में जैसे ही सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिमा का लोकार्पण किया पाण्डाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल के साथ पं. सुखपतिराम उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान को लेकर विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गान एवं मां सरस्वती की वंदना भी आकर्षक दिखी। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. रामकिशोर मिश्र ने एक आदर्श शिक्षक तथा कुशल प्रधानाचार्य एवं विद्यालयों के प्रबंधन के जरिये सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार को मजबूत दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही देश का विकास तथा समृद्धि उत्तरोत्तर मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ ने स्वतंत्रता संग्राम में प्रखर भूमिका निभाई। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विद्या के दान के लिए प्रतापगढ़ जिला पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के योगदान का भी सदैव ऋणी रहेगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्से में आज युद्ध के हालात हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ने ही हमें अपनी राष्ट्रीय सम्प्रभुता की सुरक्षा की भी शक्ति प्रदान कर रखी है। उन्होंने शिक्षाविदों से कहा कि भावी पीढ़ी को सुदृढ़ भविष्य सौंपते हुए भारत की अजेय शक्ति का शंखनाद जारी रखें। आयोजन समिति की ओर से संयोजक अनिल प्रकाश मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्र, शशिप्रकाश मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र व अरूण प्रकाश मिश्र ने सांसद प्रमोद तिवारी को स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। प्रारम्भ में आईएस अधिकारी योगेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य मनोज मिश्र ने स्वर्गीय पं. रामकिशोर मिश्र के व्यक्तित्व पर कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रो. अरूण प्रकाश मिश्र ने किया। पूर्व प्रधानाचार्य डा. शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने पं. रामकिशोर मिश्र स्मृति संस्कृतकाव्य सम्मान पत्र का वाचन किया। वहीं कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी ने समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, डा. अवधेश कुमार मिश्र, लाल गीतेश्वरप्रताप सिंह, विधिदेव शुक्ल, श्यामलाल गुप्ता, शिवप्रताप सिंह, प्रो. विनोद खोब्रागडे, योगेश्वर उपाध्याय, संजय कुमार मिश्र को आयोजन समिति की ओर से स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। समारोह में प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केशव ओझा, डा. शक्तिकुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, उपप्रधानाचार्य जगदीश नारायण मिश्र, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर डा. नागेन्द्र अनुज, अजीत सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, आशुतोष मिश्रा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, अधिवक्ता देवी प्रसाद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, हाईकोर्ट के अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, रामलखन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष के भाषण पर बवाल, चार नामजद

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव से पहले सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के यूपी प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली चौधरी के कथित विवादित बयान के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। मामला सड़क से लेकर थाना, तहसील और प्रशासन तक पहुंच गया। गुरुवार को डुमरियागंज क्षेत्र के जबजौवा, भुईगांवा और चकमझारी में आयोजित जनसभाओं में दिए गए कथित बयान का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दैनिक भास्कर वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद विभिन्न संगठनों और हिंदू समाज के लोगों में नाराजगी देखने को मिली। वायरल वीडियो में एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली पर निजी, सामाजिक और धार्मिक संदर्भों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। साथ ही राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मयार्दा लांघने वाली भाषा और खुली चुनौती देने की बातें भी वीडियो में कही गई हैं। आरोप है कि इन बयानों से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई।

संक्षेप

## पांच के विरुद्ध एससी एसटी का मुकदमा दर्ज

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के परशूपुरा चैराहे पर नाश्ते की दुकान पर नाश्ते के बाद मग्गा से पानी पीने पर एक व्यक्ति को जाति सूचक गाली-गलौज कर जेब में रखे 3 हजार 5 सौ रुपए निकाल लेने का पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 5 नामजद लोगो के विरुद्ध पांच माह बाद एससी एसटी एक्ट की सहित अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र के ग्राम परशूपुरा निवासी राम सिंह पुत्र दीना नाथ ने न्यायालय में दिये शिकायती पत्र में बताया है कि 1सितम्वर की देर शाम साढे 7 बजे के एल कोल्ड स्टोर से आलू बीनकर जा रहा था परशूपुरा चैराहे पर स्थित आरोपित की दुकान पर नाश्ता रूक कर करने लगा और नाश्ते के बाद डिब्बा उठाकर पानी पीने लगा इसी बात पर नामजद आरोपित जाति सूचक गाली-गलौज कर मार पीट की। आरोपितो की दुकान के सामने से एक सप्ताह पूर्व निकलने पर पकड लिया और लात घूसो से मार पीट कर जेब में रखे 3 हजार 500 रुपए अजय व तन्नू ने निकाल लिये।पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अजय कुमार पुत्र राम किशोर, तन्नू व तमस पुत्रगण धर्मेन्द्र सक्सेना, आशीष पुत्र शैलेंद्र, अरविंद पुत्र राम दुलारे निवासीगण ग्राम परशूपुरा थाना बकेवर के विरुद्ध एस सी एस टी एक्ट सहित अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। जिसकी विवेचना सीओ भरथना रामवदन मौर्य द्वारा की जायेगी।

## तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चकरनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत लगभग छह माह पूर्व मंदबुद्धि देवर के साथ कूटरचित फर्जीवाड़ा करते हुए एक गांव के दो लोग व एक बैनामा लेखक ने मिलकर संपूर्ण भूमि का बैनामा करवा लिया था। पीड़िता भाभी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संबधित पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों की धरपकड़ शुरू कर दी है। थाना चकरनगर के गांव गौहानी निवासी पीड़िता संगीता देवी पत्नी स्व. जगत सिंह ने थाने में शिकायत देते हुए बताया कि नामजद मनोज कुमार व गुलाब सिंह पुत्रगण कैलाश बाबू निवासी गौहानी थाना चकरनगर व तीसरे बैनामा लेखक राम प्रकाश पुत्र हरीप्रकाश निवासी रामनगर करोंधी थाना बकेवर ने एक राय होकर अविवाहित मंदबुद्धि देवर रविन्द्र सिंह को गुमराह करते हुए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड व पैनकार्ड के बगैर ही संपूर्ण भूमि का बैनामा करवा लिया था ।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों नामजदों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों की धरपकड़ शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वृहद साक्षरता सेवा शिविर के आयोजन

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 22 फरवरी को आयोजित होने वाले बृहद साक्षरता सेवा शिविर के आयोजन के अनुक्रम में 7 फरवरी को जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में समस्त प्रशासनिक अधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

# नवागत एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने कैंट क्षेत्र में किया पैदल गश्त

### सुरक्षा व्यवस्था परखी, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



गोरखपुर ।गोरखपुर जिले के नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ जनपद में कार्यभार संभालने के बाद से ही लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने थाना कैंट क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाजार, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिस की तैनाती, यातायात व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों की जानकारी ली। एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर प्रभावी गश्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण देना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए और लोगों से संवाद बनाकर रखें। पैदल गश्त के दौरान एसएसपी ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी, क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक कैंट संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर से निकली किशोरी लापता

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर राजी टोला की रहने वाली बारह वर्षीय एक अल्पब्यस्क किशोरी शाम को घर से निकली मगर वापस न आने पर किशोरी के पिता के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। भगवानपुर खास राजी टोला निवासी संजीव कुमार पुत्र नन्दलाल ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि दिनांक 7 फरवरी दिन शनिवार को शाम लगभग 6 बजे के आसपास मेरी बारह वर्षीय बेटी घर से कुछ काम से घर से निकली देर रात तक वापस न आने पर काफी खोजबीन की कुछ पता न चलने लिखित सूचना देकर चिलुआताल पुलिस को घटना से अवगत कराया पुलिस अजात के खिलाफ केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दो दुकानों का ताला तोड़ कर नगदी समेत हजारों की चोरी

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना के सरहरी चौकी अंतर्गत महराजगंज कस्बे में शनिवार की रात चोरों ने अगल बगल स्थित दो दुकानों का ताला तोड़ कर 33 हजार रुपए नगदी समेत हजारों रुपये सामान चुरा ले गये। रविवार को सुबह घटना की जानकारी होने पर 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। क्षेत्र के ठाकुरपुर नंबर एक के केसरिया टोला निवासी सुमंत प्रजापति एवं विस्टौली निवासी रवि कशौधन की महराजगंज कस्बे में अगल बगल श्रृंगार प्रसाधन एवं फूटवियर की दूकान है ।दोनों लोग शनिवार की शाम करीब 8.30 बजे दुकान बंद कर घर चले गये। रविवार सुबह जब सुमंत दुकान खोलने पहुंचे तो उनके तथा रवि के दुकान का ताला टूटा था ।अंदर गये तो सामान बिखरा हुआ था ।जिसकी सूचना रवि को देने के साथ डायल 112 पर फोन कर पुलिस को दिए ।सुमंत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गल्ले में रखा बीस हजार रुपये नगद समेत 12500 रुपये के तीन नोटों से बना माला, अन्य सामान एवं लैपटाप चोर चुरा ले गये ।वहीं रवि ने तहरीर देकर बताया कि उसके दुकान से तीस हजार रुपए से अधिक के सामान चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस के जांच में घटना स्थल से करीब चार सौ मीटर की दूरी पर स्थित बागीचे में कुछ जूते, परफ्यूम एवं श्रृंगार प्रसाधन के कुछ खाली डिब्बे मिले हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## प्रधान के भतीजे ने गोली मारकर की आत्महत्या

इटावा। शनिवार को जिस घर में शहनाइयों की तैयारी और गोद भराई की रस्म के गीत गूंज रहे थे, उसी घर में रविवार सुबह मातम पसर गया। ऊसराहार क्षेत्र के कोएता सरैया गांव में ग्राम प्रधान के भतीजे ने गोद भराई के ठीक अगले दिन अवैध तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव गांव के बाहर खेत में मिलने से इलाके मं सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ओमबाबू उर्फ नीलू के रूप में हुई है। वह ग्राम प्रधान अजब सिंह का भतीजा और अपने पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों के मुताबिक नीलू की शादी औरेया जिले के एरवाकटरा क्षेत्र के जसवंतपुर गांव की युवती से तय हुई थी। शनिवार को दोनों पक्षों की मौजूदगी में गोद भराई की रस्म भी पूरी कर ली गई थी। परिजनों का कहना है कि रस्म के दौरान नीलू ने किसी तरह की नाराजगी जाहिर नहीं की थी, लेकिन इसके बाद से वह कुछ अलग अलग और परेशान सा नजर आने लगा था। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है। आत्महत्या के कारणों की गहन जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की शासी की बैठक




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें जिलाधिकारी ने ग्रामीण आशा के चयन और परिवार नियोजन के अंतर्गत महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी में लोगों को जागरूक करने और जहां नसबंदी के केस कम है वहां पर सुधारे तथा इंट्रा इंजेक्शन प्रोग्रेस के अवेयरनेस एजुकेशन पर काम करिए और पार्टनर एजेंसी से भी सहयोग लीजिए और संस्थागत प्रसवों के बारे में उन्होंने कहा है कि सरकारी अस्पताल में सेवा अच्छी और विश्वसनीय होगी तो वहां लोग जाएंगे वहां पर हाल ठीक-ठाक हो ओटी क्लीन हो और वहां पर अच्छी केयर हो और डिलीवरी रूम वार्ड साफ सुथरा होता तो वहां पर लोगों की संख्या बढ़ेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सीरियस एनीमिया के केस पर विशेष ध्यान देना चाहिए जो फील्ड वर्कर हैं उसको प्रोत्साहित करें आयरन का सप्लीमेंट बढ़ाएं और जो आने वाले समय में मां बनेगी उनको आयरन की टेबलेट दे और उन पर विशेष फोकस करें। और उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह की 9, 16 एवं 24 तारीख को होगा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जिसमें विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हो और इसमें प्रचार-प्रसार का भी काम करना चाहिए और जो भी डिफिशिएंसी है उसको दूर करें और सफाई का पर फोकस करें। उन्होंने कहा है कि टीवी पर जो नोटिफिकेशन कम हो रहे हैं उसमें सेंपलिंग को बढ़ाना चाहिए जब सैंपलिंग बढ़ेगी तभी नोटिफिकेशन ज्यादा होगी इसलिए सैंपलिंग पर विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि प्रधानमंत्री का सपना टीवी मुक्त देश बनाने का है। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार, सीएमएस पुरुष डा. पारितोष शुक्ला समस्त एमओआईसी सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के नव गठित जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

### -शिक्षकों पर बढ़ रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए संघर्ष की ठोस रणनीति बनाना होगा : जगदीश पांडेय ठकुराई

चरगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराइ गुट की नव गठित जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक रविवार को एमएसआई इंटर कॉलेज गोरखपुर के सभागार में जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संघ के मुख्य प्रांतीय संरक्षक जगदीश पांडेय ठकुराई ने संबोधित करते हुए कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्ताव रखा कि शिक्षकों पर बढ़ रहे उत्पीड़न और विद्यालयों की अचल संपत्तियों से होने वाली आय के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस रणनीति बना कर संघर्ष करना होगा। श्री जगदीश पाण्डेय ठुकराई ने आगे कहा कि, शिक्षा निदेशक माध्यमिक के स्पष्ट आदेश है कि जो भी शिक्षक या कर्मचारी 6 माह से अधिक समय से निलंबित हैं उन्हें पचहत्तर प्रतिशत जीवन निर्वाह भत्ता देना होगा परंतु इस आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी प्रकार अचल संपत्तियों को अपनी पैतृक संपत्ति समझते हुए अधिकांश



प्रबंधक मनमाना व्यवहार कर रहे हैं और प्राभूत कोष में उससे होने वाली आय को जमा कराने के बजाए अनाप सनाप खर्च कर रहे हैं।इसके खिलाफ भी कार्यवाही कराने के लिए संगठन को जिला विद्यालय निरीक्षक को मांग पत्र दिया जाएगा यदि उनके स्तर से कार्यवाही नहीं हुई तो जिलाधिकारी, मंडलायुक्त एवं अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा स्तर तक प्रकरण ले जाया जाएगा। फिर भी समाधान नहीं हुआ तो जनता के बीच इस मुद्दे को रखने के लिए प्रधान संघ का सहयोग लिया जाएगा जिसके जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ही है। संरक्षक के उपरोक्त प्रस्तावों का सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

बैठक को प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दत्त पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष राम जी बागी, जिला आय व्यय निरीक्षक सुभाष यादव, जिला संगठन मंत्री सुधीर सिंह, महानगर अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, महानगर मंत्री शशांक शेखर सिंह, संयोजक महिला प्रकोष्ठ डॉ क्षमा पांडे, व्यावसायिक प्रकोष्ठ संयोजक संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष रितेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अवनींद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉ दिनेश गौतम, अनंत मौर्य,संयुक्त मंत्री शैलेश पांडे, जिला मीडिया संयोजक पन्नेलाल गुप्ता, तहसील प्रभारी सदर सुश्री अंशिका, तहसील प्रभारी चौरी चौरा महेश पासवान, महानगर उपाध्यक्ष दीपक शाही, प्रधानाचार्य गुलाब साहनी, नर्वदेश्वर गुप्ता, ने भी संबोधित किया। इस बैठक में संगठन के पदाधिकारी/सदस्यों अशोक तिवारी, वकील अहमद मुर्तजा हुसैन, विनीता ठाकुर, अरुण ठाकुर मुन्ना, राजेश कुमार सिंह, डॉ कमलेश त्रिपाठी, विनीत सिंह, डॉ दिलशाद अहमद, ज्योति पाण्डेय सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव ने किया।

## अधिशासी अभियंता दीपक गुप्ता ने किया फीडर का शुभारंभ



इटावा। जसवंतनगर में दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड पर भारी व मध्यम उद्योगों को 24 घंटे निर्वाण विद्युत आपूर्ति के लिए पृथक औद्योगिक फाइटर का शुभारंभ अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार व दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। जसवंतनगर क्षेत्र में उद्योगों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने काफी समय से अनवरत रूप से प्रयासरत थे। श्री गुप्ता का इटावा रोड पर एक बड़ा राइस मिल है जो दिन भर में पावर ब्रेकडाउन के कारण विद्युत आपूर्ति दिन में केवल 15 से 16 घंटे ही रह जाती है। श्री गुप्ता ने अधीक्षण अभियंता इटावा, मुख्य अभियंता कानपुर व शक्ति भवन जाकर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें की तथा कई ज्ञापन भी दिए थे। इस बीच तीन अधीक्षण अभियंता भी बदल गए परंतु वर्तमान अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव व अधिशासी अभियंता कृष्णा कुमार ने व्यक्तिगत रूप से विशेष रुचि लेकर सीमित संसाधनों के बावजूद प्रथक फीडर बनाने में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नए औद्योगिक फीडर बनाने में अवर अभियंता कौशल पांडे फीडर मैन बॉबी तथा सर्वेश कुमार ने लगातार मेहनत करके लाइन बनाई व उनके प्रयासों से ही प्रत्येक फीडर बनाना संभव हो सका। नए पृथक औद्योगिक फीडर बनने से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय आदित्यनाथ योगी के उद्योगों को 24 घंटे निर्वाण विद्युत आपूर्ति देने की घोषणा भी पूरी होती है। पृथक औद्योगिक फीडर लाइन बनने से भारी व मध्यम उद्योगों को 24 घंटे निर्वाचित आपूर्ति होने का होने का होने पर स्थानीय उद्योगपतियों व व्यापारियों ने विद्युत विभाग की भूरि भूरि प्रशंसा की है। उक्त अवसर पर आशीष गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, मुन्नालाल माहौर, अनूप सिंह शाक्य, दुर्गा प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे।

# छात्रों ने आयोजित किया विदाई समारोह



गोला, गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र स्व. ज्ञानदास राय इण्टर कालेज बनकटा गोला गोरखपुर में रविवार के दिन कक्षा 11 के छात्रों द्वारा इण्टरमीडिएट के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें कक्षा 11 के छात्रों ने 12 वीं के सभी छात्रों को तिलक लगा और उनके ऊपर फूल बरसा कर उनका स्वागत किया । विदाई कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के सफल एवं सुखद भविष्य हेतु सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन और हवन किया गया ।तत्पश्चात प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह विदाई एक प्रक्रिया है और जीवन में आगे बढ़ने हेतु एक दिन पिछली हर चीज को छोड़ कर आगे बढ़ना पड़ता है। प्रबंधक अनिल राय , प्रबंधिका निर्मला राय और प्रबंध निदेशक सौरभ राय ने अपने सम्बोधन में छात्रों को सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। विदाई कार्यक्रम को शिवशंकर, सत्येंद्र पांडेय, पंकज,सच्चितानंद, प्रदीप आदि शिक्षकों ने भी संबोधित किया। मंच संचालन वैष्णवी और सृष्टि ने किया। स्कूल से विदा हो रही आंचल,श्वेता,रोमा, उषा, सरिता आदि छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा किया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं,छात्र गण आदि उपस्थित रहे।

# देवपति सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



चरगांवा, गोरखपुर ।पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व जन सम्पर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे ब्रह्मानंद सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय देवपति सिंह की छठवीं पुण्य तिथि पर शाहपुर स्थित आवास विकास कॉलोनी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनकी स्मृति मे जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी महाराणा प्रताप प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के० चौधरी,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार,सहित उनके पुत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह,उनकी पुत्र वधू श्रीमती सुमन सुमन सिंह,रोहन राज सिंह,अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एआरटीओ कार्यालय में अवैध वसूली पर बवाल

इटावा। सहायक संभागीय विभाग (एआरटीओ) कार्यालय में लाइसेंस के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। पहले कार्यालय के अंदर मारपीट हुई और बाद में एक कार में आग लगा दी गई। हैरानी की बात यह रही कि कार्यालय के बाहर इतना बड़ा हंगामा होता रहा और जिम्मेदार अधिकारी को इसकी जानकारी तक नहीं लगी। पूरा मामला अब पुलिस जांच के दायरे में है। एआरटीओ कार्यालय में आम लोगों के काम तय सरकारी शुल्क पर आसानी से नहीं होते थे। कार्यालय के बाहर सजी अस्थायी दुकानों पर ही लोगों को बताया जाता था कि अगर काम जल्दी और बिना परेशानी कराना है तो अतिरिक्त पैसे देने होंगे यही बैठे लोग कागजात अंदर ले जाकर काम कराते थे और तय शुल्क से ज्यादा रकम वसूली जाती थी। एआरटीओ प्रदीप कुमार का कहना है कि कार्यालय के अंदर क्या हुआ इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उनके अनुसार काम में आग लगने की सूचना उन्हें बाद में मिली। दलाली के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कार्यालय में कौन दलाल है और कौन आम व्यक्ति, यह पहचानना मुश्किल है।

## ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक परिवार के पांच लोग घायल

बुलंदशहर । जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में रविवार को चार्जिंग के दौरान ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घटना नेहरूपुर मोहल्ले में सुबह करीब पांच बजे हुई, जब घर में चार्ज की जा रही ई-रिक्शा की बैटरी अचानक फट गई और उसमें आग लग गई। इलाके के निवासी पवन ने बताया कि विस्फोट के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे और आग घर में फैलने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान रोशन लाल, मीनाक्षी, रोहित कुमार, अंजलि और अंजलि के नवजात बेटे के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जिले में सीटीईटी सफलतापूर्वक संपन्न



इटावा। सीबीएसई सीटीईटी परीक्षा जिले में 16 परीक्षा केंद्रों संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, सेंटमेरी इंटर कॉलेज, ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज, नारायण कॉलेज ऑफ आर्ट्स, अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज, थियोसोफीकल इंटर कॉलेज, सुदिति ग्लोबल इंटर कॉलेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एमनीव विजन, डिवाइन लाइट इंटर कॉलेज, एपीएस इंटर कॉलेज, एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल, पुलिस मॉडर्न स्कूल, रेडवुड ग्लोबल इंटर कॉलेज एवं सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में सफलतापूर्वक दो पालियों में कराई गई।

सीटीईटी परीक्षा के लिए जिले में कुल 20 हजार परीक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया था ! जिसमें 90 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी ! परीक्षा के दोनों ही दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह 7.30 बजे से परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी ! प्रवेश द्वार पर पहचान पत्र की जांच मेटल डिटेक्टर से तलाशी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की थी ताकि परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके ! पहली पाली में जूनियर स्तर की परीक्षा सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई जबकि दूसरी पाली में प्राथमिक स्तर की परीक्षा संपन्न हुई ! सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद ने बताया कि परीक्षा को सफल बनाने में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार का पूर्ण सहयोग रहा। सीबीएसई के असिस्टेंट सेक्रेटरी रवींद्र कुमार, आशीष गर्ग, नरेश कुमार, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद ने भी सभी केंद्रों का निरीक्षण किया।

## साउंड बजाने पर पड़ोसी ने पीटा

इकदिल, इटावा। गांव बालमपुर के रहने वाले इंशात पुत्र अमृत लाल ने अपने पड़ोसी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह वह अपने घर परीक्षा की तैयारी के लिए पढ़ाई कर रहा था तभी उसका पड़ोसी तेज आबाज में साउंड सिस्टम चला रहा था। जब पीड़ित ने आबाज कम करने का तो गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने अपने बेटे और पत्नी के साथ एक राय होकर मारपीट की।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना। एडमिन यूनिट / जोन: लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य / पू०उ०रे०; नीलामी सूची सं./ लॉट सं.: MPS-LJND-02-26; नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 06.02.2026 समय 16:33 बजे; नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 23.02.2026 समय 10:00 बजे; नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 23.02.2026 समय 10:50 बजे; नीलामी का प्रकार: Close Ended; वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in
सहायक वाणिज्य प्रबंधक
मुजाधि / वा०-251 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

## Notice

I Ravindra Kumar Agarwal s/o Late Banarsi Das residing at 55 Purana Kila, Babu Banarsi Das Nagar, Lucknow 226001, Uttar Pradesh confirm that my name written as Ravindra Agarwal and now Ravindra Kumar Agarwal is one and the same person.

## सूचना

सूचित हो कि मैंने एक कच्चा प्लाट मौजा-लडाकापुरवा जे.ए. परगना व जिला बांदा जिसका गाटा सं.-1203 में क्रय किया था जो उपनिबन्धक कार्यालय बांदा में दिनांक 28.03.2009 को पंजीकृत हुआ था जिसका जिल्द सं.-3093 पृष्ठ सं. 71 से 90 पर क्रमांक 1745 को विक्रेता श्रीमती कोयली पत्नी राम सेवक नि.मु.कालू कुआ शहर बांदा से क्रय किया था। जिसकी रजिस्ट्री के कागजात वापी से वापस आते समय बांदा रेलवे स्टेशन पर कहीं खो गए हैं। इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। **श्रीमती संगीता देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार नि. ग्राम महोखर परगना व जिला बांदा।**

संक्षेप

## हादसे में बालक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर की एक महिला अपने भतीजे के साथ सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। अलीगंज रोड पर बस को ओवरटेक करने के दौरान बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिसमें 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। रायपुर निवासी गीता देवी पत्नी स्व. राजेन्द्र, अपने भतीजे करन (10) पुत्र श्रीपाल के साथ बाइक से जा रही थीं। दोपहर करीब 12 बजे अलीगंज रोड पर आगे चल रही बस को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गीता देवी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल करन को भी उपचार के लिए ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## वृद्ध पर किया जानलेवा हमला

चकरनगर, इटावा। थाना के मितरौली निवासी 60 वर्षीय वृद्ध सोनवीर सिंह पर शनिवार देर शाम कस्बा के बीच चैराहे पर गांव के ही दो नामजद लकड़ी माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले के बाद मौके पर भीड़ जुटती देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी केन्द्र भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना चकरनगर के गांव मितरौल निवासी घायल वृद्ध के पुत्र नीरज सिंह ने बताया कि उनके पिता भरथना क्षेत्र से एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही दो नामजदों ने कस्बा चैराहे पर उन्हें रोककर बेरहमी से मारपीट की और मौके से भाग निकले। भीड़ और पुलिस के पहुंचने पर घायल को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों की टीम ने स्थिति नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित का आरोप है कि बेटा वन विभाग में केटल गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। आरोपी यमुना नदी क्षेत्र में रेत का अवैध खनन व लकड़ी कटान करते हैं, जिनके खिलाफ विभाग की ओर से पहले भी एक-दो बार कार्रवाई हो चुकी है। इसी रंजिश से क्षुब्ध होकर आरोपियों ने बदले की नीयत से उनके वृद्ध पिता पर हमला किया। उधर, पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर एक आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्राथमिकि दर्ज कर ली और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, दो सवार घायल

जसवन्तनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान 50 वर्षीय प्रमोद निवासी ग्राम नगला विशुन और 35 वर्षीय हरगोविंद निवासी ग्राम सिसहाट के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित चार की मौत



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे में आयोजित समारोह में सामिल होकर आटो से घर लौटते समय बसंतापुर पुलिया के पास एक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आटो सवार नौ लोगों में से तीन मासूम बच्चों सहित चालक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार रात करीब 12:45 बजे धौरहरा से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे इसराइल उर्फ जीशान (30) निवासी रसूलपुर थाना खमरिया आटो से अपने गांव ऊंचगांव थाना खमरिया वापस लौट रहे थे। घने कोहरे के चलते आटो बसंतापुर गांव के पास पुलिया से टकराकर पलट गया। जिसके खुशबू (12), अबूतालिब (5) और अजरा (2) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक इसराइल उर्फ जीशान की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। इसके अलावा किस्मतुन (45), साकिया (20), सादिया (22), निदा (10), अकील (18) निवासी ऊंचगांव थाना खमरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी धौरहरा भेजा जहां डाक्टर ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## जुलाई माह में जिले में आयेगा ज्योति कलश रथ



लखीमपुर खीरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार जनपद लखीमपुर खीरी की जिला समन्वय समिति की गोष्ठी रविवार को नगर के गोला रोड स्थित श्री वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ पर सम्पन्न हुई। गोष्ठी को मुख्य अतिथि अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने संबोधित कर वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिले द्वारा शताब्दी समारोह बैरागी द्वीप हरिद्वार में लिए गए संकल्पों की समीक्षा कर संबंधित अभियानों और कार्यक्रमों के संचालन संबंधी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया जिले में 05 जुलाई से 25 जुलाई की तिथियों में (21 दिनों के लिए) जन्म शताब्दी ज्योति कलश रथ जिले के गाँव-गाँव में भ्रमण करेगा। जिला समन्वयक ने गायत्री तपोभूमि मथुरा में हो रहे गायत्री मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की। गोष्ठी में राकेश कुमार पांडेय को सर्व सहमति से बिजुआ ब्लॉक का समन्वयक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद ने संकल्पों को निष्ठापूर्वक पूरा करने के लिए सभी कार्यकताओं से अपील की। इस दौरान उदय सिंह, जिला सह-समन्वयक गण देशराज राठौर, एस के वर्मा, मुरलीधर वर्मा वर्मा सहित, ईसानगर ब्लॉक के राकेश यादव, मुरलीधर मौर्य, लवकुश वर्मा, कृष्णकांत शुक्ला, श्रीराम वर्मा, रामेश्वर चौहान, राम शंकर मौर्य, सुमन वर्मा, लक्ष्मी देवी, किरन अवस्थी, केके मौर्य सुपर 50 युवा टीम के अनुभव कटियार, प्रज्ञा वर्मा, प्रियांशु वर्मा, राजकिशोर वर्मा, यज्ञदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फाटक खुला, सायरन बजा... सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने उठाये सवाल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखीमपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग का एक वीडियो रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें ट्रेन के नजदीक आने के बावजूद फाटक पूरी तरह बंद न होने की स्थिति दिखाई दे रही है। वीडियो दोपहर करीब ढाई बजे का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि बैरियर गिरने से पहले बजने वाला सायरन लगातार बज रहा है, लेकिन इस दौरान कई लोग रेलवे क्रॉसिंग पार करते नजर आ रहे हैं। कुछ वाहन भी फाटक के बीच से निकलते दिखाई दे रहे हैं, जिससे संभावित हादसे की आशंका को लेकर लोगों में चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते फाटक बंद न हो और लोग इसी तरह लापरवाही बरतें तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वीडियो सामने आने के बाद रेलवे फाटक की कार्यप्रणाली और मौके पर मौजूद कर्मचारियों की सतर्कता पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि इस वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जांच करने पहुंचे जॉइंट डायरेक्टर




मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में खड़े कीमती सागौन के पेड़ चोरी से काट लिए जाने के मामले में प्रधानाचार्य पर गम्भीर आरोप लगे थे वन विभाग के अधिकारियों की टीम ने जांच के दौरान मामला सही पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई हैं घटना को लेकर जॉइंट डायरेक्टर जांच को लेकर कालेज पहुंचे हैं। मोहम्मदी के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन दिन पहले कॉलेज के परिसर में खड़े कीमती सागौन के पेड़ कट जाने के बाद वन विभाग के अधिकारी और पुलिस जांच को कॉलेज पहुंचे तभी प्राचार्य द्वारा कॉलेज का प्रवेश द्वार अंदर से बंद कर जांच टीम के अधिकारियों पर आइडेंटी कार्ड मांग की गई थी जिस पर उच्च अधिकारियों के कड़े रूख के चलते बा मुश्किल अधिकारी कॉलेज परिसर में दाखिल हो पाए थे उन्होंने प्राथमिक जांच के दौरान भारी मात्रा में कीमती पेड़ काटे जाने की जांच कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित की थी। रविवार को जॉइंट डायरेक्टर ने कॉलेज पहुंचकर छुट्टी के दिन बच्चों से पूछताछ के लिए कॉलेज बुलाया है। अधिकारियों ने जांच के दौरान मीडिया से दूरी बनाकर कॉलेज का गेट अंदर से बंद कर दिया है। जॉइंट डायरेक्टर विजय सिंह ने बताया शिकायत के बाद पहुंचने पर तमाम बिंदुओं की जांच की गई है पेड़ कटने के मामले की जांच वन विभाग कर रहा है प्रथम दृष्टया प्राचार्य पर लगे आरोप सही पाए गए कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

## रमाबाई अंबेडकर की बुद्ध बिहार में मनायी जयंती

इटावा। बुद्ध बिहार डॉ भीमराव अंबेडकर सिविल लाइन में त्याग की मूर्ति माता रमाबाई की 128वीं जयंती



बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

जयंती के अवसर पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम के मंडल प्रभारी अभिषेक आजाद, जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुंदरम बौद्ध इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन, समाजसेवी दिवारीलाल आदि लोगों ने माता रमाबाई, माता रमा के रूप में याद किया और उनके संघर्ष मय जीवन को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान किरन मेहरा बौद्ध, कुसुमा बौद्ध, शीतल गौतम, रूपा बौद्ध,सुमन बौद्ध, कान्ती राव बौद्ध आदि महिलाओं ने संयुक्त रूप से माता रमाबाई के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि माता रमाबाई का जन्म 7 फरवरी 1898 को हुआ था। वे बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी थीं और उनके कठिन शैक्षणिक व सामाजिक संघर्षों में उनकी सबसे बड़ी शक्ति बनी रहीं। उपस्थिति रहे सरनाम सिंह समाजसेवी दिवारी लाल, रवि गौतम, अजय चैधरी, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता भंते बुद्ध रतन की और संचालन किरण मेहरा ने किया।

## मनरेगा बचाओ संग्राम से गांव-गांव तक दस्तक

### कांग्रेस ने लगायी चौपाल सुनीं समस्याएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक बांकेगंज की चतुर्थ के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आधा दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। गांव-गांव पहुंची टीम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए मनरेगा कार्यों की वर्तमान स्थिति, भुगतान में हो रही देरी, काम की उपलब्धता और पंचायत स्तर पर आ रही दिक्कतों पर चर्चा की। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बताया कि मनरेगा मजदूरों का कानूनी अधिकार है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या भेदभाव की स्थिति में आवाज उठाई जानी चाहिए। इस दौरान पार्टी की आगामी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में उतरने की मंशा भी सार्वजनिक रूप से व्यक्त की गई। इस पर उपस्थित ग्रामीणों ने सहमति जताते हुए समर्थन का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा और अन्य योजनाओं के सही क्रियान्वयन के लिए सक्रिय प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। अभियान के तहत ग्राम रोशन नगर, अम्बरपुर, भगतपुर, रामपुर, बरगदिया, लक्ष्मणपुर, शंकरपुर एवं अंगदपुर सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क किया गया। जगह-जगह चैपाल लगाकर मजदूरों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और समाधान के लिए सामूहिक प्रयास का भरोसा दिलाया गया। इस मौके पर रघुनंदन राज पासी (ब्लॉक अध्यक्ष, बांकेगंज), मेवाराम प्रजापति, राधेश्याम गौतम, फिरोज खान, रामलखन कोरी, सलमान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए : सांसद

### शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित एसपी इंटरनेशनल स्कूल का आगाज




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा के उद्देश्य से एसपी इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक सोच और बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को सराहा।

शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। खीरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों की जिज्ञासा, प्रतिभा और सपनों को दिशा देने वाली होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे अपने व्यक्तित्व का विकास कर ऊंचे पदों तक पहुंचकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में बच्चों पर बस्ते का अनावश्यक बोझ कम कर रचनात्मक और व्यवहारिक शिक्षा देने की आवश्यकता है। विद्यालय इसी दिशा में कार्य करेगा। विद्यालय के संचालक बृज स्वरूप उर्फ बीटू पटेल एवं प्रिंसिपल अजय कृष्ण आनंद ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की शारीरिक, मानसिक और संस्कारिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा दी जाएगी, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी मंच पर स्वयं को सहज महसूस करें। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत तीनों भाषाओं के संतुलित ज्ञान पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी के महत्व के साथ भारतीय भाषाओं और संस्कृति का ज्ञान भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी कलाकारों ने शिक्षा और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को प्रेरणादायी बना दिया।

इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरजन लाल वर्मा, प्रहलाद पटेल, विनोद वर्मा, सत्य स्वरूप पटेल टीटू भैया, सत्यराम वर्मा लल्लन भइया, अशोक कनौजिया, राजीव पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, प्रमुख विमल वर्मा, प्रो. रामअवतार विश्वकर्मा, अशोक वर्मा, पटेल सुशील, वारिस अली, सभासद इजरानं, नानक चंद, हरिओम, मूलचंद वर्मा, आनंद वर्मा, सर्वेश वर्मा, आशीष वर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

## बाइकर्स गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। तीन माह पूर्व 22 नवंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम फुलरई के पास कार सवार ग्रामीण से मारपीट कर सोने की चेन लूटने वाले बाइकर्स गैंग के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई है, जबकि अभी दो लुटेरे पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि 22 नवंबर को ग्राम फुलरई निवासी गणेश दुबे पुत्र विष्णुकुमार दुबे अपनी जैगुआर कार से इटावा से गांव लौट रहे थे। जैसे ही उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अपनी दुकान के सामने कार रोकी और बाहर उतरे, तभी दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ मारपीट करते हुए सिर पर किसी वस्तु से प्रहार किया और उनके गले से करीब 18 ग्राम वजनी सोने की चेन लूट ली। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार बदमाश मलाजनी की ओर से उनकी कार का पीछा कर रहे थे और तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हुए अभद्र शब्दों का प्रयोग भी कर रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और बाइक नंबर प्लेट के आधार पर चार आरोपियों की पहचान की थी।

## जैन मंदिर में एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



इटावा। शहर के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा में रविवार को तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य सुबल सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में एक दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही तथा संपूर्ण वातावरण भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया।प्रातःकाल विधिविधान से श्रीजी का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात केसर मिश्रित पवित्र जल से शांति धारा आचार्य श्री के मुखविंद से बोली गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर नमन किया। तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक करने का सौभाग्य अर्पित जैन परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि शांति धारा का सौभाग्य राजीव जैन किराना, बंटी जैन परिवार को मिला।इसके बाद मौसमी, अनार, अंगूर, नारियल पानी एवं पंचामृत जैसे पवित्र रसों से अभिषेक का क्रम संपन्न हुआ। इस पुण्य कार्य का सौभाग्य नमन जैन भाईजी, राजू जैन, शैलेष जैन, संतोष जैन एवं पीयूष जैन को प्राप्त हुआ। प्रतिमा पर पुष्प वर्षा करने का सौभाग्य चिंटू जैन को मिला। जल से अभिषेक सौरभ जैन, वैभव जैन, मोहित जैन, महेश जैन, सौरव जैन एवं गौरव जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज के चित्र का विधिवत अनावरण एवं दीप प्रज्वलन मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा किया गया। इसके पश्चात आचार्य सुबल सागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में अहिंसा, संयम, तप, त्याग और आत्मशुद्धि के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य श्री ने कहा कि वर्तमान समय में धर्म ही मानव जीवन को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। प्रवचनों को श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित्त होकर श्रवण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में समाज एवं राष्ट्र कीसुख-समृद्धि, शांति और मंगल कामना की गई। आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## विधायक ने की नुक्कड़ बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। त्रिलोक गिरि मंदिर प्रांगण में आगामी 22 फरवरी को प्रस्तावित छोटी काशी शिव उत्सव महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, मंच प्रबंधन और प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मंथन किया गया। जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, मंदिर समिति और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखते हुए जिम्मेदारियों के स्पष्ट बंटवारे पर सहमति जताई। वक्ताओं ने कहा कि शिव उत्सव महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा प्रमुख आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और प्राथमिक उपचार जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक अमन गिरि ने कहा कि आयोजन को अनुशासित, सुव्यवस्थित और जनसहभागिता के साथ संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी समन्वय बनाकर तय दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करने का आह्वान किया। भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरी उर्फ मोंटी ने कहा कि यह महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, जिसे सभी के सहयोग से भव्य रूप दिया जाएगा। बैठक में ट्रैफिक रूट डायवर्जन, स्वयंसेवकों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन से समन्वय, सूचना प्रसार और भीड़ नियंत्रण की रणनीति पर भी चर्चा की गई। आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीमों के गठन पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, मंदिर समिति के सदस्य, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## ओबीसी समाज ने की आपात बैठक

### आपत्तिजनक वीडियो के विरोध में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर स्थित पटेल संस्थान में राजीव पटेल की अध्यक्षता में ओबीसी समाज की आपात बैठक आयोजित हुई, जिसमें एक कथित वायरल वीडियो को लेकर नाराजगी जताई गई और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में गोला निवासी डॉ. पीयूष शुक्ला द्वारा ओबीसी समुदाय के प्रति अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस मामले में प्रमाण सहित शिकायती पत्र कोतवाली गोला को सौंपा गया है और मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। वक्ताओं ने बलिया जनपद के इब्राहिमपुर में विवेक पटेल हत्याकांड का भी उल्लेख करते हुए प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ लोगों द्वारा जातीय वैमनस्य फैलाने की कोशिश की जा रही है, जिसे समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि पूर्व में यूजीसी के समर्थन में पटेल संस्थान व ओबीसी महासभा द्वारा दिए गए ज्ञापन के विरोध में उक्त वीडियो बनाए जाने का आरोप है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि वीडियो की जांच कर दोषियों पर विधिक कार्रवाई की जाए। सूचना पर पुलिस टीम पटेल संस्थान पहुंची और शिकायती पत्र प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच की जा रही है। बैठक में राजीव पटेल, जिला महासचिव शिवम पटेल, विशाल वर्मा, कपिल वर्मा, युवा मंच जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, विशाल पटेल, अंकुर वर्मा, सुशील वर्मा, सुरजन लाल वर्मा, अशोक कनौजिया, रामनिवास वर्मा, दीपू वर्मा, अजय वर्मा, पंकज वर्मा, विकास वर्मा, हरिओम कनौजिया, शोभित वर्मा, आदेश कुमार, अश्वनी वर्मा, लक्ष्मी चंद, मनीष कुमार, संजीव वर्मा, प्रधान श्याम देव वर्मा, प्रमोद वर्मा शेरू, दिव्यांश वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में अष्टांग योग शिविर का आयोजन



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस के जवानों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए अष्टांग योग एवं आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर को डॉ. एस.पी. सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मैनपुरी ने प्रस्तुत किया शिविर का उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने हेतु आयुर्वेद एवं योग के वैज्ञानिक सिद्धांतों से अवगत कराना था। डॉ एस.पी. सिंह द्वारा बताया गया कि गलत आहार-विहार, दिनचर्या एवं विचारों से हटकर किया गया व्यवहार ही अधिकांश रोगों का मूल कारण बनता है। यदि व्यक्ति अपनी बुद्धि, इंद्रियों और मन का सही उपयोग करे, तो रोगों से बचाव संभव है। डॉ एस.पी. सिंह ने बताया की महर्षि चरक के सूत्र प्रज्ञा अपराधों ही सर्व रोगडणाम मूल कारणम इसका मतलब प्रज्ञा मतलब बुद्धि अपराध मतलब गलत काम हमारे पास बुद्धि होते हुए भी हम गलत कार्य कर रहे हैं यह उन्होंने 3500 साल पहले बताया था हम लोग आज इसको भूल गए तो बीमारी ले रहे हैं, शिविर में अष्टांग योग के अंतर्गत यम-नियम, आसन एवं उनके व्यावहारिक पक्षों को सरल भाषा में समझाया गया।

संक्षेप

## शिवाकांत जिलाध्यक्ष व ओंकारनाथ बने जिला महामंत्री

**आजमगढ़।** भगत सिंह इंटर कालेज हाफिजपुर में उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रमेश कुमार भारती की देख रेख शुरू हुआ। सुबह दस बजे से 11 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। तत्पश्चात 11 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन पत्रों की जांच चुनाव अधिकारी रमेश कुमार भारती ने किया। जांच के दौरान सभी नामांकन वैध पाए गए। किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं किया गया। जिसमें शिवाकांत यादव को जिलाध्यक्ष, ओंकारनाथ को जिला महामंत्री, राजेंद्र चैहान को जिला कोषाध्यक्ष, अखिलेश यादव को जिला संगठन मंत्री, जिलाजीत को जिला संप्रेक्षक निर्वाचित किया।

## 3 वारंटियों को भेजा जेल

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से रविवार को तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस दिए जाने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर इंद्रवार गांव निवासी वारंटी कृष्ण कुमार सिंह तथा रतेह गांव निवासी माधव चौरसिया व चिन्ता चौरसिया को एसआई त्रिलोचन प्रताप सिंह, एसआई मूलचंद वर्मा हेड कांस्टेबल संतोष यादव कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में दो अलग-अलग गांवों से तीन वारंटियों गिरफ्तार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लक्ष्मी का स्वागत

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर के अम्बेडनगर स्थित संतोषी विश्वकर्मा शिक्षण संस्थान परिसर में रविवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा सिल्पकार महासभा के नवनियुक्त कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लक्ष्मी विश्वकर्मा का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने और संचालन डॉ.दिनेश विश्वकर्मा ने किया। सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में लक्ष्मी विश्वकर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित और रोजगारोन्मुख बनाना आवश्यक है, ताकि वे सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे सकें। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लक्ष्मी विश्वकर्मा ने समाज को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और समाज में एकजुटता लाने का संकल्प व्यक्त किया। विश्वकर्मा ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा ने लक्ष्मी विश्वकर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार विश्वकर्मा, राहुल शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, अंगद विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, गंगा सागर विश्वकर्मा, एड0सूरज विश्वकर्मा, हरदेव, महेन्द्र, संजय, प्रदीप, राहुल, चन्द्रशेखर, महेन्द्र विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य समाजजन उपस्थित रहे।

# जमीन हड़पने के लिए जानलेवा हमला

## छह लोग गंभीर रूप से घायल, चक्का जाम



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मीरपुर में दबंगों के एक गिरोह ने जमीन हड़पने की साजिश में एक पक्ष के युवक को घर बुलाकर उसपर जानलेवा हमला कर दिया। बचाने के लिए गई महिलाएं और पुरुषों को भी पीटकर जख्मी कर दिया। दबंगई से त्रस्त ग्रामीणों ने शाहगंज बाईपास पर चक्का जाम कर दबंगई का विरोध जताया। घटना रविवार सुबह लगभग 8:30 बजे की है। सावन कुमार मौर्य उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र जय सिंह मौर्य अपने घर पर मौजूद थे। एक व्यक्ति चल रहे विवाद को बातचीत से हल करके निपटा लेने के बहाने बुलाकर विपक्षी के घर ले गया। जैसे ही सावन दबंग के घर पहुंचा वैसे ही उसपर चाकू लाठी डंडे से हमला कर दिया गया।घटना की जानकारी जब सावन के परिजनों को लगी तो सभी लोग भाग कर वहां पहुंचे, जहां उनके पुत्र को बेरहमी से पीटा जा रहा था। परिजनों को देखकर दबंगों ने उनपर भी जानलेवा हमला कर दिया। मौके पर पहुंची सावन की मां किरण देवी नानी प्रेम देवी उम्र लगभग 75 वर्ष पत्नी शिवाजी मौर्य नीरज मौर्य पुत्र शिवाजी मौर्य धीरज मोर्य को भी पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायल जमीन पर गिरकर तड़प रहे थे। सूत्र बताते हैं कि जिस समय दबंग घटना को अंजाम दे रहे थे बड़ी संख्या में लोग तमाशाई बने देख रहे थे। दबंग घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। तब लोगों ने सभी घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले गये। दबंगों ने इतनी बुरी तरह से पीटा है कि किरण देवी का हाथ और पैर दोनों टूट गया है। इस घटना में घायल सभी लोगों की हड्डियां कहीं ना कहीं से टूट गई है। घटना के बारे में बताया गया है कि किरन देवी की माता प्रेम देवी के नाम एक कीमती जमीन है जिसको दबंग जबरदस्ती हथियाना चाहता है। पीड़ित किरण देवी का कथन है कि आज की घटना के पूर्व यह विवाद लगभग ढाई साल से चल रहा है। दबंगों द्वारा कई बार उसके परिवार पर हमला किया गया है जिसमें पुलिस द्वारा हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण आज घटना घटित हो गई। लगातार दबंगों द्वारा हो रही घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने चौकिया चौराहे शाहगंज जौनपुर मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध जता रहे और दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। चक्का जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। फिलहाल यह कहना कुछ गलत नहीं होगा कि स्थानीय थाने की पुलिस और चौकिया पुलिस इस क्षेत्र में जमीनी विवाद में जमकर लाभ लेने के चक्कर में विवाद बढ़ाने में कुछ कम नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही सूबे के मंत्री गिरीश चंद यादव जो शहरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी हैं जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल चाल लिया। कुछ ही देर में जिलाधिकारी एसपी सिटी समेत कई पुलिस के आला अधिकारी भी पहुंच गए। सभी अधिकारियों ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस घटना में घायल सावन कुमार मौर्य को गंभीर चोट लगने के कारण ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। परिजनों का यह भी आरोप है की हमलावरों ने घायलों का मोबाइल फोन भी छीन लिया है और बाइक भी तोड़ दिया है। इस क्षेत्र में हो रही लगातार घटने से संपूर्ण क्षेत्रवासी दहशत के साए में जी रहे हैं।

## सांड ने वृद्ध को पटक कर मार डाला

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में शौच के लिए गए वृद्ध को सांड ने पटक पटक कर मार डाला। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि उक्त गांव निवासी श्याम नारायण सिंह उम्र 80 वर्ष शनिवार घर से शौच के लिए खेत में गए हुए थे। वापस लौटते समय सांड ने उन पर हमला कर कई बार जमीन पर पटक दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग व ग्रामीण दौड़े और आवारा सांड वहां से भाग निकला। हमले में घायल वृद्ध को वहां से उठाकर घर लाया गया जहां कुछ नहीं देर बाद उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

## क्विज प्रतियोगिता में बच्चों में दिखा उत्साह

**दुद्धी, सोनभद्र।** ब्लॉक दुद्धी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान/गणित विषय की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई।इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10 विजेताओं में कार्तिक कुमार (क. वि. विंढमगंज),पलक शर्मा (क. वि. दुद्धी) नवनीत कुमार (उ. प्रा. वि. धूमा),गुलनाज परवीन (क. वि. दीघुल),संध्या कुमारी (क. वि. जोरुखांड मध्य),प्रिंस कुमार (बै.. विंढमगंज), रागिनी कुमारी (बै.. विंढमगंज), सौम्या कुमारी (बै.. दीघुल), आयुष कुमार (बै..गुलालझरिया), अवरोज फातिमा (बै.. दीघुल) शामिल रहे। कार्तिक कुमार एवं पलक शर्मा दोनों बच्चों ने 94 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम ने कहा कि बच्चों में प्रतियोगिता की स्वस्थ भावना का विकास होना चाहिए। क्विज प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों, उनके सम्मानित शिक्षकगण, कक्ष निरीक्षक एवं कॉपी जांचकर्ता सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## ओबरा में जघन्य हत्या निंदनीय

**सोनभद्र।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर तिवारी ने ओबरा में हुई जघन्य हत्या की तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ओबरा में अपराध की स्थिति बेहद चिंताजनक और खतरनाक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि खनन और औद्योगिक क्षेत्र जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन जब इन क्षेत्रों से जुड़े व्यवसायी ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो निवेश, रोजगार और विकास पर गंभीर असर पड़ेगा। डॉ. तिवारी ने प्रशासन से मांग की कि अब केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस, कठोर और परिणाम देने वाली कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ओबरा नगर पंचायत और रावर्ट्सगंज नगर पालिका जनपद का सबसे संवेदनशील जगह है, ऐसी जगह पर रात की गस्त बढ़ानी चाहिए और आए दिन होने वाली घटनाओं को गंभीरता से लेकर जनपद की पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार में अपराधी और माफिया बड़े पैमाने पर या तो मारे जा रहे हैं या जेल जा रहे हैं।

# करें योग, रहें निरोग, स्वदेशी अपनायें, देश बचायें

- पत्रकार, शिक्षक, डॉक्टर, वकील व्यवसायी के साथ ही योग साधकों को किया गया सम्मानित



**सोनभद्र।** पतंजलि योग परिवार द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोनभद्र बार सभागार में नियमित योग कक्षा का 12 वां वार्षिकोत्सव व सोनभद्र बार एसोसिएशन नई कार्यकारिणी सम्मान समारोह रविवार प्रातः कालीन योग कक्षा के पश्चात पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के कुशल मार्गदर्शक, संरक्षक, संयोजक के मार्गदर्शन व पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनाया गया। मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी तथा विशिष्ट अतिथि एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा व राज्य कार्यकारिणी सदस्य धीरज तथा मुकेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष/संरक्षक रमेश राम पाठक द्वारा की गई। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। दयानंद मौर्य, बहन पूनम व सावित्री द्वारा सुंदर योग गीत/स्वागत गीत/सूरज चैबे, अनिल चैरसिया, संकट मोचन द्वारा कठिन से कठिन योगाभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का सम्मान बार के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि के द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व महामंत्री योगेश कुमार द्विवेदी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद मिश्रा व कार्यकारिणी सदस्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता गण को अंगवस्त्र तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। योग को जन-जन तक पहुंचाने में सोनभद्र की मीडिया भाइयों में वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार पाठक का सम्मान राज्य प्रभारी व सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अंगवस्त्र व पुस्तक देकर किया गया। राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी जी द्वारा करें योग, रहें निरोग, स्वदेशी अपनाएं, देश बचाएं का संकल्प दिलाया गया। जिले व तहसील के पदाधिकारी के साथ संगठनात्मक बैठक कर मनोज कुमार सिंह को पतंजलि योग समिति का जिला संरक्षक तथा दिनेश कुमार पाठक को पतंजलि का जिला सह प्रभारी का दायित्व दिया गया। युवा भारत का तहसील प्रभारी वैभव शर्मा, राम पूजन, सूरज चैबे, हेमंत कुमार को बनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, युवा भारत जिला प्रभारी मयंक दुबे, किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव, महामंत्री विनोद कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, नगर संरक्षक शेष मणी तिवारी, शिवपूजन झा, रामकुमार त्रिपाठी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, राजाराम, राम नारायण गुप्ता, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी बहन पल्लवी, पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह, अमरनाथ मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता शेष नारायण दीक्षित, पूर्व महामंत्री राजीव सिंह गौतम, विनोद शुक्ला, पूनम सावित्री, इंदु, नीतू, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश कुमार पांडेय, विवेक कुमार पांडेय, गीता गौर, कीर्ति पांडेय, दिव्या सिंह, वर्षा त्रिपाठी, कंचन सहित तहसीलों दुद्धी, ओबरा, घोरावल, रॉबर्ट्सगंज के पदाधिकारी व योग साधक उपस्थित रहे।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 840 मरीजों का परीक्षण



**जौनपुर।** हिंदी भाषी फाउंडेशन के तत्वावधान में खुटहन विकास खण्ड क्षेत्र स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय डिहिया परिसर में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 840मरीजों के आंखों की निःशुल्क जांच तथा 525जरूरतमंदों को चश्मे और दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए योग्य मरीजों का पंजीकरण भी किया गया,जिनका मोतियाबिंद ऑपरेशन संस्था द्वारा निःशुल्क कराया जाएगा।

इस चिकित्सा सेवा को दिशा हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वेंकटेश श्रीवास्तव, सहायक अतुल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। हिंदी भाषी फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद सिंह (बंटी) ने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य जनमानस की सेवा है,इसी संकल्प के साथ हिन्दी भाषी फाउंडेशन निरन्तर कार्य कर रहा है। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति दृष्टि से वंचित न रहे। यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।ऐसे शिविरों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। संस्था द्वारा पहले भी ईशापुर इण्टर कॉलेज में 1450 व पट्टीनरेन्द्रपुर में736 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां और जरूरतमंद को चश्मा वितरित किए गए थे, साथ ही मरीजों के सफल ऑपरेशन भी किए गए थे। शिविर के सफल आयोजन में युवा नेता शिवम रजक,रंजित सिंह गुड्डू,पप्पू दुबे, प्रमोद सिंह, पिंटू फौजी, प्रिंस सिंह, रोहित सिंह, राजा सिंह, राम सिंह, अतुल सिंह, अभिषेक सिंह एवं प्रदीप मास्टर सहित अनेक सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## कृत्रिम दूध बनाने के रैकेट का हुआ खुलासा

**आजमगढ़।** जनपद के थाना देवगांव क्षेत्र में पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने केमिकलयुक्त कृत्रिम दूध बनाने के बड़े रैकेट का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान 200 लीटर कृत्रिम दूध, भारी मात्रा में अपमिश्रक पदार्थ और खतरनाक केमिकल बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका सहयोगी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, 07 फरवरी को उपनिरीक्षक सुभाष तिवारी प्रभारी चैकी लालगंज पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान काशी डेयरी, मिर्जाआदमपुर के प्रबंधक रजनिकान्त मिश्रा एवं अरविन्द शर्मा द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम सोफीपुर में दूध सप्लायर संतोष कुमार अपने मकान मालिक प्रमोद राय के साथ मिलकर केमिकल मिलाकर कृत्रिम दूध तैयार कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से दबिश दी। लगभग 16:05 बजे मौके से अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह, निवासी गोविन्दीगढ़ी, थाना सतरौली, जनपद एटा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मकान मालिक प्रमोद राय पुत्र रामबचन राय फरार हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि लालच में आकर वह टैंकर से असली दूध निकाल लेता था और उसमें केमिकलयुक्त कृत्रिम दूध मिलाकर डेयरी में सप्लाई करता था। निकाले गए असली दूध को प्रमोद राय स्वयं का बताकर डेयरी में बेच देता था। मौके से पुलिस ने करीब 200 लीटर कृत्रिम दूध, 100 लीटर अपमिश्रक मिश्रण, 40 लीटर केमिकलयुक्त रिफाइंड तेल, 45 किलो यूरिया, मेथनॉल, एथनॉल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड सहित कई खतरनाक रसायन, बड़े ड्रम, प्लास्टिक कंटेनर, पाइप और दूध निकालने का हैंड पंप बरामद किया है। इस संबंध में थाना देवगांव में मु0अ0सं0 54/2026 धारा 274, 275, 318(1) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही है। पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं लोगों ने इसे जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी कार्रवाई बताया है।

## चोर गिरफ्तार, चोरी का बकरा व बाइक बरामद

**मड़िहान/मीरजापुर।** थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर बीते 7 फरवरी 2026 को वादी लालजी यादव पुत्र शिवानन्द यादव निवासी मगरमुड़े थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध बकरी चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना मड़िहान को अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए रविवार को थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी रामाश्रय पुत्र स्व जवाहिर निवासी मराची थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मौके से चोरी की बकरी बरामद किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

## मुख्य वन संरक्षक ने मातहतों को दिया आवश्यक निर्देश

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** मुख्य वन संरक्षक सुशांत शर्मा ने रविवार को ड्रमंडगंज वन रेंज का निरीक्षण कर फसरों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मुख्य वन संरक्षक ने कटरा कंपार्टमेंट नंबर एक में बीस हेक्टेयर में कराए जा रहे अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। वन क्षेत्र में विगत वर्षों में रोपे गए पौधों के नदारद होने पर नाराजगी जताई। रेंजर वीरेंद्र कुमार और मौजूद वनकर्मियों को वनों व वन्य जीवों की सुरक्षा में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। मुख्य वन संरक्षक ने सुखड़ा पौधशाला में चार हेक्टेयर भूमि में तीन लाख सत्तानवे हजार अवशेष पौधों के साथ एक लाख वर्तमान आम, अमरुद, आंवला, महुआ, आंवला, चिलबिल, सागौन, कट सागौन, करंज बांस,नीम आदि प्रजाति के उगाए जा रहे पौधों का निरीक्षण किया।

# दुर्भावना से बनी फिल्में नाम बदलकर भी रिलीज न हों

- अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के प्रतिनिधि मण्डल ने फिल्म के खिलाफ आंदोलन को दिया समर्थन



**मीरजापुर।** किसी फिल्म का शीर्षक उसकी मूल भावना होती है। शीर्षक ही पूरे फिल्म का सार होता है। हाल ही में आयी फिल्म घूसखोर पंडत जिसका शीर्षक केवल आपत्तिजनक ही नहीं, यह बेहद अपमानजनक भी है। ऐसी भावना से बनी फिल्में नाम बदलकर भी रिलीज नहीं होनी चाहिए। फिल्में देश और समाज को दिशा देती हैं। ऐसे शीर्षक आधारित फिल्में अपनी सोच से समाज में विघटन उत्पन्न करती हैं। यह शीर्षक बेहद आपत्तिजनक है। यह बेहद दुःख और चिंता का विषय है कि फिल्म का मुहूर्त इन्ही बुद्धिजीवी विप्र समाज के लोगों से कराया जाता है फिर इन्ही को अपमानित करने की सोच के साथ ऐसी फिल्मे बनायी जाती है। जब तक फिल्म बनाने वालों को आर्थिक हानि नहीं होगी, तब तक ऐसी सोच पर आधारित फिल्में बनाना बंद नहीं होगी। जातियों में विभेद फैलाने की कोशिशें बढ़ी है। बृहद समाज में किसी भी जाति के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्हें अपमानित करने का कोई अधिकार नहीं है, उनके इतिहास और योगदान से सीखने की जरूरत है। आज ब्राह्मण समाज को दुर्भावना ग्रसित लक्ष्य पर रखा जा रहा है। अगर चुप रहे तो आगे यह विभेधात्मक और अपमानजनक कुत्सित प्रयास अन्य किसी भी जाति धर्म के साथ भी हो सकता है। वैश्य समाज ने सदैव सनातन संस्कृति और समाज में सद्भाव के लिए काम किया है। सामाजिक सद्भावना को बिगाड़ना वाले तत्वों के खिलाफ पूरा वैश्य समाज एकजुट हो ब्राह्मण समाज के साथ खड़ा है। विप्र समाज सदैव सनातन संस्कृति का अगवा रहा है उन्होंने समाज को राह दिखाने का काम किया है। उनका अपमान संपूर्ण देश का अपमान है जो सनातन संस्कृति को तोड़ने की साजिश है। ऐसी जाति सूचक शीर्षक पर आधारित फिल्म का वैश्य समाज विरोध करते हुए इसकी घोर निंदा करता है। ये बातें कहते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरी के साथ पदाधिकारियों ने विंध्याचल धाम में ज्योर्तिमठ के गौ प्रवक्ता पंडित शुभम मिश्रा एवं काली खोह मंदिर के प्रधानअर्चक आचार्य अगस्त मुनि द्विवेदी जी को अपना समर्थन पत्र सौंपा और केंद्र सरकार को संबोधित पत्र की छाया प्रति भी संलग्न की साथ ही इसके लिए होने वाले किसी भी आंदोलन में अपना पूर्ण सहयोग व समर्थन देने का वादा किया। इस दौरान अतिन कुमार गुप्ता, अनुज उमर भी उपस्थित रहे।

# सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 30 दिवसीय सौंदर्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन खुझी मोड प्रशिक्षण केंद्र पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉली जोशी और विशिष्ट अतिथि प्रो सरिता सिंह सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया ! स्वागत में ट्रस्ट कि अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने कार्यो का पूरा संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि डॉली जोशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओ को प्रमुखता से प्रशिक्षित करने का कार्य अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य है, हम शासन प्रशासन से निवेदन करेंगे ऐसे कल्याण कारी योजनाए जो सरकार द्वारा आयोजित होते हैं उसका भी सहयोग ट्रस्ट परिवार को मिलता रहे जिससे भविष्य में और विस्तृत रूप से कार्य किया जा सके। जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों और महिलाओ को जागरुक करना और उनके अधिकारों के लिए आगे आकर कार्य करना बहुत ही पुनीत कार्य है, । विशिष्ट अतिथि प्रो सरिता सिंह ने कहा बच्चियों और महिलाओ के लिए जो जरूरत होगी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता के द्वारा सभी बच्चियों एवं महिलाओ को किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ! प्रशिक्षण कार्यशाला के ट्रेनर के मुख्य रूप में सरोज गुप्ता, डिम्पल गुप्ता, पूजा पाल, सारिका, आंचल, नेहा नागर, चंदा गुप्ता, रही । प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत कुल 4 श्रेणी में प्रतियोगिता रखा गया था ! जिसमें बेस्ट मेकअप के लिए शिवानी प्रीति विश्वकर्मा, बेस्ट हेयर कट मे निकिता कन्नौजिया, श्रेया सोनकर, हेयर डू मे अंजलि नागर, चंचल नाविक बेस्ट स्किन में रोशनी प्रीति नाविक रही। संचालन अध्यक्ष मीरा अग्रहरी ने किया।

## डॉ. प्रतिभा सिंह बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि, से सम्बद्ध राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ.उर्मिला सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पी-एच.डी. उपाधि प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा डॉ. प्रतिभा सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी परीक्षा में सफलता अर्जित की।राज कॉलेज के पूर्व छात्र अश्वनी तिवारी ने बताया कि, डॉ.प्रतिभा की शोध मौखिकी परीक्षा शीर्षक स्त्री विमर्श में प्रमुख महिला कथाकारों (स्वातंत्र्योत्तर) का कथा साहित्य पर विवि के शोध सभागार में संपन्न हुई थी और कुलपति द्वारा नामित बाह्य विशेषज्ञ प्रो.सुनील विक्रम सिंह हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विवि थें। ज्ञात हो कि आजमगढ़ के करिया गोपालपुर की मूल निवासी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक एवं परास्नातक की उपाधि प्राप्त की और अब जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, पोर्ट ब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह) में नियुक्ति हुई है। इस उपलब्धि से बनारस, आजमगढ़ एवं जौनपुर के साथी शोधार्थियों में हर्ष एवं गौरव का वातावरण व्याप्त है।उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता अंजू सिंह, पिता रंजन सिंह, पति अतुल कुमार सिंह, भाई डॉ. ए. पी. सिंह तथा अपने समस्त गुरुजन के स्नेह, आशीर्वाद, मार्गदर्शन को दिया है। डॉ. प्रतिभा की यह सफलता युवाओं विशेषकर छात्राओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर राज कॉलेज के प्राचार्य प्रो.शंभूनाथ , विभागाध्यक्ष हिन्दी प्रोफेसर सुधा सिंह, डॉ.उर्मिला सिंह,डॉ.रागिनी राय ,डॉ.मधु पाठक, डॉ. रमेश सोनी, डॉ. महेन्द्र त्रिपाठी टी.डी.कॉलेज , इलाहाबाद विवि के प्रो. सुनील विक्रम सिंह , डॉ. प्रियंबदा सिंह, आशीष चैरसिया, शोधार्थियों में अश्वनी तिवारी, मनोज कुमार, अभिषेक गुप्त, पूनम तिवारी, शिक्षाविदों, में प्रसन्नता है।

## प्रतिभा प्रीमियर लीग पर प्रतिभा स्ट्राइकर का कब्जा



**आजमगढ़।** प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज द्वारा प्रतिभा प्रीमियर लीग का आयोजन सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ के ग्राउंड पर किया गया। प्रतियोगिता में कुल पाँच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन मुकाबला प्रतिभा पैंथर और प्रतिभा स्ट्राइकर के बीच खेला गया। प्रतिभा पैंथर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 52 रन बनाए, जिसके जवाब में प्रतिभा स्ट्राइकर ने 54 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच का शुभारंभ क्रिकेट कोच चंदन द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। यह मुकाबला प्रतिभा लायंस और प्रतिभा स्टार के बीच खेला गया। प्रतिभा लायंस ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए प्रतिभा स्टार ने आठ ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए, लेकिन बेहतर प्रदर्शन के चलते प्रतिभा स्टार ने 52 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला प्रतिभा स्टार और प्रतिभा स्ट्राइकर के बीच खेला गया। प्रतिभा स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 117 रन बनाए और 118 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रतिभा स्टार की टीम आठ ओवर में मात्र 41 रन ही बना सकी और प्रतिभा स्ट्राइकर ने खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच नीरज चैधरी, बेस्ट बैट्समैन नीरज चैधरी, बेस्ट बॉलर राजीव सोनकर, प्लेयर ऑफ द सीरीज राजीव सोनकर रहे। मैच के निर्णायक मंडल में आदित्य, बृजेश और सत्यम शामिल रहे। कार्यक्रम में कई विद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीईसी सरायमीर की प्रधानाचार्य डॉ. संध्या वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निरंतर मेहनत और अनुशासन से खिलाड़ी जिला, प्रदेश और देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं।

## कथावाचक डॉ. अजय पांडेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन

**लालगंज, मीरजापुर।** मुरघुरा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथावाचक डॉ अजय पांडेय महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने छप्पन भोग की विशेषता बताई। उन्होंने गोवर्धन पर्वत की महिमा और पूतना वध प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो और हरि बोल के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जिक्र किया। उन्होंने माखन चोरी और यशोदा मैया की ममता के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि बाल सुलभ चंचलता में ही भगवान का सहज स्वरूप छिपा है। छप्पन भोग के बारे में उन्होंने कहा कि यह भक्त के समर्पण का प्रतीक है। इसमें ईश्वर के प्रति पूर्ण निष्ठा झलकती है। गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि भगवान ने इंद्र के अभिमान को चूर किया। उन्होंने पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग सिखाता है कि भक्ति के सामने अहंकार टिक नहीं सकता।पूतना वध के प्रसंग में कहा कि भगवान ने शत्रु पूतना को भी मां का दर्जा दिया। उन्होंने उसे मुक्ति प्रदान की। यह ईश्वर की व्यापक करुणा को दर्शाता है। वह शत्रु में भी मातृत्व देखते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। कई भक्तों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर रामकिंकर दुबे और रामलाल दुबे उपस्थित रहे। रमाशंकर पटेल व कमला शंकर दुबे भी मौजूद रहे।

संक्षेप

## 197 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद, स्वामियों को लौटाया

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से जनवरी 2026 में जिले से खोए हुए कुल 197 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर सीसीटीएनएस प्रभारी को मोबाइल बरामदगी के निर्देश दिए गए थे। फरवरी 2024 से लगातार इस अभियान को जनपद में संचालित किया जा रहा है। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरामद किए गए।

# अयोध्या मंडल में 386 नये नलकूपों का हुआ निर्माण

अयोध्या। मंडल में सिंचाई विभाग के प्रयासों से किसानों के लिए खुशखबरी है। यहां हाल के आठ वर्षों में 386 नए राजकीय नलकूपों का निर्माण किया गया है, जिससे लगभग 51 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंचाई क्षेत्र में आए इस बड़े बदलाव से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता पंकज वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप हमने अयोध्या मंडल में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। 386 नए नलकूपों के निर्माण से न केवल असिंचित भूमि को पानी मिला है, बल्कि किसानों को समय पर और सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। इससे खेती की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और किसान अब बहु-फसली खेती की ओर बढ़ रहे हैं। हर नए नलकूप के साथ वृक्षारोपण अनिवार्य किया गया है। यह न केवल सिंचाई प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भी मिसाल पेश करता है। हमने पर्यावरण और कृषि दोनों को संतुलित रखने का प्रयास किया है। पंकज वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अपनाई गई आधुनिक तकनीक भी सराहनीय है। 101 राजकीय नलकूपों पर स्मार्ट तकनीक स्थापित की गई है, जिसमें रियल-टाइम निगरानी, जल प्रवाह का नियंत्रण और ऊर्जा खपत पर प्रभावी प्रबंधन शामिल है। स्मार्ट नलकूपों से हम दूरस्थ रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इससे अनावश्यक बिजली की बबार्दी रुकी है, पानी का सदुपयोग बढ़ा है और किसानों को बिना किसी रुकावट के सिंचाई मिल रही है। यह तकनीक न केवल कार्यक्षमता बढ़ाती है, बल्कि रखरखाव की लागत भी कम करती है। किसान सीधे लाभान्वित हो रहे हैं, क्योंकि अब पानी की कमी या अनियमित आपूर्ति की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। अयोध्या मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में इन नलकूपों ने क्रांति ला दी है। पहले जहां किसान महंगे डीजल पंपों पर निर्भर थे, अब सरकारी नलकूपों से सस्ती और विश्वसनीय सिंचाई मिल रही है। इससे फसल चक्र में सुधार आया है, गन्ना, धान, गेहूं जैसी फसलों के साथ-साथ सब्जियों और फलों की खेती भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार सिंचाई को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश स्तर पर भी हजारों नए नलकूपों का निर्माण और पुराने की मरम्मत हो रही है, लेकिन अयोध्या में यह प्रयास विशेष रूप से प्रभावी साबित हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं से किया संवाद, बजट की उपलब्धियां गिनायीं




अयोध्या।सर्किट हाउस परिसर में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान केंद्रीयकानून एवं न्याय राज्य मंत्री व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिलाओं सेसीधा संवाद कर केंद्रीय बजट2026 की प्रमुख उपलब्धियों और योजनाओं कीजानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं, आंगनबाड़ीकार्यकर्ता, शिक्षिकाएं और सामाजिक संगठनोंसे जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कियह बजट महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वरोजगारऔर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देनेवाला है। उन्होंने बताया कि सरकार नेमहिला उद्यमियों के लिए विशेषऋण सुविधाएं, एमएसएमई सेक्टर में प्रोत्साहन, कौशल विकास योजनाएं और स्वयं सहायतासमूहों को आर्थिक सहयोगदेने जैसे कई प्रावधान किएहैं। इससे ग्रामीण और शहरी दोनोंक्षेत्रों की महिलाओं कोरोजगार के नए अवसरमिलेंगे।मेघवाल ने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मेंसरकार ह्वनारी शक्तिह्व को विकास कीधुरी मानकर काम कर रही है।बजट में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सेजुड़ी योजनाओं पर विशेष जोरदिया गया है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं कालाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान पूर्वसांसद लल्लू सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महिलासंवाद कार्यक्रम की प्रदेश संयोजिका डा ममता पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोलीसिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला महामंत्रीराधेश्याम त्यागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, प्रतिमा शुक्ला, नेहातिवारी, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चौपाल में कचरा संग्रहण की विधि एवं स्वच्छता की दी गयी जानकारी



**बरहज,देवरिया।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत लक्ष्य फाउंडेशन एवं उद्धारक इंटरप्राइजेज के सदस्यों द्वारा बरहज नगर के वार्ड नंबर 18 पटेल नगर दक्षिणी पश्चिमी में कचरा संग्रहण की विधि एवं अपने आस पास स्वच्छता अपनाने के लिए चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया। बताया गया कि कूड़ा अलग करना कोई मजबूरी नहीं, बल्कि आपकी सेहत और सफाई की गारंटी है। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने से न केवल बीमारियां दूर रहेंगी, बल्कि उसका सही उपयोग और निपटान भी संभव होगा।मिला-जुला कूड़ा परेशानी बन जाता है और अलग-अलग रखा गया कूड़ा सफाई और संसाधन दोनों का साधन बनता है। साथ ही यह भी बताया गया कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, यह हम सबका कर्तव्य है।जब हर घर से साफ-सुथरा कूड़ा अलग-अलग निकलेगा, तभी हमारा शहर सच्चे अर्थों में स्वच्छ और सुंदर बनेगा।इस दौरान पालिका परिषद गौरा बरहज की अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप, अध्यक्षा श्वेता जायसवाल, डीपीएम यदवेश यादव, रत्नाकर तिवारी, शक्ति मिश्रा, एसवीएम प्रमुख शंभु दयाल भारती, वार्ड सभासद शुभम निषाद सहित प्रशिक्षक कुमारी संज्ञा, कुमारी किरण, शिवम निषाद, अतुल तिवारी, सुधीर सोनी एवं सफाईकर्मी वार्डवासी मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह योजना में 97 जोड़ों का संपन्न हुआ विवाह



सोहावल-अयोध्या। विधानसभा क्षेत्र बीकापुर में सोहावल की ग्राम पंचायत पंडितपुर में स्थिति रमणक विद्यालय स्थल पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लगभग 97 जोड़े ने शादी रचाई और एक दूजे के हो गए। नवविवाहित जोड़ों को बीकापुर विधायक डाक्टर अमित सिंह चैहान के साथ कई नेताओं और गणमान्य लोगों ने आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक ने कहा भाजपा के डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देती है। बल्कि उनके आत्म सम्मान को भी सशक्त करती है। बेटियां देश की शान हैं और भाजपा सरकार इनको पूरा सम्मान दे रही है। ऐसी योजनाएं यह प्रमाणित करती हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ नीतियाँ नहीं बनाती बल्कि जनता के सुख-दुःख की सहभागी बनकर उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। सभी जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित एक लाख रुपए की धन राशि में लगभग 30000 रुपये का सामान भी दिया गया। शेष नगद राशि खाते में स्थानांतरित की जायेगी। मौजूद अन्य लोगों में खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी रण विजय सिंह, भाजपा नेताओं में कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, अरुण तिवारी, मालेन्द्र तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और विवाहित जोड़े एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

# धन बाटे ढेर त धधाए के ना चाहीं : रमेश सिंह दीपक




देवरिया । नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया की द्वितीय रविवारीय काव्य गोष्ठी श्री प्रेम नारायण तिवारी की अध्यक्षता में शुरू हुई। क्षमा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वाणी वन्दना ₹आ जाओ मां शारदे करके सवारी हंस पर₹, के पश्चात प्रसिद्ध गीतकार दयाशंकर कुशवाहा ने ₹दिल टूटने का गम उनको नही हुआ मेरा हाल हो गया सब कुछ धुआं धुआं₹ गीत के माध्यम से श्रोताओं को वियोग श्रृंगार सागर में अवगाहन कराया। आगे गोपाल जी त्रिपाठी ने भोजपुरी गीत आइल आइल बसंत सरसाइल रे से सबको बसंती रंग में सराबोर कर वाहवाही बटोरी। माह के कवि के रूप में इनको अध्यक्ष जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित ने अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया।

इसके बाद रमेश सिंह दीपक ने भी भोजपुरी गीत धन बाटे त ढेर ना धधाये के चाही सुनायी। पार्वती देवी गौरा ने आज बसंत आयो सखि री हर डालिन फूल खिलावत है गीत से बसंत का स्वागत किया। गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए सच्चिदानंद सबेरा ने अइसे बढ़त रहि दहेज बेसुमरवा त कभी नाही बिटियन के लागि ना सेनुरवा, भोजपुरी दहेज गीत प्रस्तुत कर सबको गमगीन कर गोष्ठी को ऊंचाई दी। सौदागर सिंह ने हमरे अंगनवा में उतरल बा चांद गोरिया सुनायी। इसके बाद कवि गोष्ठी में उपस्थित कीर्ति त्रिपाठी, क्षमा श्रीवास्तव, शिखा गौड़, सीमा नयन सरोज कुमार पाण्डेय, कौशल किशोर मणि, लालता प्रसाद चौधरी, सुनील त्रिपाठी, डा एस एन मणि, नीरजा सिंह, आदि कवियों ने विविध भाव बोध और रस, छन्द से सुसज्जित रचनाएं प्रस्तुत किया। गोष्ठी का संचालन प्रीति पाण्डेय ने किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने श्रोताओं और कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इन्द्र कुमार दीक्षित, रवीन्द्र नाथ तिवारी, अंजनी उपाध्याय, सुबास राय पूर्व सभासद, जगदीश उपाध्याय, अरुण कुमार, ऋषिकेश मिश्र, सरोज कुमार पाण्डेय, पुण्यदेव मणि त्रिपाठी, उद्धव मिश्र आदि गणमान्य उपस्थित रहे। गोष्ठी का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## दो राज्यों के रोटरी क्लबों की संयुक्त बैठक सम्पन्न




**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब के दो अलग-अलग प्रांतों बिहार के रोटरी क्लब नरकटियागंज, डिस्ट्रिक्ट- 3250 एवं उत्तर प्रदेश के रोटरी क्लब कुशीनगर, डिस्ट्रिक्ट 3120 ने 'इंटर डिस्ट्रिक्ट-इंटर क्लब मीटिंग' का आयोजन रविवार को कुशीनगर के एक स्थानीय होटल में किया।

इस बैठक का उद्देश्य रोटरी सदस्यों के बीच आपसी मेलजोल एवं सामाजिक कार्यों में नए विचार, योजनाओं एवं उपलब्धि के विषय में चर्चा करना था। रोटरी क्लब नरकटियागंज के चार्टर अध्यक्ष पीएचएफ नर्वदेश्वर ओझा एवं रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली' ने सभी सदस्यों का आपस में परिचय कराया तथा आपस मे रोटरी फ्लैग का आदान- प्रदान किया। दोनों क्लबों ने अपने रोटरी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब नरकटियागंज के चार्टर अध्यक्ष पीएचएफ नर्वदेश्वर ओझा, सचिव मणि भूषण श्रीवास्तव, रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, सार्जेंट एट आर्म्स हेमंत गर्ग उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 84 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



अयोध्या। पूरा ब्लॉक मुख्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच 84 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत की। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम के साक्षी बने।

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा, ह्लप्रदेश सरकार की सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है। इससे बेटियों का विवाह बिना आर्थिक दबाव के हो पा रहा है।ह्व उन्होंने कहा, ह्लसरकार का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, ह्लयह कार्यक्रम सहयोग और संवेदनशीलता का उदाहरण है। सभी जनप्रतिनिधि मिलकर जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाएंगे।ह्व कार्यक्रम में प्रत्येक जोड़े को पायल, बिछिया, अटैची, पांच साड़ियां, बर्तन सेट सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की गईं। साथ ही शासन की ओर से 60,000 रुपये की अनुदान राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। मौके पर दिनेश मिश्र, प्रदीप सिंह, शारदा यादव, राजेश पाठक, देवता पटेल, बीडीओ अनुराग सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी रही।

## तदर्थ प्रधानाचार्यों के भविष्य को लेकर सरकार की चुप्पी पर सवाल



**कुशीनगर।** वर्षों से तदर्थ रूप में सेवाएं दे रहे प्रधानाचार्यों के स्थाईकरण को लेकर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद निर्णायक लड़ाई लडने के मूड में है। परिषद के प्रान्तीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने कहा कि शासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो प्रधानाचार्य परिषद आंदोलनात्मक

- तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थाईकरण को लेकर परिषद कटिबद्धः शैलेन्द्र दत्त
- सेवा पूरी, सम्मान अधूरा

राह अपनाने से भी परहेज नहीं किया जाएगा।उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रान्तीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल रविवार को कुबेरस्थान स्थित रघुनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे आयोजित प्रधानाचार्य परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि तदर्थ प्रधानाचार्यों का स्थाईकरण केवल नियुक्ति का नहीं, बल्कि सम्मान, गरिमा और सेवा-सुरक्षा का प्रश्न है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष मणि शंकर तिवारी के निर्देश पर 14 जनवरी 2026 को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा को वार्ता के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

उन्होंने आगे बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने 31 जनवरी 2026 को दिनेश पांडेय, अशोक द्विवेदी और रघुनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा ऐ। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थाईकरण से शासन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद कई प्रधानाचार्य ऐसे हैं, जो दीर्घ सेवा के बाद सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े हैं—ऐसे में उन्हें पद से हटाना न केवल अमानवीय, बल्कि शैक्षिक गरिमा के भी विरुद्ध होगा।

प्रांतीय महामंत्री ने यह गंभीर आरोप भी लगाया कि शासन के कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री को वास्तविक तथ्यों से पूरी तरह अवगत नहीं करा रहे हैं, जिससे यह समस्या अनावश्यक रूप से लंबित बनी हुई है। परिषद हर स्तर पर संघर्ष और संवाद के लिए तैयार है। बैठक को अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ देवेंद्र मानिक, जिला मंत्री गोविंद मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अशोक कुमार ने किया।इस अवसर पर दुर्ग दयाल तिवारी, विनोद तिवारी, सी.बी. सिंह, एस.पी. सिंह, गोविंद प्रसाद, साधु शरण पांडे सहित बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः प्रो. एस.पी. सिंह




अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा सामाजिक संस्था श्री नवदुर्गा ग्रामोत्थान सेवा संस्थान, अमेठी (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस. पी. सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत की अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन साहस, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। प्रो. सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह थोरी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, भाजपा अमेठी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का दूरदर्शी नेतृत्व शिक्षा सुधारों और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने वाला रहा। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विशिष्ट अतिथि श्री चंद्र मौली सिंह, मीडिया प्रभारी, भाजपा अमेठी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने ह्लएक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेह्व का दृढ़ संदेश देकर देश की अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रख्यात शिक्षाविद थे और कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति रहे। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार माना। कश्मीर मुद्दे पर उनका संघर्ष भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। प्रोफेसर देवेंद्र कुमार ने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने की उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला, वहीं प्रोफेसर सीताराम मिश्रा ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता के संतुलन पर उनके विचारों को रेखांकित किया। डॉ. विनोद कुमार दुबे ने कहा कि उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने औद्योगिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम को डॉ. रागिनी मिश्रा, डॉ. शशांक सिंह और डॉ. सत्यव्रत सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन अवधी लोक समूह समिति, अयोध्या एवं अमेठी लोक गायन समूह द्वारा किया गया।

कुमारी संध्या शर्मा द्वारा प्रस्तुत महिषासुर मर्दिनी एवं तांडव नृत्य ने दर्शकों कोछात्रों द्वारा लोकगीत और कविता पाठ भी प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का संचालन बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे, संस्था सचिव ने किया। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया।

## थाना जखौरा पुलिस ने चलाया साइबर क्राइम जागरूकता अभियान

ललितपुर (वीओएल)। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा रविवार को विशेष साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग, स्लेबरी (ऑनलाइन ठगी), आईडेंटिटी थेफ्ट जैसे अपराधों के तरीकों और उनसे होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को अवगत कराया। साथ ही, तेजी से बढ़ रहे डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने आमजन को सतर्क करते हुए बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें।

बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने, बिना पुष्टि किसी पोस्ट को साझा न करने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने तथा अपने अकाउंट के सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखने की सलाह दी गई। इसके अलावा कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी लालच, ऑफर या धमकी पर भरोसा न करने और सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व डिजिटल अकाउंट्स के लिए मजबूत पासवर्ड तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से सक्रिय रखने पर जोर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि यदि कोई साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या बेवसाइड पर ऑनलाइन शिकायत करें। इसके अतिरिक्त नजदीकी थाना या डायल-112 पर भी सूचना दी जा सकती है, ताकि साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर वित्तीय नुकसान को रोका जा सकें। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है, और इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# 33 हजार वोल्ट की लाइन गायब, करोड़ों का खेल उजागर

**कुशीनगर।** तकरीबन एक दशक पूर्व जनपद के राजा पाण्डेय बिजली घर से कोटवा बाजार तक दौडाई गयी 33 हजार वोल्टेज की हाई वोल्टेज लाइन मौके पर रहस्यमय तरीके से पूरी तरह गायब है।हैरानी की बात यह है कि महंगे तार और पोल हटाए जाने के बावजूद न तो कोई आधिकारिक

- राजापाकड़ कोटवा 33 केवी लाइन गायब, किसने लूटी सरकारी संपत्ति
- करोड़ों के तार-पोल गायब, बिजली विभाग कटघरे में

आदेश सामने आया, न ही बिजली विभाग ने अब तक स्थिति स्पष्ट की है।चर्चा-ए-सरेआम है कि तत्कालीन जेई बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश पर पोल से तार उतरवाकर बेच दिया और सारा धन खुद ही डकार गये।

इस बात में कितनी सच्चाई है यह गहन जांच का विषय है।बतादे कि राजापाकड़ बिजली घर से कोटवा बाजार तक जब 33 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन दौड़ाई गई थी। उस समय बिजली विभाग द्वारा दावा किया गया था कि इससे क्षेत्र को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। लेकिन हकीकत यह है कि करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति कुछ ही वर्षों बाद हवा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले पोल लगाये गये फिर फिर 33 हजार वोल्ट विद्युत सप्लाई के लिए तार दौडाई गयी फिर कुछ वर्षों के बाद न कोई सूचना, न कोई आदेश तार उतारे गए फिर पोल उखाड दिये गये जैसे यह किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति हो।

### बिना आदेश 33 केवी लाइन हटाना क्या अपराध नहीं

जानकारों का कहना है कि जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के उद्देश्य से दौडायें के 33 हजार वोल्ट के विद्युत लाइन हटाने का क्या मतलब है। क्या इसे हटाने का आदेश उच्चाधिकारियों ने दी थी, किसके आदेश पर 33 हजार विद्युत लाइन वाधित कर तार और पोल हटाए गये? अगर आदेश उपर के अधिकारियों का नही था तो फिर बिना आदेश 33 केवी लाइन हटाना क्या अपराध नहीं है? सवाल मुनासिब है हटाए गए तार-पोल किस स्टोर में जमा हैं?

किस स्टॉक रजिस्टर में एंट्री है? और किस अधिकारी ने हस्ताक्षर कर रिसीव किया? जानकार कहते है कि बिजली विभाग के पास इन सवालो का जबाब नही है तो यह मामला सीधे तौर पर सरकारी संपत्ति की लूट का मामला है और इसकी जबाबदेही बिजली विभाग के जिम्मेदारो को है।

सूत्रों का कहना है कि बिजली विभाग के रिकॉर्ड में यह लाइन आज भी स्वीकृत व चालू दिखाई जा रही है। अगर यह सच है, तो सवाल गंभीर है कि क्या फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट के सहारे घोटाले को ढंका जा रहा है? क्या भुगतान की फाइलें आज भी इसी लाइन के नाम पर चल रही हैं?

## बाहर से आ रही सप्लाई, विभाग पर उठे सवाल

अमेठी । शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में नकली खोया और पनीर का कारोबार अब संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए मिलावटखोर पहले से ही सक्रिय हो गए हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नकली खोया-पनीर की खेपें ज्यादातर बाराबंकी, लखनऊ व आसपास के जिलों से गाड़ियों के माध्यम से लाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि बुधवार और रविवार को इन गाड़ियों से भारी मात्रा में खोया-पनीर उतारते हुए कई बार देखा जा चुका है।यह मिलावटी सामग्री शुकुल बाजार क्षेत्र के कुछ होटल, बेकरी शॉप और मिठाई दुकानों तक सीधे पहुंचाई जाती है, जहां से इसे खुलेआम बेचा जा रहा है। आरोप है कि बड़े वाहनों से लाई जा रही यह खेप खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन की नाक के नीचे उतरती है, लेकिन अब तक किसी भी दुकानदार या सप्लायर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।क पदार्थों का इस्तेमाल किया जाता है, जो गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

संक्षेप

## सीओ ने दबिश देकर पशुओं के मांस हड्डी बरामद किए

मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। पुरवा सर्किल के तेजतर्रार क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह ने बीती रात मौरावां थाने के मोहल्ला मझकोरिया में बिना लाइसेंस काले मवेशियों (पडवा) काटे जाने की सूचना मिलते ही दबिश मारी। जहां कटे मवेशियों की हड्डिया खाल गडासा, छूरा कुल्डाडी, रस्सी, बोरी व दो पिकप वाहन पकड़े गए। पुलिस दबिश के पहले आरोपी भागने में सफल हो गए। पांच व्यक्तियों के विरुद्ध संगत धाराओ में मामला दर्ज किया है। बीती रात सीओ तेज बहादुर सिंह मौरांवा कस्बे में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि मझकोरिया मोहल्ले में कामरान के हाते में बिना लाइसेंस के काले मवेशी काटे जाते है और पशुओं के गोस्त का व्यापार किया जाता है उपरोक्त हाते के बगल में हड्डी व खून फेका जाता है जिसकी बदबू से लोग परेशान रहते है। सीओ की दबिश में हड्डिया गडासा, छूरा, कुल्डाडी, रस्सी, बोरी व दो पिकप मौके पर मिले जिन्हें कब्जे में लेकर पुलिस मौरावां थाने पहुंची। और कामरान, अनवर, हसीन, रेहान अन्य साथियो के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। सीओ तेज बहादुर सिंह ने कहा कि मझकोरिया में बिना लाइसेंस के काले मवेशी काटे जाते थे। मौके पर हड्डिया व पिकप तथा काटने के हथियार मिले है। मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरारपुर में बीती रात्रि एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जहां जानवरों के लिए बने बाड़े में बांस से रस्सी का फंदा लगाकर 24 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधेश सुबह जब बगले में गाय खोलने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने अपने 24 वर्षीय पुत्र श्यामू को बाड़े में बांस से रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही उनके होश उड़ गए। पिता की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मां सुनीता, बड़ा भाई रामू, बहनें रेखा, सोनी और रीता पहुंचीं, जहां शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पिता अवधेश ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र श्यामू मानसिक रूप से विक्षिप्त था और शराब का आदी भी था। नशे की हालत में वह अक्सर आत्महत्या की धमकी देता था। इससे पहले भी वह दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया था। घटना की सूचना पर दरोगा गंगा प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम देवराज सिंह राहुल चैधरी ड्राइवर सचिन सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रोफेसर का सत्याग्रह जारी

ललितपुर (वीओएल)। नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा द्वारा अपनी बहाली रोके जाने और 25 माह से अधिक समय से लंबित जांच के विरोध में शुरू किया गया सत्याग्रह लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। महाविद्यालय परिसर के मुख्य गेट के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से जारी इस सत्याग्रह ने अब जिले भर में चर्चा का विषय बना लिया है।

# संस्कृति बोध अभियान से नयी पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का प्रयास



**उन्नाव।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेशभर में संचालित संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्थानीय एबी नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया। बैठक में एबी नगर एवं आवास विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने सहभागिता की। अभियान प्रमुख राजेंद्र देव त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति के मूल्यों, उसकी उपयोगिता और वर्तमान समाज में उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृति की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब उसके मूल्यों को हम अपने दैनिक जीवन-व्यवहार में उतारते हैं। भारतीय संस्कृति सर्वसमावेशी है और आचरण में अपनाने योग्य है। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए ह्लआत्मवत सर्वभूतेषुह्व की भावना को भारतीय परंपरा की आत्मा बताया तथा कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विश्व बंधुत्व, करुणा और मानवता का संदेश देता आया है। ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाःह्व जैसे मंत्र भारतीय संस्कृति में निहित समदृष्टि और मानव कल्याण की भावना को स्पष्ट करते हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) द्वारा संपर्क टोली के माध्यम से विद्यालयों, छात्र-छात्राओं और समाज के विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कराना एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, आवास विकास के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार सिंह, एबी नगर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रमेश अवस्थी, विपिन, अनुपम सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं आचार्यगण उपस्थित रहे। सहायक शिक्षकगणों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

## भारतीय संविधान के अनुरुप शासन व्यवस्था बसपा का लक्ष्य : सुरेश कमल

जिला संवाददाता

अमेठी/तिलोई। बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा इकाई की बैठक रविवार को मोहनगंज में हुई। बैठक में विधानसभा को40सेक्टरों ? में बांट कर बूथ एवं सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया।

अब तक सामाजिक भाईचारा कमेटी में विधानसभा संयोजक पद पर काम कर रहे ओम प्रकाश पासी को तिलोई विधानसभा का नया महासचिव बनाया गया है।

बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने सात फरवरी को लखनऊ की राज्य स्तरीय बैठक में पार्टी मुखिया बहन मायावती जी की ओर से दिए गए दिशानिदेर्शों की जानकारी दी और कहा कि जब तक 2027का विधानसभा चुनाव नहीं होता और उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार नहीं बन जाती , कार्यकताओं को संगठन के कार्यों से एक भी दिन आराम नहीं करना है। गांव गांव जाकर पार्टी की उपलब्धियों को सर्वसमाज के बीच बताने, कमेटियों का गठन करने और रजिस्टर का काम पूरा करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसने भाईचारा कायम करके देश के सभी राज्यों में संगठन खड़ा किया है। समता, स्वतंत्रता बंधुत्व और न्याय पर आधारित समाज व्यवस्था का निर्माण कर देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना बसपा का लक्ष्य है।

विधानसभा प्रभारी और वरिष्ठ बसपा नेता के के आर्य ने बसपा और अन्य राष्ट्रीय पार्टियों की राजनीति के विषय में कार्यकताओं को जानकारी दी। कहा कि भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य सभी राष्ट्रीय पार्टियां जातिवादी हैं और आरक्षण विरोधी हैं।जब तक प्रदेश और केंद्र में बसपा की सरकार नहीं बनती बहुजन समाज की समस्यायों का समाधान संभव नहीं है।

बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष विजय गौतम ने किया। रमेश कुमार मौर्य, डॉ रामलाल, ईश्वरी लाल, बाबू लाल मौर्य, एजाज अहमद, रामप्यारे आदि पार्टी नेता मौजूद रहे।

## चन्द्रा ग्रुप ने धूमधाम से आयोजित किया

**फतेहपुर।** चन्द्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा पीरनपुर स्थित चन्द्रा बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को 'मंथन' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस ग्रुप की स्थापना जुलाई 1995 में प्रबुद्ध समाजसेवी एवं दूरदर्शी चिंतक रामस्वरूप गुप्त ने बालिकाओं के शैक्षिक, नैतिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू हुई इस श्रृंखला का 30वां संस्करण उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।प्रतियोगिता का स्वरूप और उद्देश्यइस प्रतियोगिता के माध्यम से कक्षा-12 तक की पढ़ाई कर रहे विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारी गई। परीक्षा सामान्य ज्ञान, भाषा ज्ञान, गणित, विज्ञान एवं बुद्धि परीक्षण पर आधारित थी, जो विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम से इतर ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करती है। आयोजकों का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा जगाना और उन्हें नगद पुरस्कारों व सहभागिता प्रमाण-पत्रों के जरिए सम्मानित करना रहा। प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्त के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा को अत्यंत व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया।भारी संख्या में छात्रों की भागीदारीपरीक्षा में 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इस आयोजन की लोकप्रियता का प्रमाण है। विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने कड़ी मेहनत की और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे ।संस्था का योगदानचन्द्रा ग्रुप पिछले 30 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रामस्वरूप गुप्त द्वारा स्थापित यह संस्था बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देती है। ऐसे आयोजनों से न केवल छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर भी ऊंचा उठता है ।आयोजकों ने बताया कि अगले संस्करण की तैयारियां भी जोरों पर हैं। यह प्रतियोगिता क्षेत्रीय शिक्षा को नई दिशा प्रदान करने वाली साबित हो रही है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा मेधावियों का पुरस्कार वितरण

फतेहपुर। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, मुराइन टोला में शनिवार को कक्षा-9 की जोश छात्रवृत्ति परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रतीक मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उनके साथ भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी व मुख्य चिकित्साधिकारी मंचासीन रहे ।प्रधानाचार्य का प्रेरक संदेशविद्यालय के प्रधानाचार्य जीपी मिश्रा ने संबोधन में कहा, गरीबी हालात हो सकती है, काबिलियत नहीं। हर बच्चा काबिल है, बस सही अवसर चाहिए।₹ उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष जोश छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाती है, ताकि मेधावी छात्र आर्थिक बाधाओं से मुक्त होकर आगे बढ़ सकें ।विजेताओं को भव्य पुरस्कारपरीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अदिति पटेल को स्कूटी व दो वर्षों तक 100% शुल्क माफी प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर हेमंत कुमार लाल ने इलेक्ट्रिक साइकिल व 90% शुल्क माफी हासिल की। तृतीय स्थान पर उत्कर्ष चंद को लैपटॉप व 80% शुल्क माफी मिली। चतुर्थ स्थान पर अनुकल्प त्रिपाठी ने मोबाइल फोन व 70% शुल्क माफी प्राप्त की, जबकि पंचम स्थान पर अभिषेक सिंह को मोबाइल फोन व 60% शुल्क माफी का लाभ हुआ। अन्य उत्तीर्ण छात्रों को भी आकर्षक पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया ।प्रबंधक का आश्वासनविद्यालय प्रबंधक रंजना सिंह ने कहा, ₹जोश छात्रवृत्ति छात्रों के सपनों की उड़ान भरने में सहायक है। यह आर्थिक सहायता उन्हें उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि संस्था बच्चों के विकास के लिए कटिबद्ध रहेगी ।प्रमुख अतिथिगण व उपस्थितिसमारोह में मुख्य अतिथि प्रतीक मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य जीपी मिश्रा, हेड मास्टर सीजो वर्गीज, हेड मिस्ट्रेस उर्वशी पाण्डे, मार्केटिंग हेड जरीना अंजुम सहित शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालयों को प्रतिमाह दो शनिवार को खोलने के प्रस्ताव का विरोध

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने देशभर के विभिन्न बार एसोसिएशनों को पत्र लिखकर उनसे प्रतिमाह दो शनिवार को उच्च न्यायालयों को खोलने के प्रस्ताव का सामूहिक रूप से विरोध करने का आग्रह किया है।

इस पत्र में बार एसोसिएशन ने वकीलों, न्यायाधीशों और अदालत के कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यदिवसों के प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही, इस धारणा पर भी सवाल उठाया है कि अदालतों के अधिक समय तक संचालित होने से लंबित मामलों में अपने आप कमी आ जाएगी। इसने कहा कि यह प्रस्ताव सतही तौर पर आकर्षक लग सकता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम न्याय की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं।

पत्र में दलील दी गई है कि हर महीने दो शनिवार को अदालतें खोलने से अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर शारीरिक एवं मानसिक दबाव बढ़ेगा, क्योंकि अदालतों का समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित है, लेकिन अधिवक्ताओं का काम देर तक रहता है। पत्र में कहा गया है कि सप्ताहांत के दिन अक्सर अधिवक्ता जटिल मामलों की तैयारी, दलीलों का मसौदा तैयार करने और कानूनी अध्ययन में लगाते हैं। जटिल और समय-साध्य मामलों पर सामान्यतः शनिवार और रविवार को ही गहन रूप से काम किया जाता है। वास्तव में, ये दोनों दिन अधिवक्ताओं के लिए सबसे व्यस्त माने जाते हैं।

बार एसोसिएशन ने यह भी कहा कि न्यायाधीश सप्ताहांत का उपयोग निर्णय लिखने और आरक्षित मामलों का निपटारा करने में करते हैं, ऐसे में अतिरिक्त कार्यदिवस लागू होने से उन पर भी कार्यभार का दबाव बढ़ेगा।

एसोसिएशन ने 27 जनवरी 2026 को भेजे गए पत्र में देशभर के बार एसोसिएशनों से अपील की है कि वे इसके विरोध में प्रस्ताव पारित करें और उसे उच्चतम न्यायालय, सभी उच्च न्यायालयों तथा केंद्रीय कानून मंत्री को भेजें।

उच्च न्यायालयों में प्रतिमाह दो शनिवार को बैठने के प्रस्ताव ने हाल के महीनों में जोर पकड़ा है। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी इसी तर्ज पर एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

## छात्रों से नमाज पढ़ने को कहने के आरोप में निलंबित प्रधानाध्यापक जांच के बाद बहाल

मथुरा। जिले में विद्यालय में छात्रों से नमाज पढ़ने के लिए कहने के आरोप में निलंबित किये गये एक सरकारी प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक को जांच में निर्दोष पाये जाने के बाद बहाल कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने रविवार को कहा, ̏जांच समिति ने प्रधानाध्यापक जान मोहम्मद को निर्दोष पाया। इसके बाद हमने उन्हें बहाल कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि मोहम्मद को 31 जनवरी को निलंबित कर दिया गया था। कीर्ति ने बताया कि मोहम्मद के खिलाफ 30 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के नौझील ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश चौहान ने शिकायत की थी और दावा किया था कि छात्रों के माता-पिता ने आरोप लगाया था कि प्रधानाध्यापक छात्रों से नमाज पढ़ने के लिए कहते हैं और स्कूल में राष्ट्रगान नहीं गाया जा रहा।

कीर्ति ने बताया कि शिकायत का संज्ञान लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के बाद 31 जनवरी को छाता और मांट विकास खंडों के ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की जांच समिति का गठन किया था। उन्होंने कहा कि समिति को एक महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए समिति को चार फरवरी को तीन दिन में रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया ।कीर्ति ने कहा कि समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट दी और शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद व गलत पाया ।जांच समिति ने प्रधानाध्यापक जान मोहम्मद को निर्दोष पाया। इसके बाद हमने उन्हें बहाल कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वह इस बारे में जिलाधिकारी को को सूचित करेंगे। प्रशासन झूठी शिकायत दर्ज कराने वाले शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्वाई कर सकता है। इस बीच, प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि यह जांच का मामला है, और अगर यह किसी साजिश के तहत किया गया है तो शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षक को बहाल कर दिया गया है।

### अमेठी में नहीं हो पाया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

अमेठी। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह के आयोजन नहीं हो पाए हैं। योजना के क्रियान्वयन को लेकर हुए विवाद और भ्रष्टाचार के मामलों की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी और परियोजना निदेशक के विरुद्ध एक विभागीय कर्मचारी द्वारा लगातार शासन में की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डी एम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार जिला उपायुक्त मनरेगा शेर बहादुर को सौंप दिया है।

शेर बहादुर की ओर से सामग्री आपूर्ति के लिए फर्म के चयन के मामले में टेंडर प्रक्रिया पूरी करा ली गई है ।टेंडर नौ फरवरी को खुलेगा।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के क्रियान्वयन को लेकर आरम्भ से ही शिकायतें चल रही है। सामग्री आपूर्ति के लिए फर्म के चयन में गड़बड़ी को लेकर शिकायत के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिन राज मेडिकल पर चले गए। जांच के बाद शासन ने उन्हें निलम्बित कर दिया है ।चार्ज परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव को मिला था।

एक विभागीय कर्मचारी के साथ विवाद के बाद डी एम ने ऐश्वर्य यादव से कार्यभार वापस लेकर डी सी मनरेगा को सौंप दिया है।

## बालीबाल प्रतियोगिता के पहले मैच में आरपीएफ लखनऊ विजयी रही

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के कस्बा बिहार में आयोजित बाबा गौरी शंकर बालीबाल प्रतियोगिता में पहला लीग मैच आर पी एफ लखनऊ व गुरुग्राम हास्टल के माध्यम खेला गया दो सेटो के मैच मे 21-15 व 21-19 रहा । जिसमें आर पी एफ लखनऊ विजेता रही। दूसरा लीग मैच करकसा रायबरेली व अयोध्या हास्टल के मध्य खेला गया। दो सेटो के मैच मे कररसा रायबरेली ने अयोध्या हास्टल को 21-14 व 21-19 से हरा कर कररसा रायबरेली विजेता बनी। तीसरा लीग मैच बाराबंकी टिकरा व इक्शना क्लब रायबरेली के मध्य खेला गया जिसमे इक्शना रायबरेली ने 21- 16 व 21 -15 के सेटों के खेल में पराजित कर इक्शना रायबरेली विजेता बनी। चैथा लीग मैच महाराणा प्रताप हास्टल लखनऊ व मुजफ्फरनगर के मध्य हुआ जिसमें महाराणा प्रताप एकेडमी ने 21 -17 व 21 -11 सेटों मे हराकर मैच अपने नाम किया और विजेता बनी। डे नाइट वाली प्रतियोगिता पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व प्रधान जितेंद्र सिंह द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राजकुमार मिश्र, रजनीकांत तिवारी, पप्पू त्रिपाठी, लालु शुक्ला, कान्हा मिश्रा, सुरेश मिश्र आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाल उत्सव का स्काउट भवन में आयोजन कल

रायबरेली। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय बाल उत्सव का कार्यक्रम जिसकी थीम प्रगति 2026 स्वाभिमान और सफलता की ओर मीना मंच के तहत शहर के स्काउट भवन प्रांगण में प्रातः 10 बजे आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी विकास खंड से चयनित बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जनपदीय नोडल मीना मंच एस.एस पाण्डेय द्वारा दी गई।

## पत्रकार हाशिम रिजवी सहित दर्जन भर लोग सम्मानित




डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर । डुमरियागंज तहसील कस्बा क्षेत्र के कस्बा हल्लौर स्थित दरगाह हजरत अब्बास में गत रात आयोजित महफिले वफा के दौरान समाजसेवी हसन ताकीब की तरफ से जमाल हैदर कर्बलाई ने पत्रकारिता व लोगों के हित में किए गए कार्य व क्षेत्र मे समाजिक कार्यों में समर्पित कहें जाने वाले एक दर्जन लोगो को शाल और मेमोटो देकर सम्मानित किया।और लोगो के समाजसेवा और पत्रकारिता मे योगदान की सराहना किया।

प्राप्त खबर के अनुसार सम्मानित होने वालो मे वरिष्ठ पत्रकार हाशिम रिजवी, अजीम रिजवी, जामिन, सलमान, इन्तेजार हैदर, सलमान मेहदी, आमिर, हैदर अली तथा समाजसेवी वजीर हैदर, मोहम्मद हैदर शब्लू, काजिम रजा कजजू, जलाल हैदर, इमाम हैदर बब्लू, आदि लोग शामिल रहे। उक्त के क्रम में कसीम रिजवी और नाजिम करबलाई ने भी शायरो और कार्यक्रम आयोजन कमेटी ौर मेमोटों देकर उन्हे सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मशहूर शायर डाक्टर नायाब हल्लौरी, जाकिर जमाल हैदर करबलाई, राहिब रिजवी, इन्जीनियर काजी इमरान लतीफ, नौरोज, कम्बर, खुशनूद , मोहम्मद अख्तर व अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## पंजाब नेशनल बैंक के पांच बड़े अधिकारियों पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप

नोएडा। नोएडा-सेक्टर 49 में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पांच अधिकारियों के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की कथित तौर पर साजिश रचने के लिए मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक,एक होटल व्यापारी की याचिका पर अदालत के आदेश के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात को नोएडा सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर (66) की शिकायत पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कुमार पांडे, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिया रंजन, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीसी हेड मनीष कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसने 2013 में हरिद्वार स्थित पीएनबी की एक शाखा से होटल खरीदने और संचालन के लिए 9.5 करोड़ रुपये का टर्म लोन लिया था और उस समय नौ प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर तय हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उन्होंने 2016 तक 13 करोड़ रुपये बैंक को चुका दिया लेकिन हैरानी तब हुई, जब बैंक ने अचानक ब्याज दर नौ से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी और उन पर पांच करोड़ रुपये का अतिरिक्त बकाया दिखा दिया।

शिकायतकर्ता ने जब दबाव बनाया तो बैंक ने अपनी गलती स्वीकार की और 2019 में सिर्फ 30.50 लाख रुपये वापस किये। पीड़ित कारोबारी ने बताया कि उनके होटल की वर्तमान बाजार कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है लेकिन बैंक अधिकारियों ने संपत्ति का मूल्यांकन केवल 23 करोड़ रुपये दिखाया।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि अधिकारी अब सरफेसी एक्ट की आड़ में 60 करोड़ की संपत्ति को अपने किसी चहेते के नाम पर केवल 20 करोड़ रुपये में नीलाम करने की तैयारी कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पांचों आरोपियों पर उनके लोन दस्तावेजों में हेराफेरी का आरोप लगाया और अदालत का रुख किया, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## भाकियू टिकैत गुट की मासिक पंचायत 9 को,

**बाजार शुकुल अमेठी ।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) की मासिक किसान पंचायत आगामी 9 तारीख को विकासखंड क्षेत्र के बाजार शुकुल में आयोजित की जाएगी। पंचायत का नेतृत्व संगठन के जिला संरक्षक देवी दयाल शर्मा करेंगे। पंचायत में खंड विकास अधिकारी को आमंत्रित किया गया है, ताकि पिछली मासिक पंचायत में रखी गई किसानों की मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई न होने को लेकर जवाब तलब किया जा सके ।जिला संरक्षक देवी दयाल शर्मा ने बताया कि पिछली पंचायत में किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें सिंचाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, फसल मुआवजा, खाद-बीज की उपलब्धता, आवारा पशुओं की समस्या सहित अन्य ज्वलंत मुद्दे शामिल थे। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से किसी भी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है ।उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्वक अपनी समस्याएं उठाते रहे हैं, लेकिन प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है ।इसी कारण 9 तारीख को दोबारा पंचायत बुलाकर खंड विकास अधिकारी से सीधी बातचीत की जाएगी। यदि इस बैठक में किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।पंचायत के माध्यम से एक बार फिर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पंचायत को सफल बनाने की अपील की है।

## नैतिक मूल्यों और गुणवत्ता पर जोर इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में द्वितीय वार्षिक समारोह, 2026 का कैलेंडर जारी

जिला संवाददाता

अमेठी। मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में वर्ष 2025 का द्वितीय वार्षिक शैक्षणिक समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समर्पण इंस्टिट्यूट लखनऊ की प्रधानाचार्य एवं उपाध्यक्ष डॉ. दीप्ति शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमेठी के डॉ. सौरभ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वंदना गीत और स्वागत नृत्य से हुआ, जिसमें छात्रों ने राजस्थानी, कश्मीरी और संबलपुरी लोकनृत्यों की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

संस्थान के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बेनजीर ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने कॉलेज के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति शुक्ला ने इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग को प्रदेश का अव्वल दर्जा प्राप्त संस्थान बताते हुए यहां उपलब्ध अत्याधुनिक ऑडिटोरियम जैसी सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी न केवल देश-प्रदेश बल्कि विदेश में भी रोजगार प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं ।इस दौरान, संस्थान के विभिन्न विभागों ने अपनी वार्षिक शैक्षणिक और प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रस्तुत की। मेडिकल-सर्जिकल एवं बाल स्वास्थ्य नर्सिंग, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, पोस्ट बेसिक बीएससी और एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रमों के सकारात्मक पहलुओं को साझा किया और भविष्य के सुधारों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

डॉ. दीप्ति शुक्ला ने नर्सिंग पेशे में नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक गुणवत्ता के महत्व पर विशेष बल दिया। वहीं, डॉ. सौरभ सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ के रूप में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। बैठक के अंतिम चरण में आगामी वर्ष की नीतियों, गुणवत्ता सुधार और ऑडिट रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का समापन वर्ष 2026 के नए शैक्षणिक कैलेंडर के वितरण के साथ हुआ, जिसे विभिन्न कक्षाओं के प्रतिनिधियों को सौंपा गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश एस., उप-प्रधानाचार्य डॉ. गोमती एम. और विभागाध्यक्ष, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन कीर्ति मिश्रा और हर्षिता त्रिपाठी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नर्सिंग लेक्चरर पियूष ने प्रस्तुत किया।

## दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक की मौत

मिर्जापुर। जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भटेवरा गांव में एक इंटर कॉलेज के सामने गलत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल की दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई।

उन्होंने कहा कि इस टक्कर के बाद सड़क पर गिरे एक युवक को पीछे से आ रहे पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। विंध्याचल थाने के प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया कि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोट आई हैं। मृतक की पहचान किशोरी (28) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आज कथा सुनायेंगे राहुल कृष्ण जी महाराज

प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आज सोमवार से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन में पहले दिन श्रीधाम वृन्दावन से राहुल कृष्ण जी महाराज कथा सुनायेंगे। कथा का शुभारम्भ अपरान्ह ढाई बजे से होगा। यह जानकारी संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने दी है।

## इन्हौना दौली मार्ग पर मौत बनकर झुके पेड़,

बाजार शुकुल अमेठी ।इन्हौनाझ्ररुदौली मार्ग पर मवैया चौराहा के आसपास सड़क किनारे खड़े वन विभाग के सूखे व अत्यंत पुराने पेड़ अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरे का कारण बन चुके हैं। कई पेड़ आसपास के घरों, दुकानों और मकानों की ओर पूरी तरह झुक गए हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस मार्ग से प्रतिदिन भारी वाहनों सहित सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग लापरवाह बना हुआ है ।हाल ही में सूर्य नगर इक्का ताजपुर गांव के पास सड़क किनारे झुके एक पेड़ की वजह से भीषण सड़क हादसा हो चुका है, जिसमें एक डंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। गनीमत रही कि उस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना स्पष्ट चेतावनी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता ।मवैया गांव निवासी विनोद कुमार ने इस गंभीर समस्या को लेकर काफी पहले वन विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया था कि सड़क किनारे झुके ये सूखे पेड़ किसी भी समय गिर सकते हैं, जिससे जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। इसके बावजूद आज तक वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया ।स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि तेज हवा या बारिश के समय भय और बढ़ जाता है। लोगों का साफ कहना है कि यदि किसी हादसे में जनहानि होती है ।

संक्षेप

## बीएलओ ने परिवार को अलग-अलग हिस्सों में बांटा

**बांदा**। जिले में एसआईआर को लेकर बीएलओ पर मतदाताओं के सत्यापन का दबाव बढ़ा तो उन्होंने एक ही परिवार को कई हिस्से में बांटकर उनके लिए परेशानी खड़ी कर दी है। जिससे बचने के लिए लोग निर्वाचन विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। पति को अलग और पत्नी, बच्चों को अलग भाग संख्या में कर दिया है। इसे लेकर अधिवक्ता व समाजसेवी विमलकृष्ण श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सभी को एक ही भाग संख्या में कराने का अनुरोध किया है। उन्होने बताया कि वह कटरा के रहने वाले हैं। वर्षों से उनका पूरा परिवार एक ही मतदान केंद्र पर वोट करता रहा है। लेबिन इस बार परिवार को कई हिस्से में बांट दिया गया है। उनका नाम भाग संख्या 70 में हैं तो पत्नी का नाम 68 में दर्ज है, विमल कृष्ण का भाग संख्या 70 में और पत्नी का भाग संख्या 68 में दर्ज है। बेटियां भाग संख्या 66 तो बेटा भाग संख्या 68 में दर्ज हैं। कहा कि यह सभी बूथ एक-दूसरे से काफी दूर हैं। उन्होंने भाग संख्या दुरुस्त करने के लिए पुनरीक्षण फार्म भर दिया है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर अभियान में संशोधन कर मतदाता दावे-आपत्तियों की अंतिम तिथि 6 फरवरी से बढ़ाकर 6 मार्च कर दी है, अंतिम सूची 10 अप्रैल को जारी होगी।

## राइफल क्लब मैदान में बनेगा कांप्लेक्स

**बांदा**। जिले के एकमात्र खेल मैदान राइफल क्लब की 8825 वर्ग मीटर जमीन को विकास प्राधिकरण ने 13.35 लाख रुपये जमा कर अपने नाम फ्रीहोल्ड करा लिया है। बबेरू विधायक विशंभर यादव के नियम-51 के तहत मांगी गई सूचना में शासन ने जानकारी दी है कि राइफल क्लब मैदान को लेकर शासन ने बीते अप्रैल माह में ही पार्क व खेल मैदान के स्थान पर व्यवसायिक कर दिया था और अब पार्क की 8,825 वर्ग मीटर भूमि में से आधे में कांप्लेक्स ही बनेगा। राइफल क्लब मैदान का उपयोग 90 के दशक से ही खेलकूद गतिविधियों के लिए होता रहा है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सपा विधायक विशंभर सिंह की सदन से मांगी सूचना का जवाब देते हुए कहा कि नगर पालिका ने इस नजूल लैंड को 16 नवंबर 1995 को विकास प्राधिकरण को दे दिया था। 10 मार्च 1998 को बीडीए के पक्ष में विक्रय विलेख तैयार किया गया। इस भूमि में 1350 वर्ग मीटर में आवासीय भवन, दो हजार वर्ग मीटर में शापिंग कांपलेक्स व 4482 वर्ग मीटर में चिल्ड्रेन पार्क, प्ले ग्राउंड, शौंचालय व रास्ता बनाने की शर्त थी। लेकिन 6 जनवरी 2000 को शासन ने 8826.7 वर्ग मीटर भूमि मे से 984 वर्ग मीटर को व्यवसायिक कर दिया। 15 अप्रैल 2025 को महायोजना-2031 की स्वीकृति दी गई, जिसमें रायफल क्लब का भूपयोग पार्क व क्रीड़ा स्थल की जगह व्यवसायिक कर दिया। बीडीए बोर्ड बैठक में मानचित्र व ले-आउट स्वीकृत किया। 21 जनवरी को नीलामी होनी थी लेकिन आवेदन प्राप्त न होने से नीलामी प्रक्रिया निरस्त कर दी गयी। भूमि की नीलामी व्यवसायिक के लेकर करा सकता है।

## प्याज से लदी पिकअप पलटी, युवक की मौके पर मौत

ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द स्थित पम्प के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्याज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र बारेलाल, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसाई के रूप में हुई है। बताया गया है कि श्रीराम मजदूरी का काम कर देर रात अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मसोरा खुर्द पंप के पास प्याज से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल पिकअप चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बांध विस्थापितों ने मांगा मुआवजा

### मुख्यमंत्री जनता दरबार में परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने लगायी गुहार

जिला संवाददाता



**ललितपुर (वीओएल)**। भौंरट बांध परियोजना से विस्थापित किसानों और ग्रामीणों ने परिसंपत्तियों का समुचित मुआवजा न मिलने से निराश होकर मुख्यमंत्री जनता दरबार में गुहार लगाई है। विस्थापितों ने न केवल लंबित मुआवजा शीघ्र दिलाए जाने की मांग की, बल्कि क्षेत्र की 40 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले माह जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री के समक्ष

**● परिसम्पत्तियों का मुआवजा न मिलने से भविष्य अंधकारमय, जल जीवन मिशन से पानी की भी मांग**

अपनी पीड़ा रखने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। मजबूरन भौंरट बांध से प्रभावित कई गांवों के किसान और ग्रामीण एक बार फिर मुख्यमंत्री जनता दरबार पहुंचे और अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। विस्थापितों का कहना है कि उनकी बोरिंग, ट्यूबवेल, हैंडपंप, बगीचे, इमारती व फलदार पेड़ जैसी परिसंपत्तियों का अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। मुआवजा न मिलने के कारण वह कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं और पक्के घरों का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीन कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में गहरा रोष और निराशा व्याप्त है। ग्रामीणों ने कृषि भूमि के मुआवजे को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि वर्तमान में उन्हें प्रति एकड़ मात्र 8 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि बाजार में कृषि भूमि का मूल्य 15 लाख रुपये प्रति एकड़ तक है। ऐसे में यह मुआवजा उनकी वास्तविक क्षति की भरपाई करने में पूरी तरह नाकाफी है। विस्थापित किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र और उचित मुआवजा नहीं मिला तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बदतर हो जाएगी तथा आने वाली पीढि?ों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्यायोचित एवं शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री जनता दरबार में की गई इस मांग का नेतृत्व पूर्व जिला मंत्री जगदीश सिंह निरंजन ने किया। उनके साथ दर्जनों प्रभावित किसान और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से घोड़े की मौत, युवक घायल

ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के पटपुरा स्टैंड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साथ चल रहा घोड़ा मौके पर ही मर गया। घटना 6 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गनगौरा निवासी मंगल पुत्र गज्जू सेन ने पुलिस को बताया कि उसका चचेरा भाई रवि पुत्र चुन्नीलाल सेन अपने गांव से पटपुरा बारात के लिए घोड़ा लेकर जा रहा था। इसी दौरान राजघाट की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन संख्या एम.पी. 67 बी 0221 ने पटपुरा स्टैंड पर पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रवि को गंभीर चोटें आईं और घोड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन घायल रवि को तत्काल जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे पहले झांसी और बाद में ग्वालियर रेफर किया गया। एफआईआर में उल्लेख है कि रवि की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है, जिससे परिजन काफी परेशान हैं। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 325 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल वाहन चालक की पहचान अज्ञात बताई गई है।

# न्यू विजन हेल्पिंग सोसायटी ने किए गरीब और असहाय लोगों को निःशुल्क उपहार भेंट

जिला संवाददाता




**नगीना, बिजनौर**। समाजिक संस्था न्यू विजन हेल्पिंग सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित समारोह में संस्था के पदाधिकारियों ने बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी, गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन काज़ी अरशद मसूद, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, वरिष्ठ पत्रकार नौशाद अंसारी के हाथों क्षेत्र की महिला पुरुष, छात्राओ, व असहाय निर्धन, व जरुरतमंदों को सहायता धन राशि के साथ साथ साइकिल, सिलाई मशीन, गर्म कंबलो का वितरण कराकर सभी को यह संदेश दिया कि हर इंसान को हैसियत के अनुसार लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। संस्था की पहल आसपास के क्षेत्र में काफी सराहनीय मानी जा रही है।

शनिवार की शाम धामपुर रोड स्थित कल्याणपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मोहम्मद गाजी, काजी अरशद मसूद, शेख शाहनवाज खलील, पत्रकार नौशाद अंसारी ने संयुक्त रूप से संस्था की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से यह सोसाइटी बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी शिक्षा पर ध्यान दे रही है और जरूरतमंदों को जरूरी उपकरण देकर लोगों की बिना भेदभाव के मदद कर रही है यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि सोसायटी के अध्यक्ष मास्टर शराफत हुसैन और उनका परिवार व सोसाइटी से जुड़े सभी लोगों का यह सराहनीय कदम आने वाले दिनों में लोगों के लिए काफी मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम की शुरूआत देश के राष्ट्रगान से कराई गई। साथ ही संस्था के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथियों को शॉल पहना कर फूल-मालाओं से उनका इस्तकबाल भी किया। काजी अरशद मसूद की अध्यक्षता व इरशाद धामपुरी के कुशल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मास्टर शरफत हुसैन, प्रबंधक इंजीनियर शहजाद हुसैन, वसीम वारसी एडवोकेट, अफजाल कुरैशी, शबेनूर सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शाहनवाज, नबील अहमद, सलमान, हाजी निसार, इमरान सिद्दीकी, शीतल कुमारी, आजम, जावेद, शाहीन अंजुम, शाहिद सहित सैकड़ो लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मास्टर शराफत हुसैन व संस्था के समस्त पदाधिकारीयों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

**स्योहारा, बिजनौर**। शासन के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांता प्रसाद व अरविंद कुमार मंडल मेरठ द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण किया गया।

शासन के निर्देश अनुसार पूरे प्रदेश के सीएचसी पीएचसी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण 6, 7 व 8 फरवरी को होना सुनिश्चित है। शासन के दिशा निर्देश के क्रम में मेरठ मंडल की टीम जनपद बिजनौर के समस्त स्वास्थ्य केदो में निरीक्षण के लिए आए हुए हैं जिसमें से एक टीम द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण किया गया व सभी रिकॉर्ड साफ-सफाई की व्यवस्था मरीज का फीडबैक आदि का गहन अध्ययन किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व समस्त स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फार्मासिस्ट दीपक कुमार द्वारा बताया गया की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा प्रभारी डॉक्टर बी0के स्नेही, ब्लॉक बीपीएम शालिनी, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ मीनाक्षी सिसोदिया, स्टाफ नर्स ममता रानी सहित समस्त एनम उपस्थिति रही।

# आजीवन उपलब्धि के सम्मान से काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम को नवाजा

जिला संवाददाता

**बिजनौर**। मेरा जनपद, मेरा उद्योग, मेरा गौरव के बैनर तलें औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से आयोजित समारोह के समापन पर उधमी व्यापारी पुलिस मित्रता संगोष्ठी भी की गई। व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था के मध्य समन्वय आपसी विश्वास को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम एक सार्थक और प्रभावशाली पहल के रूप में देखा गया। इस मौके पर नगीना के अग्रणी काष्ठ कला व्यापारी/रॉयल हेंडीक्राफ्ट स्वामी जुल्फिकार आलम को उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना का एक प्रशस्ति पत्र अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 केजी सिंह ने देकर उन्हें सम्मानित किया। सम्मान पत्र में औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लिमिटेड बिजनौर द्वारा एम0एस0एम0ई0 आजीवन उपलब्धि सम्मान का उल्लेख करते हुए लिखा गया है, कि अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि जुल्फिकार आलम को एम0एस0एम0ई0




आजीवन उपलब्धि सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है, जो आपने जनपद के बिजनौर औद्योगिक विकास हेतु किया, अतुलनीय योगदान प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है। सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के क्षेत्र में नवाचार, सृजन, सतत विकास को प्रोत्साहित करने में आपका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उद्योग जगत में आपके दीर्घकालीन अनुभव, दूरर्शिता एवं समर्पण ने न केवल वर्तमान उद्यमियों को दिशा प्रदान की है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लि0 बिजनौर मेरा जनपद मेरे उद्योग मेरा गौरव इण्डस्ट्रीयल मार्गदर्शन किया है।

आपके द्वारा उद्योग जगत में किये गये इस अमुल्य योगदान के लिए औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति बिजनौर आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## कोर्ट ने सुनाई अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 7 साल कैद व 50 हजार जुर्माने की सजा

**बिजनौर**। युवती का अपहरण कर उसे बंधक बनाते हुए दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश ने दोष सिद्व होने पर अभियुक्त को सात साल का कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान ने बताया कि नजीबाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने गत 29 अक्टूबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी का अपहरण नांगल थाना क्षेत्र के नीटू, रॉकी पुत्र अतर सिंह और उसकी बहन शिवानी ने किया था। आरोपी नीटू उनकी बेटी को देहरादून ले गए था। जहां उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेंदु कोर्ट न0 7 ने अभियुक्त नीटू को दोषी पाते हुए सात साल का कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान के तर्कों से संतुष्ट होते हुए सजा का रास्ता साफ हुआ है। उधर न्यायालय के इस फैसले ने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिया है।

## तृतीय स्थापना दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ



**महोबा**। गायत्री मंदिर तथा सन्त नामदेव जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार एवं नामदेव समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। संत शिरोमणि नामदेव जी की पावन स्मृति में निकाली गई यह शोभायात्रा कुलपहाड़ नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी, जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। ढोल नगाड़ों, भजन कीर्तन और जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को जीवंत कर दिया। आयोजकों ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन विधि विधान से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आहुतियों के माध्यम से विश्व कल्याण, समाज की उन्नति और शांति की कामना की जाएगी। अन्तिम दिन पूर्ण आहुति के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस स्थापना दिवस समारोह के माध्यम से नामदेव समाज द्वारा धार्मिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना तालबेहट का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार को थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई। कार्यालय की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई तथा अभिलेख व्यवस्थित व अद्यावधिक मिले। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आगंतुकों एवं पुलिसकर्मियों की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। परिसर को स्वच्छ, हरित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं परामर्श से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरों के रखरखाव और शिकायत निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में

**● कमियां मिलने पर दिये सुधार के निर्देश**

संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं पार्कों में जाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क के रजिस्टरों की जांच कर उनके समुचित रखरखाव व नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। साइबर अपराध से पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बैंक खातों को डेबिट फ्रीज कराने, संबंधित बैंकों व वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, एमएचए द्वारा संचालित प्रतिबिंब पोर्टल, समन्वय पोर्टल, एनसीसीआरपी व सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया।

## बी-पैक्स पिंडारन का शुभारंभ, किसान सभा



बांदा। सहकार से समृद्धि योजना के तहत जिले में रविवार को नवगठित बी-पैक्स पिंडारन के उद्घाटन समारोह में किसान सभा का आयोजन हआ। इस दौरान सहकारी समिति के जरिए किसानों को उर्वरकों का वितरण किया गया एवं उन्हें सहकारिता विभाग की संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

किसानों को जानकारी दी गयी कि नवगठित बी-पैक्स के संचालन से क्षेत्र में उर्वरक, बीज, ऋण, डिजिटल सेवाओं एवं अन्य सहकारी सुविधाओं की उपलब्धता सुदृढ़ होगी। मुख्य अतिथि अजय पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य विनोद ने कहा कि सहकार से समृद्धि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना, कृषकों को आत्मनिर्भर बनाना तथा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है। बी-पैक्स की स्थापना से किसानों को स्थानीय स्तर पर ही आवश्यक संशाधन उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने सहकारिता विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण विकास एवं कृषक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदम बताया। इस दौरान अंसल कुमार, सहायक आयुक्त, सहायक निबंधक सहकारिता, जनप्रतिनिधि, सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**बांदा**। साइबर अपराधों की रोकथाम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व बेसिक नेटवर्किंग के लिए जिला प्रशिक्षण सेन्टर पुलिस लाइन में चल रहे 5 दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में पुलिसकर्मियों का तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है तथा प्राप्त ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग करते हुए साइबर अपराधों की पहचान, रोकथाम एवं डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कहा कि साइबर सिक्योरिटी, नेटवर्किंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसजैसी आधुनिक तकनीकों का सही उपयोग कर पुलिस साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर सकती है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने में उपयोगी सिद्ध होगा। इसके बाद उन्होने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# धूमधाम से होगा बाबा सदन का 108वां उर्स

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का इस वर्ष 108वां उर्स सम्पन्न कराया जाएगा, जिसको बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए इतवार को दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बीते बर्ष की भांति इस बर्ष भी राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के मुख्य संरक्षण में उर्स सम्पन्न कराया जाएगा। कौमी एकता की मिशाल हजरत बाबा

**● उर्स की तैयारियां शुरू**

सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में उर्स कमिटि की एक बैठक संरक्षक चंद्रभूषण सिंह गुडडू राजा के आतिथ्य व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उर्स कमिटि नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला ने की। संचालन जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने किया।

जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए रणनीति तैयार की गयी। बैठक में विचार-विमर्श कर जिम्मेदारी सौंपी गयीं। उर्स मेले में अर्न्तराष्ट्रीय प्रख्यात कब्बालों के अतिरिक्त शायरों का जहां जमावड़ा रहेगा, वहीं देश के कौने-कौने से लोग आकर उर्स में बाबा की दरगाह की जियारत करेंगे। इसके अलावा बैठक में हर वर्ष की भाँति 4 अप्रैल को आयोजित होने वाली इज्तिमाई शादियों की कार्ययोजना तैयार की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 108वां उर्स बड़े ही भव्य रूप से मनाया जाएगा।

इस वर्ष मुशायरे एवं कब्बालियों में जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

31 मार्च को होने वाले सदन कौमी एकता ऑल इंडिया मुशायरे में अंतराष्ट्रीय शायर मंजर भोपाली, शकील आजमी मुंबई, नदीम शाद देवबंद, इब्राहीम अली जीशान, ओम शर्मा ओम, मशकूर ममनून कन्नौजी, शाहनबाज असीम उज्जैन, मोहन मुन्तजिर नैनीताल, तर्वेज आलम राणा, हाशिम फिरोजाबादी, अबरार कासिम, स्वयं श्रीवास्तव, मदन मोहन दानिश, डा.जलील अहमद, अल्तमस अब्बास, कमर आलम जौनपुरी, इस्माइल नजर देवास, असरार चंदेरवी कन्वीनर, असर ललितपुरी, जहीर ललितपुरी पर रायशुमारी की गई। वहीं 1 से 3 अप्रेल तक कब्बाली का सिलसिला शुरू होगा जिसमें टीबी सिंगर इंटरनेशनल जुनेद सुल्तानी, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुराद आतिश बंगलौर, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम मुनाफा नाजा मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम रईस अनीस साबरी मुंबई, टीबी सिंगर इंटरनेशनल फेम अनीस नवाब, टीबी सिंगर इंटर नेशनल फेम शाकिब अली, समीर साबरी मुंबई, अदनान नाजा के नामों पर सहमति बनी है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

ललितपुर (वीओएल)। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम नैनारा पुलिया के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने सामने जा रहे बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम नैनारा निवासी शिवलाल पुत्र देवरीलाल 30 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू.पी.94 ए.सी. 0711 से महरौनी से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह नैनारा पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल यू.पी. 91 एस 9773 के चालक मोहल्ला नेहरू नगर निवासी दीपक कुमार पुत्र पूरे सिंह ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर रेफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया, जहां पीड़ित का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) और 324(4) के तहत केस दर्ज किया है।

## जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का हुआ आयोजन

ललितपुर (वीओएल)। ग्राम पंचायत पटसेमरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चैबे, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि मसौरा-सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 45 गांवों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

इस योजना में इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन का निर्माण किया गया है। जल अर्पण दिवस के अवसर पर पेयजल व्यवस्था का संचालन व रख-रखाव ग्राम पंचायत को सौंपा गया।

राज्यमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। ग्राम प्रधान गोपाल सिंह तोमर ने योजना के लिए शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# राजकोषीय अनुशासन

केंद्र सरकार ने राजकोषीय संतुलन के लिए जिस प्रकार की पहल बजट में की है उससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस मोर्चे पर सरकार सतर्क है। केंद्रीय बजट में राजकोषीय प्रदर्शन के आकलन के पैमाने में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव हुआ। सरकार ने पहले घोषणा की थी कि 2026-27 से राजकोषीय घाटे को उस स्तर पर बनाए रखा जाएगा जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में केंद्र सरकार का ऋण घटता रहे। उस हिसाब से सरकार का लक्ष्य 2026-27 में ऋण-जीडीपी अनुपात को 55.6 प्रतिशत तक लाना है, जबकि 2025-26 में यह संशोधित अनुमान 56.1 प्रतिशत था। परिणाम स्वरूप 2026-27 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि चालू वर्ष में यह 4.4 प्रतिशत था। केंद्र सरकार ने पिछले कई वर्षों में राजकोषीय प्रबंधन के मामले में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। महामारी के वर्ष (2020-21) में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 9.2 प्रतिशत था जो चालू वर्ष में 4.4 प्रतिशत तक आ गया है। इसके अलावा व्यय की गुणवत्ता में ठोस सुधार हुआ है। किंतु आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार ने कहा है कि उसका इरादा 2030-31 तक केंद्र सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत (1 प्रतिशत ज्यादा या कम) करने का है। यहां दो महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं। पहला, भले ही सरकार इस लक्ष्य को हासिल कर ले, ऋण का स्तर फिर भी उच्च रहेगा। राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन ढांचे में मार्च 2025 तक सामान्य सरकारी ऋण को जीडीपी के 60 प्रतिशत और केंद्र सरकार के ऋण को 40 प्रतिशत तक सीमित करने




का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान स्थिति में, केंद्र सरकार का सकल ऋण 2031 में भी वांछित स्तर से लगभग 10 प्रतिशत अंक अधिक होगा। दूसरा, सरकार अगले वर्ष ऋण और कम करने का लक्ष्य रख सकती थी क्योंकि आने वाले वर्षों में ऐसा करना और कठिन हो सकता है। उदाहरण के लिए, सरकार को आठवें वेतन आयोग के लिए प्रावधान करना होगा। दूसरा 2030-31 से पहले आम चुनाव भी होंगे। अर्थव्यवस्था की अपेक्षित दर से अधिक वृद्धि को देखते हुए सरकार और अधिक सख्त कदम उठा सकती थी। आदर्श रूप से ऋण में निरंतर कमी के लिए सरकार को कम से कम एक छोटा प्राथमिक अधिशेष बनाए रखना चाहिए। ऋण में कमी की गति भी नॉमिनल जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों द्वारा निर्धारित की जाएगी। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण होगा कि विकास दर उच्च स्तर पर बनी रहे। इसके अलावा समग्र राजकोषीय और व्यापक आर्थिक प्रबंधन के संदर्भ में दो अन्य मुद्दे भी ध्यान में रखने योग्य हैं। पहला, सामान्य सरकारी ऋण पर ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है, जो जीडीपी का लगभग 80 प्रतिशत है। इस समाचार पत्र में हाल ही में प्रकाशित एक विश्लेषण से पता चला है कि राज्यों में ऋण स्तर में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे आने वाले वर्षों में केंद्र के स्तर पर ऋण में कमी काफी हद तक प्रभावहीन हो सकती है। इसलिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर ऋण कम करने की गति बढ़ाने के तरीके खोजना महत्त्वपूर्ण है। दूसरा, समग्र राजकोषीय नियोजन में धन का इंतजाम करने की अर्थव्यवस्था की क्षमता को ध्यान में रखना महत्त्वपूर्ण है। सरकार की बढ़ती वित्तीय आवश्यकताओं से निजी निवेश पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। रिपोर्टों के अनुसार बॉन्ड बाजार सरकारी बॉन्डों की अधिक आवक से चिंतित है। वर्ष 2024-25 में घरेलू बचत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की लगभग 6 प्रतिशत थी, जो सरकार की सामान्य वित्तीय आवश्यकता से काफी कम है। यदि निजी कॉरपोरेट निवेश में अपेक्षित रूप से वृद्धि होती है, तो बाजार में ब्याज दरें तेजी से बढ़ सकती हैं। इसलिए यह कहना उचित होगा कि वार्षिक बजट के आंकड़ों से परे मध्यम अवधि के लिए सामान्य सरकारी राजकोषीय नियोजन की आवश्यकता है।

### विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

# मणिपुर : दिलों को जोड़ने की सियासी पहल



मनोज बाजपेयी

**विमर्श**



मणिपुर में एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की पहल की गयी। सरकार का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष युमनाम खेमचंद सिंह को सौंपा गया है, जो एक नेता के रूप में पहाड़ और घाटी में रहने वाले सभी बिरादरियों के बीच संपर्क रखते हैं। खेमचंद सिंह की सियासत समावेशी रही है। मणिपुर की सभी छत्तीस बिरादरियों को जोड़कर राज्य में शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने का प्रयास वे हमेशा करते रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के रूप में खेमचंद सिंह के शपथ के साथ कुकी समाज और कुछ पहाड़ी गुटों ने विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन राज्य के सभी लोगों को समझना होगा कि हर गुट के लिए अलग राज्य या स्वायत्त प्रशासनिक केंद्र नहीं बनाया जा सकता। कहीं न कहीं आपसी सौहार्द और भरोसे के साथ राज्य के लोगों को आगे बढ़ना होगा। मणिपुर में 2023 से उथल-पुथल मची हुई थी। वहां के मैतेयी समाज और कुकी समाज के बीच मामला इतना बढ़ गया था कि इस झगड़े में दोनों पक्षों के दो सौ से भी ज्यादा लोगों की जान चली गई। इतना ही नहीं, दोनों पक्षों के अपने-अपने क्षेत्रों में एक-दूसरे का प्रवेश करना मुश्किल हो गया। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह मणिपुर के हालत को संभालने में पूरी तरह से असफल रहे।

हालात संभालने के लिए केन्द्र सरकार ने दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर अपनी ही पार्टी की सरकार को चलता कर दिया और प्रदेश में राष्ट्रपति राज लागू कर दिया था। इसके बाद अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों ने मैतेयी समाज और खादौ समाज के बीच उत्पन्न गलतफहमियों को दूर करने के प्रयास शुरू किए। ध्यान रखना चाहिए जब मैं यहां खादौ समाज की बात कर रहा हूं तो उसके साथ मणिपुर के कुछ दूसरे छोटे समाज भी इस विवाद में जुड़े हुए थे। उसमें पाएते, गोएते इत्यादि लगभग दस-बारह समाज एकजुट थे। खादौ उनमें से सबसे बड़ा समाज है। सामाजिक समरसता के इन प्रयासों में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष युमनाम खेमचंद सिंह स्व-प्रेरणा से ही सक्रिय थे और पहाड़ में जाकर खादौ समाज से मिलते रहते थे। अविश्वास के उन दिनों में शायद खेमचंद सिंह ही ऐसे नेता थे जिन पर सभी समुदायों के लोग विश्वास करते थे। मणिपुर में आज किसी ऐसे नेतृत्व की ही जरूरत थी जिस पर पहाड़ में रहने वाले और घाटी में रहने वाले सभी समुदाय विश्वास करते हों। खेमचंद सिंह ही इस प्रकार का नेतृत्व प्रदान कर सकते थे। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर की कमान उनके हाथों में देने का निर्णय किया और चार फरवरी को वे मणिपुर के नये मुख्यमंत्री बने हैं। उनके साथ दो उपमुख्यमंत्री भी नियुक्त हुए हैं। कुकी समाज से आने वाली बीजेपी की महिला विधायक नेमचा किपगेन और नागा समाज से आने वाले एल दीखो को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। खेमचंद सिंह ने अपने पहले ही वक्तव्य में कहा कि मणिपुर छत्तीस बिरादरियों (समुदायों) का प्रदेश है। सभी को मिलजुल कर एकात्म भाव से रहना है। इस मामले में मणिपुर हरियाणा से मिलता है। हरियाणा भी छत्तीस बिरादरियों का प्रदेश कहलाता है। उनमें कई बार विवाद भी होता है। इसलिए जब मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने नारा दिया था, 'हरियाणा एक हरियाणवी एक'। खेमचंद सिंह का बयान भी इससे मिलता जुलता है। लेकिन मणिपुर की इन छत्तीस बिरादरियों में हरियाणा की छत्तीस बिरादरियों से एक अंतर है। मणिपुर की एक बिरादरी घाटी में रहती है और बाकी पैंतीस बिरादरियां पहाड़ पर रहती हैं। भेद को आधार बना कर राजनीति करने वाले लोग पहाड़ और घाटी में रहने वालों को लड़ा कर अपनी रोटियां सेंकते रहते हैं। कांग्रेस दशकों से वहां यही करती रही। खेमचंद सिंह की विचारधारा को एकात्म मानवदर्शन में खोजने होंगे। यही कारण है कि बहुत से समाचार पत्रों ने लिखा कि खेमचंद सिंह को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिकी में ही खोजना पड़ेगा। इसे भी संयोग ही कहा जा सकता है कि खेमचंद सिंह चार फरवरी को मुख्यमंत्री बने और फरवरी में ही मणिपुर के मधुमंगल शर्मा ने दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन और सामाजिक समरसता का प्रदेश की छत्तीस बिरादरियों में प्रसार करते हुए अपने प्राण अर्पित कर दिए थे। 11 फरवरी, 1995 की प्रातःकाल। पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी। मधुमंगल शर्मा श्रीमद्भगवद गीता और एकात्म मानवदर्शन की एक प्रति सदा अपने पास रखते थे। गीता उनका आध्यात्मिक दर्शन था और एकात्म मानव दर्शन उसका व्यावहारिक पक्ष। मधुमंगल जानते थे कि मनुष्य की वास्तविक उन्नति उसके व्यावहारिक और आध्यात्मिक पक्ष के समन्वय से ही हो सकती है। उन्हें उस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन पर इंफाल के गिने-चुने बुद्धिजीवियों से चर्चा करनी थी। प्रातः 7.30 बजे का समय था। मधुमंगल अपने घर में बैठे थे। कुछ लोग उनसे चर्चा करने के लिए आए हुए थे। लेकिन मणिपुर को भारत से काट कर अलग देश बनाने के लिए हिंसा का सहारा ले रहे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को मधुमंगल शर्मा का यह अभियान नागवार गुजर रहा था। इस संगठन के लोगों ने विदेशी सहायता से भारत को, विशेषकर पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र को खंडित करने का स्वप्न पाल रखा था। मधुमंगल शर्मा उनके स्वप्न को बार-बार खंडित करते थे। वे मणिपुर की छत्तीस बिरादरियों को जोड़ रहे थे। संगठन में ही बल है। अचानक पीएलए के दो आतंकवादी अंदर आए। उन्होंने वहां बैठे लोगों को बाहर जाने का आदेश दिया। उसके बाद अपनी-अपनी पिस्तौल निकाली, लेकिन गोली चलाने से पहले शर्मा जी को नमस्कार किया। उनके आकाओं की ओर से स्पष्ट निर्देश था कि मधुमंगल से कोई बातचीत नहीं करनी है, उन्हें सीधे-सीधे गोली मारनी है। उनके आकाओं को यह खतरा था कि मधुमंगल शर्मा से प्रश्नोत्तर में उलझ गये तो शायद वे इनको भी अपने तर्कों से राष्ट्रविरोधी कार्यों से मुक्ति दिला दें। यह भी हो सकता था कि फिर ये हत्यारे मधुमंगल शर्मा के पाले में ही खड़े नजर आते। शर्मा जी समझ गये कि उनके जीवन का अंत आ गया है। आतंकवादियों से धमकियां उन्हें बहुत समय से मिल रही थीं, लेकिन उन्होंने शासन से सुरक्षा की गुहार कभी नहीं लगाई थी। उन्होंने राष्ट्र और स्वजीवन में से राष्ट्र को चुना। वह जानते थे कि मणिपुर की रक्षा के लिए और भारत की अखंडता के लिए किसी न किसी को तो बलिदान देना ही होगा। उन्होंने भागने का प्रयास भी नहीं किया। हमलावरों ने छह गोलियां उनके सीने में उतार दीं। एक गोली उनके सीने पर रखी पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा रचित एकात्म मानव दर्शन पुस्तक को चीरती हुई निकल गई।

मणिपुर को बचाने के लिए मधुमंगल शर्मा ने अपना बलिदान दे दिया था। मणिपुर में पहली बार हुआ था कि मणिपुर की छत्तीस बिरादरियों ने किसी को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। लेकिन मणिपुर को तोड़ने वाला और छत्तीस निराश्रितों को लड़ाने वाली शक्तियां शांत नहीं हुईं। बार-बार अपना वेष बदल कर प्रकट होती रहीं। लेकिन आखिर किसी को तो एकता के उन सूत्रों को फिर से संजोना था जो मधुमंगल शर्मा अपने पीछे छोड़ गये थे। अब ये सूत्र खेमचंद सिंह ने संभाले हैं। फरवरी मास में इससे अच्छी श्रद्धांजलि दीनदयाल उपाध्याय और मधुमंगल शर्मा को भला क्या हो सकती है। खेमचंद सिंह से मणिपुर के लोगों को बहुत आशा है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> दरअसल नये नियम तो उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव दूर करने की दृष्टि से बनाये थे, लेकिन इनके अधिसूचित होते ही असमानता के भेद उजागर हो गये। फलस्वरूप समूचे देश में सामान्य वर्ग आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतर आया। सामान्य वर्ग को इसके दुरुपयोग की आशंका है। पूर्व में भी इस तरह के कानूनों का दुरुपयोग किया गया है।

### सोशल मीडिया

यूपी में ही नहीं फिल्मों में भी 'पंडत' को घुस-खोर बताकर पूरे देश जो इनका जो अपमान किया जा रहा है, उससे समूचे ब्रह्मण समाज में जबरदस्त अक्रोश व्याप्त है। मायावती.



इससे पहले कि भाजपा अगले बजट का झूठ बखाने, उससे पहले जनता का हक बनता है कि पिछले बजट की सचाई जानें। भाजपाई आत्म प्रचार का बजट है यह। अखिलेश यादव



भारत-अमरीका में हुए महत्वपूर्ण ट्रेड डील के लिए एनडीए संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अभिनन्दन कर बधाई दी। जेपी नड्डा.



# चिंताजनक है सियासत में गिरावट का यह दौर...



सामयिक

**राधा रमण**

वैसे तो राजनीति का अभिप्राय राजकाज चलाने की नीति से है। इसका एकमात्र मकसद समता मूलक सुसभ्य समाज का निर्माण करना और देश के चहुंमुखी विकास में योगदान देना है। लेकिन दुर्भाग्य से अपने देश में राजनीति का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यह क्षरण कहां जाकर थमेगा, पुख्ता तौर पर कोई नहीं कह सकता। यह गिरावट एक दिन में नहीं आई है। आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं और नीति नियंताओं ने काफी सोच-विचार कर समाज और देश के विकास का सपना देखा था। तब हमारी गिनती एक लुटे-पिटे गरीब देशों में होती थी। आज हम विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होने का दावा करते हैं, लेकिन नैतिक तौर पर तेजी से पाताल की ओर गिरते जा रहे हैं। गत दिनों संसद के भीतर-बाहर जो कुछ भी घटित हुआ, उससे हमारा लोकतंत्र और ज्यादा शर्मसार हुआ है। संसद के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक केन्द्रीय मंत्री को गद्दार दोस्त कहकर पुकारा तो बदले में मंत्री ने उन्हें देश का दुश्मन कह दिया। दोनों नेता कभी एक ही पार्टी में साथ रह चुके हैं। दोनों के पुरखों का देश के विकास में योगदान रहा है। बात इतने में थम जाती तो गनीमत थी।

लोगबाग मान लेते कि हमउम्र होने के कारण दोनों ने मजाक में कुछ बोल दिया। बात बराबर। लेकिन यह क्या? संसद में इस बात को लेकर बतंगड़ बना दिया गया। इसे समुदाय विशेष की अस्मिता से जोड़ दिया गया, खूब हंगामा हुआ। एक बड़बोले सांसद ने तो नेता प्रतिपक्ष को 'फटीचर' तक कह दिया। बेशक, तीनों ही शब्द माननीयों की गरिमा को गिराते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए था, लेकिन हो गया। अब दूसरी घटना। लगभग 22 वर्षों बाद संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में अपनी बात नहीं रख सके। इससे पहले 10 जून 2004 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को तब के विपक्ष (अब सरकार में) के विरोध के कारण संसद में बोलने नहीं दिया गया था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए दोनों ही घटनाएं शर्मसार करनेवाली हैं। लेकिन बात इतनी ही नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने यह बयान देकर सनसनी फैला दी कि प्रधानमंत्री तो संसद में आकर अपनी बात कहने को इच्छुक थे, उन्हें मैंने ही सदन में आने से रोक दिया, क्योंकि उनके साथ कुछ अप्रत्याशित घटना घट सकती थी। सवाल उठता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद में हमारे प्रधानमंत्री असुरक्षित हैं? अगर, वाकई यह बात सही है तो बहुत ही दुखदाई है। प्रधानमंत्री को किससे सुरक्षा का खतरा है? संसद में तो जनता द्वारा चुने गए सांसद बैठते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष के बुलाने पर मार्शल आते हैं। लोकसभा अध्यक्ष को इसका खुलासा करना चाहिए। घटना की नामजद एफआईआर करानी चाहिए और नामजद व्यक्ति अगर संसद का सदस्य है तो उसकी सदस्यता रद्द करनी चाहिए। और अगर यह बात सही नहीं है तो लोकसभा अध्यक्ष को अपने कहे के लिए देश से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। अगर, देश के प्रधानमंत्री अपनी ही संसद में असुरक्षित हैं तो फिर देश में सुरक्षित कौन है? गृहमंत्री क्या कर रहे हैं? हमारी सुरक्षा एजेंसियां किसके आदेश का इंतजार कर रही हैं?

दरअसल, लोकसभा में प्रधान मंत्री के आगमन से पहले विपक्ष की कुछ महिला सांसद वेल में पहुंच गयी थीं, कुछ प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान के बाहर खड़ी थीं। उनके हाथ में तख्ती थी। यह कोई नई बात नहीं है। अपनी बात मनवाने अथवा अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करने के लिए सांसद अक्सर वेल में पहुंचते रहते हैं। वे अपनी बात की तख्ती लिए विरोध भी करते रहे हैं। इससे वे अपराधी नहीं बन जाते। सांसद भी जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं और प्रधानमंत्री भी पूरे देश के हैं। इसी तरह लोकसभा अध्यक्ष भी पूरे सदन के अभिभावक होते हैं। सोमनाथ चटर्जी वर्ष 2004 से 2009 तक वह लोकसभा के अध्यक्ष थे। लोकसभा अध्यक्ष बनते ही उन्होंने यह कहते हुए अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था कि अब वह सांसदों के संरक्षक हैं। दल विशेष का सदस्य होकर वह ऐसा नहीं कर सकते। क्या ओम बिड़ला सोमनाथ चटर्जी का अनुसरण करेंगे? हालांकि, दूसरे दिन प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले लोकसभा की घटना का जिक्र तो किया लेकिन अपनी जान पर खतरा नहीं बताया। कहा कि, लोकसभा में एक बड़ी दर्दनाक घटना घटी। यह स्थितियां राजनीति के गिरते स्तर का प्रतीक है।

# ईश्वर के उपहार

### अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का पारिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

# जन कल्याण का मार्ग

### व्यंग्यलोक

नेताओं को हमेशा सत्ता की चिंता रहती है। सत्ता हर ताले की चाबी है। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो। सत्ता के लिए साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। दो वर्गों को लड़ा कर अपना वोट बैंक सुनिश्चित करते हैं। लूटपाट करवाते हैं, हत्या, आगजनी और बदलात्कार भी बार-बार करवाते रहते हैं।



पूरन सरमा

## आप की बात

### आयात पर निर्भरता

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोजगार के अवसर

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। तकनीकी के इस युग में लगातार रोजगार के मौके घट रहे हैं। जो युवा तकनीक में दक्ष नहीं हैं उनके लिए अपना रोजगार बचाना कठिन हो गया है। इसलिए सरकार को तकनीकी दक्षता के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाना चाहिए ताकि लोगों को तकनीक फ्रेंडली बनाकर उनकी कुशलता को बढ़ाया जा सके।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

संक्षेप

## उपमहानिरीक्षक ने ग्रहण किया पदभार

अयोध्या। अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार का स्थानान्तरण लखनऊ जोन, लखनऊ हो जाने के उपरान्त नवागन्तुक पुलिस उपमहानिरीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा द्वारा रविवार को पद भार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये गये।

पदभार ग्रहण करते हुए नवागन्तुक पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमेन वर्मा ने कहा कि अयोध्या परिक्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।

मेरे द्वारा अयोध्या परिक्षेत्र के जनपदों अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अम्बेडकरन एवं अमेठी में शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निस्तारण, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व दोषियों को सजा दिलाना, सुचारू एवं सुगम यातायात व्यवस्था, माफिया एवं गैंगेस्टर के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही एवं उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए कानून एवं शांति-व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता होगी।

# केंद्रीय बजट विकास, सुधार और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिलाः अर्जुन राम मेघवाल

जिला संवाददाता




अयोध्या। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने केंद्रीय बजट 2026 को ह्यउपलब्धियों और व्यापक सुधारों का बजटह्व बताते हुए कहा कि यह बजट देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा और संत रविदास जयंती जैसे ऐतिहासिक अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवां बजट पेश करना अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। किसी मातृशक्ति द्वारा सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने का यह ऐतिहासिक अवसर देश के लिए गौरव की बात है।

मेघवाल ने बताया कि बजट को तीन प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। पहला भाग वर्ष 2026 की तात्कालिक आवश्यकताओं पर केंद्रित है, दूसरा आगामी पांच वर्षों के विकास की रूपरेखा तय करता है और तीसरा ह्यविकसित भारत 2047ह्व के संकल्प को साकार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई सेक्टर और बैंकिंग क्षेत्र के लिए इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बढ़े आवंटन का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश की सुरक्षा क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी, जबकि 2025 में यह चैथे स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने रिजर्व बैंक के हवाले से बताया कि देश की विकास दर 7.4 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जो वैश्विक परिदृश्य में भारत की मजबूत स्थिति को दशार्ता है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, डा राकेश मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र पाण्डेय, मनोज वर्मा, दिवाकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## क्षतिग्रस्त सीवर की हुई मरम्मत

अयोध्या। तकरीबन दस दिन पूर्व ह्लनगर की सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर निकले महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के सामने अवधपुरी कॉलोनी में रास्ते पर सीवर का पानी बहाने की समस्या सामने आई थी। इस समस्या का समाधान जल निगम के माध्यम से कर दिया गया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि नागरिकों ने पार्षद सौरभ सूर्यवंशी की अगुवाई में समस्याओं से अवगत कराया था। इसमें परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले कच्चा मार्ग पर सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त होने की समस्या शामिल थी।

निरीक्षण के दौरान काली माता मंदिर के निकट सीवर लाइन का पानी कच्चा मार्ग पर बहता दिखा था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने तुरंत छतिग्रस्त सीवर लाइन को ठीक कराने का निर्देश जल निगम को दिया था। नगर निगम में कर्मचारियों का दल लगाकर सीवर लाइन की मरम्मत करा दी है। इससे वहां की की समस्या का समाधान हो गया है। स्थानीय लोगों ने रामचंद्र शर्मा की अगवाई में महापौर एवं पार्षद का आभार जताया है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से एक की मौत, तीन घायल



बहराइच। जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वही तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है। कि घने कोहरे के चलते हादसा हुआ है। पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित इमलियागंज ग्राम का रहने वाला तहसीलदार नाम का युवक दरगाह इलाके में स्थित मालानी एग्रो मिल में काम करता था। शनिवार की देर रात कार्य खत्म होने के बाद वो अपने तीन अन्य साथियों विजय, राजराज व दिलीप निवासी इकौना जनपद श्रावस्ती के साथ बाइक से वापस घर जा रहा था। तभी दरगाह थाना क्षेत्र में स्थित गगनचक के पास घने कोहरे के चलते ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने तहसीलदार को मृत घोषित कर दिया अन्य तीन घायलों का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड रिसिया का किया निरीक्षण



बहराइच। सम्पूर्ण समाधान से लौटते समय जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा विकास खण्ड रिसिया के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय एवं विकास खण्ड परिसर का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड मुख्यालय पहुंचने पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कार्यालय परिसर एवं परिसर में निर्मित पार्क का निरीक्षण किया। कार्यालय परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार से कार्यालय परिसर में निर्मित कामिकों के आवासों तथा उसके रहने वाले कार्मिकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम श्री त्रिपाठी ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों का अवलोकन करते हुए पटल सहायकों से अभिलेखों के रख-रखाव इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने ग्रान्ट रजिस्टर का अवलोकन करते हुए खण्ड विकास अधिकारी आवंटित बजट तथा योजनाओं की वित्तीय प्रगति की बाबत जानकारी प्राप्त की। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शासनादेशों से सम्बन्धित गार्ड फाईल का अवलोकन करते हुए स्थापना लिपिक सुरेन्द्र सिंह को निर्देश दिया कि फाईल में अनुकम्रणिका को अद्यतन रखा जाय। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी रिसिया राजेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास संजय मिश्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेश चन्द्र, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण अजय कुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आनन्द स्वरूप श्रीवास्तव सहित विकास खण्ड में कार्यरत अन्य कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामपथ पर ई-रिक्शा पर रोक गरीबों के साथ अन्याय




अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में प्रशासन द्वारा रामपथ पर लगाए गए ईरिक्शा प्रतिबंध ने न केवल चालकों की आजीविका पर संकट खड़ा किया है, बल्कि उनके पूरे परिवार के जीवन को प्रभावित कर दिया है। सैकड़ों परिवार जो वर्षों से इस रोजगार के माध्यम से अपने बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और बूढ़े माता-पिता की दवाइयों तक का इंतजाम करते थे, आज रोजी-रोटी के संकट में हैं। शाने अवध सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने कहा कि यह प्रतिबंध शहर के गरीब तबके के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ट्रैफिक जाम की समस्या का ठीकरा केवल ई-रिक्शा चालकों पर फोड़ दिया, जबकि असली समस्या अव्यवस्थित यातायात प्रबंधन और सड़कों की संकीर्णता है। अगर किसी व्यवस्था में सुधार की जरूरत है, तो उसे व्यवस्थित किया जाता है न कि उस व्यवस्था से जुड़ी हजारों जिंदगियों को बेरोजगार कर दिया जाता है। यह निर्णय गरीबों की मेहनत, उनकी गरिमा और उनके अस्तित्व पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह केवल ई-रिक्शा चालकों का मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज के उस वर्ग का है जो उनके जरिए अपने जीवन से जुड़ा हुआ है। जब ई-रिक्शा बंद होंगे, तो सवारी की कमी से गलियों के छोटे होटल, ठेलेवाले, दुकानदार और बाजारों में काम करने वाले लोगों तक की आमदनी घट जाएगी। रामपथ के साथ साथ अयोध्या की भीतरी गलियों में चलने वाले ई-रिक्शा आम लोगों के लिए जीवन रेखा हैं कृ ये न केवल रोजगार का साधन हैं, बल्कि शहर की गतिशीलता का आधार भी हैं। शरद शुक्ला ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि जिन ई-रिक्शाओं को प्रशासन ने ह्यजाम का कारणह्व बताया है, उनकी जगह अब गोल्फ कार्ट जैसी महंगी गाड़ियाँ चलवाने की तैयारी की जा रही है। गोल्फ कार्ट असल में खुले ट्रैफिक वाले रास्तों के लिए नहीं बनी हैं, वे बंद परिसरों, होटलों और हवाई अड्डों जैसी जगहों के लिए होती हैं। प्रशासन का यह निर्णय साफ दिखाता है कि गरीब रिक्शा चालकों को सड़कों से हटाकर कुछ सेठों और बड़े कारोबारियों की जेब भरने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला जनविरोधी और पक्षपातपूर्ण है। एक ओर गरीब आदमी का पसीना सूखने नहीं दिया जा रहा, दूसरी ओर पूंजीपतियों के हित में फैसले लिए जा रहे हैं। शरद शुक्ला ने प्रशासन से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने और ई-रिक्शा संचालन के लिए संतुलित व्यवस्था लागू करने की मांग की। प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों, उनके परिवारों, समाजसेवियों और स्थानीय व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में यह मांग रखी कि प्रतिबंध को वापस लेकर ई-रिक्शा चालकों को फिर से अपने काम पर लौटने दिया जाए, ताकि उनके परिवारों की रसोई फिर से जल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी गुलशन तिवारी, छात्रनेता इमरान हाशमी, श्री अयोध्या जी ई रिक्शा कल्याण समिति ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी प्रबंधक शाहिद खान उर्फ सोनू, इंद्रपाल साहू (उ.प्र. मुख्य ट्रस्टी प्रबंधक), धनेश सोनी (अध्यक्ष), विशाल गुप्ता (कोषाध्यक्ष), रोहित साहू (महासचिव), मोहम्मद सईद उर्फ सोनू सचिन, नीरज सोनकर (उपाध्यक्ष), उषा साहू (महामंत्री), आफताब अली (मुख्य संयोजक), विजय गुप्ता (नगर उपाध्यक्ष), गणेश जयसवाल, अब्बास समेत बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



नानपारा (बहराइच)। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने, सतत एवं समावेशी विकास को दिशा देने के लिए चलाए जा रहे ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के उपलक्ष्य में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने रविवार को तहसील परिसर में विधिवत पौधारोपण किया। इस अवसर पर आम, अमरुद, नीम, कचनार, आवला आदि प्रजातियों के कुल 20 से अधिक पौधों का रोपण किया गय इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल की और लोगों को प्रेरित किया एसडीएम ने पौधा रोपित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में तहसील के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी एवं वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पीयूष गुप्ता व अन्य वन विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सभी ने अभियान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान सतत रूप से वर्ष भर जारी रहेगा और अधिक से अधिक पौधारोपण कर क्षेत्र को हरित बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## सड़क हादसे में एक की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर गोरखपुर से आ रहा दूध का टैंकर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। टैंकर में चालक के साथ बैठे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान टैंकर मालिक के भाई बुलंदशहर निवासी सतीश पुत्र मांगेराम उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुई है। दुर्घटना की चपेट में एक साइकिल सवार राहगीर भी आ गया। जिसे इलाज के लिए ग्रामीणों ने जिला चिकित्सालय भेजा है। साइकिल सवार की मौके पर पहचान नहीं हो पाई। घबराकर टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टैंकर नंबर और लिखे मोबाइल नंबर से मिली जानकारी पर टैंकर मलिक को सूचना दे दी गई है।

## ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल को पूर्व मंत्री तेज नाराण पाण्डेय ने दिया समर्थन




अयोध्या। समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अयोध्या में ई रिक्शा यूनियन द्वारा किए जा रहे आमरण अनशन स्थल पर पहुंचकर रिक्शा चालक संघ द्वारा अयोध्या के सभी रूट में रिक्शा चालकों की मांगों का समर्थन करते हुए अधिकारियों से विचार करने के लिए कहा। प्रवक्ता राकेश यादव में बताया धरने को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा आज ई रिक्शा चालक अयोध्या की रूट पर ई रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे थे इस कमाई से वह अपने बच्चों की फीस दवाई और घर का खर्चा चला रहे थे लेकिन प्रशासन ने राम पथ पर लता मंगेशकर चैराहा से टेढ़ी बाजार तक इनका प्रवेश वर्जित कर दिया है जिससे उनके जीवन यापन और रोजी-रोटी मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने अधिकारियों से मांग की कि उनकी मांगों पर यथा संभव विचार कर बीच का रास्ता निकालकर इनको रूट निर्धारण कर चलने की अनुमति दें जिससे इनका जीवन यापन हो सके। भाजपा सरकार लगातार गरीबों का उत्पीड़न कर रही है, इस मौके पर नि. उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, व्यापार सभा महानगर अध्यक्ष शक्ति जायसवाल, विजय यादव, अनिल मिश्रा, मुकुंद माधव, मनीष गुप्ता, वैभव गुप्ता, मिश्रा अयोध्या रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बालिका को जबड़े में दबाकर भागा तेंदुआ, मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में लगातार वन्यजीवों के हमले बढ़ते जा रहे हैं कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्निया रेंज के मोहकम पुरवा गांव में एक बालिका अपने घर के आंगन में खेल रही थी इसी दौरान खेत से निकले तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसको जबड़े में दबाकर खेत की ओर भागा, इस दौरान परिजनों ने जब बालिका के चिल्लाने की आवाज सुनी तो तेंदुए के पीछे भागे तेंदुए ने शोरगुल सुन और लोगों को अपनी तरफ आते देख बालिका को घर से 40 मीटर की दूरी पर गन्ने ओर गेहूं के खेत के पास छोड़ दिया तेंदुए के हमले के चलते बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई बालिका को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई

पूरा मामला का कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का है जहां पर कतर्निया रेंज के मोहकम पुरवा गांव के समीप राजू गौतम का घर स्थित है राजू के घर के आंगन में उसकी बेटी लगभग 6 वर्षीय सहजल खेल रही थी इसी दौरान अचानक घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसको जबड़े में दबाकर खेत की तरफ भागा

बच्ची की चीखें सुनकर परिजन खेत की तरफ भागे तो तेंदुए ने बालिका को छोड़ दिया तेंदुए के हमले में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई बालिका के परिजन बालिका को निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां पर बालिका की हालत को गंभीर देखते हुए निजी चिकित्सक ने बालिका को सुजौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जहां पहुंचने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद डॉक्टर आरपी सिंह के द्वारा बालिका का निरीक्षण किया गया और उनके द्वारा बालिका को मृत घोषित कर दिया गया जिसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में लगातार तेंदुए के हमले बड़खड़िया बीट में या आस पास हुए हैं लेकिन वन विभाग के द्वारा घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते आज एक मासूम की जान चली गई है ग्रामीणों ने वन विभाग पर अनदेखी के आरोप लगाए हैं दो हफ्तों में सुजौली थाना क्षेत्र में तेंदुए के हमले में करीब तीन बच्चों की जान जा चुकी है इस दौरान ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उनके द्वारा लगातार एंबुलेंस के लिए 108 पर कॉल किया गया लेकिन फोन न लगने के कारण एंबुलेंस मौके पर नहीं आ सकी ग्रामीण क्षेत्रों में घटनाएं होने पर इस तरीके के मामले लगातार सामने आ रहे हैं

## जंगली जानवर ने मासूम पर किया हमला, हालत गंभीर



बहराइच। जिले के खैरीघाट इलाके में शनिवार की रात एक आठ साल के मासूम पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया।

चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद उसकी जान बच सकी। मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। खैरीघाट थाना क्षेत्र में स्थित बेलामकान ग्राम में रहने वाले ग्रामीण का आठ साल का बेटा उमेश शनिवार की रात पड़ोस में स्थित एक मकान में गया था। जब वो वहां से वापस अपने घर आ रहा था तभी झाड़ियों से निकले जंगली जानवर ने उसपर हमला कर दिया। चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद जानवर उसे छोड़ भाग गया। हमले में मासूम के गले पर गहरा घाव हो गया।

परिजन इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है

# किसान डिग्री कॉलेज में मेगा कैंप आयोजित



बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑगेनाईजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर जी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इन स्वास्थ्य कैंपों में 80 मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक छात्र भाग लेते हैं उन्होंने कहा की सेवा का कार्य पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि मैं उसका पुजारी हूं जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य रहते हैं नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्र में अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी एकत्र कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की सेवा यात्रा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के मन में सेवा का भाव उत्पन्न हो यही इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को संपादित करने में हजारों कार्यकर्ता अपना समय लगते हैं तब यह यात्रा व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो पाती है। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सेवा है। इसी मिशनरिया सेवा के माध्यम से लोग धर्मांतरण का कार्य करते थे किंतु गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा का उद्देश्य का नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं यह शरीर एक साधना है। इस शरीर का उपयोग सेवा और समाज निर्माण के किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बृजेश शुक्ला डॉक्टर पुष्पेंश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एनएममो अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, आरएमएल के सीएमएस डॉ विक्रम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान लखनऊ प्रोफेसर सी एम सिंह, सीएमओ डॉ संजय कुमार, निर्देशक जेएसवी हुंडई जतिन वर्मा, वाइस चेयरमैन सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ श्लोक सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने भी संबोधित किया। इस स्वास्थ्य शिविर में केजीएमयू ,आरएमएल, एसजीपीजीआई, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके तिवारी, डॉ संगीता मौर्य, डॉ पूजा जायसवाल, डॉ महेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# चकमार्ग पर अवैध कब्जा, जनहित याचिका में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडासा में स्थित चकमार्ग पर अवैध कब्जे के खिलाफ दायर जनहित याचिका (पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन) पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने याचिका का निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत शुरू की गई अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही को शीघ्रता से कानून के अनुसार पूर्ण किया जाए। याचिकाकर्ता धर्मराज ने अपनी जनहित याचिका में गाटा संख्या 2512 क्षेत्रफल 0.0470 हेक्टेयर पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। यह भूमि अयोध्या जनपद के ग्राम पंचायत खंडासा में चकमार्ग के रूप में दर्ज हैं, जो सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। इस मामले में एसडीएम मिल्कीपुर, अयोध्या द्वारा उपलब्ध कराए गए लिखित निर्देशों के

- एसडीएम मिल्कीपुर को अतिशीघ्र अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश

आधार पर स्टैंडिंग काउंसिल ने सूचित किया कि धारा 67 के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पहले से ही शुरू हो चुकी है। कोर्ट ने इन निर्देशों को रिकॉर्ड पर लिया और याचिका का निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उक्त गाटा संख्या पर चल रही कार्यवाही को अधिकतम शीघ्रता से कानून के अनुरूप पूरा किया जाए। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि अब चकमार्ग से अतिक्रमण शीघ्र हटाकर आम जनता को राहत मिलेगी। उच्च न्यायालय अधिवक्ता सूरज कौशल ने बताया कि यह फैसला ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक भूमि, चकमार्ग, तालाब, खलिहान आदि पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ एक मजबूत संदेश है। कोर्ट के इस फैसले से ग्राम सभा की जमीन अवैध कब्जा मुक्त होगी। संबंधित अधिकारियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शों का पालन कर सार्वजनिक रास्ते को खाली कराते हुए अतिक्रमण कारियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जिसके चलते ग्राम सभा की सार्वजनिक सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा न हो।

## दहेज उत्पीड़न पर ससुरालीजनों के विरूद्ध मुकदमा

बांदा। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज किया है।

पैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पडेरी निवासी रंजना तिवारी पत्नी अनिल तिवारी ने थाना में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी ग्राम सिंधनकला में हुई थी।

कहा कि उसके पिता रमेश द्विवेदी ने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज, तीन लाख नगद व दो लाख का सामान दिया था। पीड़िता ने बताया कि विदा होने के बाद से ही आए दिन पति अनिल तिवारी पुत्र दयाशंकर तिवारी, सास कौशल्या, चचिया ससुर हरिशंकर, देवर प्रदुम्न अतिरिक्त दहेज के लिए लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

कुछ दिनों बाद ससुरालीजन उसके साथ मारपीट भी करने लगे।

## शहर के सभी मार्गों पर वाहनों का संचालन प्रशासन की जिम्मेदारीः सूर्यकांत

अयोध्या। शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं भाकपा नेता सूर्य कांत पाण्डेय ने जिला प्रशासन पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रीडगंज देवकाली मार्ग को बैरीकेडिंग लगाकर सप्ताह में एक दिन बंद करने वाले रामपथ पर आटो रिक्शा का संचालन बंद कराकर हजारों आटो चालकों को बेरोजगार कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री द्वारा घोषित रोजगार पर जिला प्रशासन का प्रहार है।

उन्होंने कहा कि जनता को बृहस्पतिवार को रीडगंज देवकाली मार्ग बंद करने वाले किस नियम और नीयत से रामपथ पर आटो रिक्शा का संचालन बंद कर रहे हैं। यह घनघोर संसय का कारण है। इससे उनके दोहरे आचरण का पता चलता है। घनघोर बेरोजगारी में प्रशासन द्वारा और बढ़ोतरी का कारण बनेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि रीडगंज देवकाली मार्ग पर दर्जनों अस्पताल और जनपद का एकमात्र हार्ट का अस्पताल है, जहां कयी जनपदों से रोज मरीज आते है। उस मार्ग पर अमानवीय तरीके से एंबुलेंस को बाधित किया जाता है। प्रशासन की हृदयहीनता का उदाहरण है। शहर के सभी मार्गों पर, सभी प्रकार के वाहनों का व्यवस्थित संचालन प्रशासन की जिम्मेदारी है। दोहरा चरित्र जनता बर्दाश्त नही करेगी। इसके लिए शीघ्र बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

संक्षेप

## नाबालिग किशोरी ने लगायी फांसी

**सलोन, रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थिति में नाबालिग किशोरी ने घर की खूंटी में रस्सी के सहारे फंदे से झूलकर आत्म हत्या कर ली है ।घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर कार्यवाही शुरू कर दी है ।कोतवाली अंतर्गत ग्राम रेवहारा निवासी सुखराम की पुत्री अनुराधा( 13 )शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलती मिली ।परिजनों ने किशोरी को फांसी के फंदे से उतारकर सीएचसी सलोन में भर्ती कराया ।यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।चैकी प्रभारी सूची स्वदेश कुमार ने बताया कि नाबालिग किशोरी अनुराधा ने पूर्व से मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती थी ।शनिवार को अपने घर की दीवाल में लगी खूंटी में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। ।जिसको परिजनों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन ले जाया गया था ।कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की घटना में किसी प्रकार की तहरीर नही प्राप्त हुई है ।शव को पीएम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया है।

## बिजली विभाग का ओटीएस स्कीम जनता के जेब पर है डाका

सोनभद्र। किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा की जन चैपाल विधानसभा 401 के चतरा ब्लाक के डोमरिया चेरो बस्ती में आयोजित की गई। इस दौरान मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र ने कहा कि बिजली विभाग की ओटीएस स्कीम जनता के जेब पर डाका है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में लोग बिजली के बिल से परेशान हैं, जिनका तीन लाख रुपए का बिल आया है, जबकि उनके घर में मात्र पांच बल्ब और एक टबल फैन है। मिश्र ने कहा कि सरकार का दावा है कि वह सबको फ्री राशन दे रही है, लेकिन उन्हीं राशन कार्ड के लाभार्थी लोगों के घरों पर बिजली के बिल से आम जन कराह रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग पूरी तरह से अहंकार में डूबे हुए हैं और उन्हें जनता के दुख दर्द से कोई सरोकार नहीं है। मिश्र ने कहा कि आने वाले दिनों में बिजली विभाग के मनमानी बिल के विरुद्ध एक बड़ा प्रदर्शन मुख्यालय पर किया जाएगा, क्योंकि हमें अपने परिवार के लोगों का शोषण बर्दाश्त नहीं है। इस कार्यक्रम में प्रदुम्न बिन्द, रामरक्षा बिन्द, विनोद चेरो, बाबूलाल चेरो और अजय के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक अभियान शुरू

**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद ने शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत, शहर की बंद पड़ी नालियों की बड़े पैमाने पर सफाई कराई जा रही है ।सफाई निरीक्षक विजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह अभियान ओलंदगंज से पॉलिटेक्निक चैराहा, काली कुट्टी, नईगंज और रुहट्टा जैसे विभिन्न मोहल्लों में चलाया गया। नाला गैंग के कर्मचारियों को लगाकर नालियों की गहन सफाई सुनिश्चित की गई, जिसकी स्थानीय निवासियों ने सराहना की ।नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है और यह समय-समय पर जारी रहेगा। अधिशासी अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे भी इस स्वच्छता अभियान में सहयोग करें, कूड़ा समय पर बाहर निकालें और सड़कों पर न फेंकें। सफाई इंचार्ज अरविंद सिंह ने जानकारी दी कि वे अपने क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में नियमित रूप से सफाई करवाते रहते हैं।

# अंडर पास के लिए मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**जौनपुर।** औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर पूरनपुर गांव के सामने रेल विभाग द्वारा आवागमन अवरुद्ध किए गए स्थान पर अंडरपास बनाने की मांग से संबंधित ज्ञापन ग्रामीणों ने पूर्वांचल किसान संगठन के नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी को संबोधित डोभी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर आनन्द सिंह को सौंपा। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग किया है कि औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर पूरनपुर गांव के सामने दर्जनों गांवों की हजारों की संख्या के आबादी का आवागमन दशकों से होता रहा है जो अनवरत चल रहा था, जिसे एक सप्ताह पूर्व रेल विभाग ने बंद कर दिया। चंदवक बाया बगेरवा पूरनपुर, कैथौली, लोकपट्टी सहित अन्य गांवों के लोगों के आवागमन के लिए संबंधित विभागों द्वारा पक्के सड़क का निर्माण भी कराया गया है। रेल विभाग द्वारा लोहे का गार्डर गाड़ कर रास्ता अवरुद्ध कर देने से आवागमन में परेशानी हो रही है। आवागमन में हो रही परेशानी से आक्रोशित ग्रामीणों ने किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में चार दिन पूर्व उक्त स्थान पर प्रदर्शन भी किया था, जिसका संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य औड़िहार संजीत कुमार ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण कर नाप जोख की। संवाद के दौरान ग्रामीणों ने सीधा अंडरपास की मांग दोहराई। ज्ञापन देने वालों में साहब सिंह, सोनू सिंह, नन्दलाल सिंह, जिउतबन्धन सिंह, महेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र सिंह,ज्ञानेन्द्र सिंह, रमाशंकर सिंह, सुरेन्द्र सोनकर, संजय सिंह,रोहित सिंह ,जयकेश भाष्कर फेरु गोड़,रिंकू पाठक सहित अन्य लोग थे।

## ग्रामीणों ने प्रदूषण को लेकर डीएम को सौंपा पत्रक

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज विकास खण्ड क्षेत्र के लसड़ा गांव के ग्रामीणों ने समाधान दिवस में अनन्या राइस मिल व गोलू राइस मिल द्वारा काला राख व अपशिष्ठ ( धान का ) पूरे गाँव में उड़कर वातावरण प्रदूषित करने को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। बताया है कि अनन्या राइस मिल व गोलू राइस मिल जो लगभग 7-8 वर्षों से संचालित है। जिसमें धान की दराई व उलवा चावल व आटा बनता है। जिससे धुंऑ के रूप में काला राख व सफेद राख अगल-बगल के लगभग दस गाँवों में उड़ता रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों के सेहत के साथ ऑखों में पड़ने से नुकसानी व फसल की काफी नुकसान कर रहा है।

वातावरण प्रदूषित होने की वजह से ग्रामीणों व बच्चे व महिलाओं के आँखों की बीमारी व सॉस सम्बन्धी बीमारी धीरे-धीरे फैल रही है। जिससे आने वाले भविष्य में ग्रामीण जनता, बच्चे, महिलाओं को उक्त काला राख के धुंऑ से गंभीर बीमारी का अंदेशा है और कृषि योग्य जमीन की फसल नष्ट हो रही है। राख के कारण जमीन धीरे-धीरे बंजर होने के कगार पर है। उक्त राइसमिल मालिक अम्बरीश जायसवाल द्वारा घोर लापरवाही करते हुए काला राख धुआँ व राख निकलने हेतु प्रदूषण रोकने के मापदण्ड का पालन नहीं किया गया है, और चिमनी से काला राख व धान का राख ग्रामीणों, बच्चों, महिलाओं के फेंफड़ो में जाकर संक्रामक रोग का धीरे-धीरे विस्तार कर रहा है। उक्त अनन्या राइस मिल के मालिक अम्बरीश का कहना है कि ह्यमेरी पहुँच ऊपर तक है और रविन्द्र जायसवाल प्रभारी मंत्री रिस्तेदार है, जिसको जहाँ शिकायत करनी करें मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। राईस मील संचालक द्वारा प्रदूषण नियंत्रण का कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। जिसके कारण क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि पूर्व में कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र उक्त राइस मिल के द्वारा फैलाये जा रहे काला राख व धान के राख के धुवाँ को रोकने हेतु दिया गया है। किन्तु आज तक संबंधित विभाग उक्त राइस मिल के खिलाफ प्रदूषण रोकने हेतु कोई कार्यवाही नहीं किया। जिससे प्रतीत होता है कि संबंधित विभाग की मिलीभगत है। ग्रामीणों ने उपरोक्त अनन्या राइस मिल व गोलू राइस मिल स्थित ग्राम-लसड़ा उपरोक्त द्वारा दसों गाँवों ( क्षेत्रों ) में फैलाये जा रहे काला राख ( धुवाँ ) व धान का राख प्रदूषण को तत्काल रोकने हेतु कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग किया है। ताकि ग्रामीण जनता का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे व कृषि बर्बाद न हो।

## कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है




**रायबरेली।** जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने अपने पदभार ग्रहण के महज एक दिन बाद ही सक्रियता दिखाते हुए थाना कोतवाली नगर व थाना जगतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। , जिसमें उन्होंने थाने की व्यवस्था, अभिलेखों से लेकर कर्मचारियों की सुविधाओं तक का गहन जायजा लिया। दोनों थानों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मैस ( कैंटीन/भोजन व्यवस्था ), बैरक ( पुलिसकर्मियों के आवास ), बंदीगृह ( जेल/लॉकअप ) के साथ ही थाने पर मौजूद विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों और सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय उन्होंने अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, महिला एवं साइबर से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने, थाने की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया। जहां भी कोई कमी या सुधार की आवश्यकता दिखी, वहां संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे आमजन से शालीन व्यवहार करें, अपनी ड्यूटी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएं तथा जनता की शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर उनका निपटारा सुनिश्चित करें।

## बाइकों की भिंड़त में दो की मौत, दो जख्मी

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो सड़का में दो बाईको की हुई आमने-सामने भिंड़त दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना के बाद मौके पर लोगो का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। सरेनी थाना क्षेत्र के रावतपुर कलां गांव निवासी रामप्रसाद( 25 ) पुत्र रामकरन, तेजबहादुर ( 25 ) पुत्र छेदीलाल व धुन्नर ( 35 ) पुत्र रामनाथ निवासी मंगाखेडा मजरे सेमरपहा एक ही बाईक में सवार होकर फतेहपुर की ओर जा रहे थे। गेंगासो की ओर से लौट रहे खीरो थाना क्षेत्र के पाहो गांव निवासी महेंद्र सिंह ( 55 ) की बाईको की पूरे बढ़ईन गांव के पास आपस में जोरदार टक्कर हो गई। तेज आवाज के साथ लोगो की चीखें सुनकर मौके पर पहुंचे लोगो ने तत्काल घायलो को एम्बुलेंस व अन्य साधनो की सहायता से सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सको ने तेजबहादुर व महेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी रामप्रसाद व धुन्नर को प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया है। मौके पर लोगों की भीड के चलते फतेहपुर मार्ग में जाम की स्थिति बनी रही जिसे पुलिस ने कडी मषक्कत के बाद हटाया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शवो को अन्त्य परीक्षण के लिये भेजने के साथ मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## फिल्म घूसखोर पंडत के विरोध में दी तहरीर, एफआईआर दर्ज

**सोनभद्र।** विवादित फिल्म ह्यघूसखोर पंडतह्व को लेकर जनपद में विरोध तेज हो गया है। रविवार को कथा वाचक अवधेश कुमार मिश्रा उर्फ मनीष दास महाराज अपने समर्थकों के साथ कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पहुंचे और फिल्म के निर्देशक नीरज पांडेय, अभिनेता मनोज बाजपेई सहित फिल्म से जुड़े अन्य सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। मनीष दास महाराज ने बताया कि वह मूल रूप से जनपद जौनपुर के निवासी हैं और वर्तमान समय में तेजनगर उरमौरा, रॉबर्ट्सगंज में श्रीमद्भागवत कथा वाचन के लिए आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ओटीटी चैनल व नेटफ्लिक्स पर घूसखोर पंडत फिल्म देखने के बाद वह बेहद आहत हैं। आरोप लगाया कि फिल्म में एक जाति विशेष को अपमानित कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि फिल्म के माध्यम से समाज में जहर घोलकर जातीय संघर्ष का बीज बोया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि आज घूसखोर पंडत जैसी फिल्म बनाई जा रही है, तो आने वाले समय में दलाल क्षत्रिय, देशद्रोही यादव, भ्रष्ट बनिया जैसे आपत्तिजनक नामों से फिल्में बनने लगेंगी, जिससे सामाजिक समरसता को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। ऐसे कृत्यों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान पवन कुमार मिश्रा, राजीव सिंह गौतम (अध्यक्ष, अधिवक्ता परिषद), विनोद कुमार शुक्ला (महामंत्री, अधिवक्ता परिषद जनपद सोनभद्र), आनंद ओझा, नवीन कुमार पांडे, आशीष कुमार पांडे, आचार्य आलोक तिवारी, अभिषेक पाठक, विनय शुक्ला, महेश शुक्ला, अरुण तिवारी, श्याम द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने आक्रोश जताया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर कोतवाली रॉबर्ट्सगंज में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

## पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात



**रायबरेली।** पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य शिव बारात, नगर भोज, सांस्कृतिक झांकियां, नृत्य प्रस्तुति एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज गेट संख्या-3 पर सुनिश्चित किया गया है। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा रविवार को बताया गया कि बारात उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में राजकीय कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से इंदिरा उद्यान, बरगद चौराहा, मामा चौराहा, नेहरू नगर, इंदिरा नगर मध्य मार्ग से होते हुए आर.डी.ए. कांप्लेक्स, डिग्री कॉलेज चौराहा, कैनाल रोड, डीएम चौराहा, अस्पताल चौराहा, हाथी पार्क होते हुए पुनः डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर पर पहुंचेगी, जहां बारात की आरती व भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत बारात डिग्री कॉलेज गेट नंबर 3 पर पहुंचेगी, जहां शिव विवाह संपन्न होगा। साथ ही भजन संध्या निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं बल्कि आस्था, संस्कृति व सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

शिव बारात व भंडारे के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं ।ट्रस्ट का उद्देश्य सेवा, सहयोग और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना है। बारात में वर पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में अजय सिंह जहाजी सपत्नी ज्योति सिंह एवं कन्या पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में सतीश सिंह सपत्नी पूनम सिंह मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री बब्बी शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु तिवारी, सुधीर पांडेय ,हरिओम सोनकर, मंत्री प्रशांत कुमार, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता आदि सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बैठक के उपरांत अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने सभी आगंतुक अतिथियों व पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बैसवारा महाविद्यालय व बीएमपीएस में सीटीईटी की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** जिले के प्रतिष्ठित नैक द्वारा मूल्यांकित ग्रेड-बी बैसवारा महाविद्यालय मे प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय व बक्सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 7 व 8 फरवरी को सीटीईटी की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.रमेश चंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 फरवरी को महाविद्यालय में आयोजित प्रथम पाली की परीक्षा में 480 अभ्यर्थियों में से 428 एवं द्वितीय पाली में 480 अभ्यर्थियों में से 434 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। वहीं 8 फरवरी को आयोजित परीक्षा के प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में 480 अभ्यर्थियों में से 441 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं बक्सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भी षिक्षा पात्रता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# कलश शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**जगदीशपुर, अमेठी।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भागीरथपुरम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।

आयोजक शिवनरेश उपाध्याय ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध कथावाचक विनय प्रिय त्रिपाठी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश शोभायात्रा भागीरथपुरम स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो रानीगंज मार्ग से होते हुए गोमती नदी स्थिति आमघाट पहुंची। वहां गोमती नदी के तट पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर पूजन-अर्चन किया ।कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचे। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा लोगों की आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आगे बताया कि 10 को पुरुष दंगल 11 फरवरी को महिला दंगल व 15 फरवरी को घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी, राम लोटन उपाध्याय, अमर उपाध्याय, शुभम उपाध्याय, रहमान अली नेता, दीपचंद कौशल, सत्यम त्रिपाठी प्रदीप तिवारी प्रज्ञा बाजपेई आदित्य पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में धार्मिक संस्कारों को मजबूत करने वाला बताया। आयोजकों के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा के माध्यम से भक्तों को जीवन में धर्म, सत्य, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जाएगी।

## एमएलसी ने सोन कप क्रिकेट टूर्नामेंट का किया भव्य शुभारंभ



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर के प्रसिद्ध हाईडिल मैदान में सोन कप क्रिकेट टूर्नामेंट के 12वें संस्करण का रविवार को फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्षा रूबी प्रसाद और प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.एचपी सिंह भी मौजूद रहे। सोन कप आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह चंदेल ने बताया कि यह टूर्नामेंट 11 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में लखनऊ, रांची, दिल्ली, मेरठ, पटना, सुल्तानपुर और बलिया सहित 16 टीमें भाग ले रही हैं। एमएलसी एकादश और डॉक्टर्स एकादश के बीच आज सद्भावना मैच कराकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने कहा कि सोन कप क्रिकेट टूर्नामेंट सोनभद्र की एक महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिता है जो युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करती है। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, अंबुज सिंह धीरज सिंह अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

## महराजगंज मण्डल के शक्ति केंद्र सलेथू की बैठक संपन्न



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज मण्डल के शक्ति केंद्र सलेथू की बैठक रविवार को असनी गांव में आयोजित हुई। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत का सपना मोदी जी का नहीं, देश के 140 करोड़ लोगों का है। इसमें हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। वहीं भाजपा की पूर्व जिलामंत्री जिलापंचायत सदस्य आरती गौतम ने सभा को सम्बोधित करते हुए मौजूद लोगों को 2047 विकसित भारत बनाने में सहयोग के लिए संकल्प दिलाया गया। इसके अलावा जिला महामंत्री शरद सिंह, सरोज गौतम एडवोकेट पूर्व जिला महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष, भूपेश मिश्रा, अवधेश मिश्रा, राम प्रकाश गौतम, तुलसी मौर्या आदि ने अपने सम्बोधन में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में शक्ति केंद्र पर बैठक के आयोजन कर्ता अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रहमत अली ने कार्यकताओं व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनुज मौर्य, नरेंद्र सिंह, मण्डल महामंत्री शिवम मिश्रा, बूथ अध्यक्ष महादेव लोधी, मनीष सिंह, भोलू सिंह, अमरेश अवस्थी, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसपी रवि कुमार ने अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर दिये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**रायबरेली।** जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद ही कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने पुलिस कार्यालय स्थित किरण बहुउद्देशीय हॉल में सभी क्षेत्राधिकारी (सीओ), थाना प्रभारी (एसएचओ), शाखा प्रभारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। एसपी रवि कुमार ने गोष्ठी में पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी ) के आदेशों और निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि इनका सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए, ताकि आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे ।मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर एवं महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए तथा पीड़िताओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। यक्ष ऐप और त्रिनेत्र ऐप का प्रभावी उपयोग कर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाए। आईजीआरएस ( जन शिकायत निवारण प्रणाली ) के तहत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग, रात्रि गश्त, पीआरवी ( पुलिस रेडियो वैन ) और बीट प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

# स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रा.विद्यालय दौतरा विजेता



**रायबरेली।** साफ-सफाई से लेकर अपने आवरण के मामले में प्राइवेट विद्यालयों को पीछे छोड़ने वाले महराजगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दौतरा को बड़ी उपलब्धि मिली है। अब प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) 2025-26 में प्रदेश स्तर पर विजेता बना है। पूर्व में यह विद्यालय जनपद स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर चुका है। अब प्रदेश स्तर पर विजेता बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाला प्राथमिक विद्यालय दौतरा इस उपलब्धि के साथ विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पात्र हो चुका है।

स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) मूल्यांकन प्रतियोगिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यालयों में स्वच्छता, हरित वातावरण, व्यवहार परिवर्तन और सतत रखरखाव को बढ़ावा देता है। इसका मूल्यांकन जिला, राज्य व केंद्र शासित प्रदेश और राष्ट्रीयकृतीन स्तरों पर चरणबद्ध प्रक्रिया से किया जाता है। प्राथमिक विद्यालय दौतरा की यह सफलता पूरे जनपद रायबरेली के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय परिवार पूर्ण उत्साह के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अग्रसर है। विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) के मानक में सुरक्षित पेयजल व जल संरक्षण, शौचालय के स्वच्छता, उपलब्धता और नियमित रखरखाव, साबुन से हाथ धोना यानि बच्चों में नियमित हैंडवॉश की आदत बनाना, विद्यालय का संचालन एवं रखरखाव के साथ ही स्वच्छ परिसर और संसाधनों का सतत प्रबंधन, बच्चों व समुदाय में स्वच्छता जागरूकता, मिशन लाइफ गतिविधियाँ के तहत पर्यावरण संरक्षण और हरित पहल को प्रमुख रूप से रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर चयन के पश्चात अब राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा। जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता जीतने वाले शीर्ष 200 विद्यालयों को केंद्र सरकार द्वारा ह्यराष्ट्रीय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) पुरस्कार 2025-26ह्व से सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर सहायक अध्यापक आशीष प्रताप सिंह, विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय, शेष दत्त गुप्ता का विशेष योगदान रहा है, और ये सभी शिक्षक अब राष्ट्रीय स्तर की तैयारी में सक्रिय रूप से जुट गए हैं।

इसके साथ ही ग्राम प्रधान संदीप कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय कुमार मौर्या के साथ ही सभी छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं ग्रामवासियों का बहुत बड़ा योगदान है।

खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने स्वच्छता और हरित वातावरण के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनपद में प्रथम और प्रदेश में विजेता बनकर विद्यालय ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हमें विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करेगा।

## विधायक ने आयोजित की जनचौपाल

**गौरीगंज।** अमेठी जिले के गौरीगंज सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने मऊ में रविवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर पुरुषों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। और कहा- जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारा प्रथम कर्तव्य है। इसी के क्रम में उन्होंने रविवार को नियमित रूप से आयोजित जनचौपाल में पधारे हुए सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से वातालर्प कर आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए और अन्त में उन्होंने बोला- हमारा संकल्प है कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए हर नागरिक को न्याय एवं सुविधा सुनिश्चित की जाए।



संक्षेप

## 115 वांछित वारंटी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी के निर्देशन में एनबीडब्लू/ एसआर वाँछित वारण्टी अभियुक्तों के विरु द्ध जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अभियान चलाकर 115 अभियुक्तों जिसमें 108 एन बी डब्लू/ 7 एस आर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना उत्तर12/1, दक्षिण 5, रसूलपुर4, रामगढ़ 8, टूण्डला 10, पचोखरा 2, नारखी 5/1, नगला सिंघी 2, रजावली 5, सिरसागंज 10, नगला खंगर 2, नसीरपुर01, शिकोहाबाद 12 मक्खनपुर 7/01 खैरगढ़ 1, फरिहा 1, एका 1, मटसेना 7, लाइनपार 3,बसई मौहम्मदपुर3 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि अभियान चलाकर मात्र 05 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटियों एसआर वांछित व अन्य वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 115 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस ने एक अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा व 1 जिंदा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया है। थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 1 अभियुक्त प्रदीप पुत्र रमेशनाथ निवासी नगला नेक थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को मय एक अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस सहित नारखी कोटला रोड टावर के पास क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## रंगमंच वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

मथुरा। माउंट लिट्रा जी स्कूल में वार्षिक उत्सव ह्यरंगमंचह्न का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि प्रदीप माथुर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन विनोद गर्ग, डायरेक्टर कमल गर्ग एवं चारू गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ह्यरंगमंचह्न शीर्षक के अनुरूप विद्यार्थियों ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस उत्सव में प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों की अभिभावकों एवं दर्शकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के मध्य विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को भी सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के प्रति समर्पित समस्त अध्यापक वर्ग को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# वृंदावन में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

## बांग्लादेश में हिंदू असहाय, देश में मंचों तक सिमटी चिंता : संत रीतेश्वर




मधुसूदन शर्मा

**मथुरा।** समग्र हिन्दू चेतना समिति के बैनर तले वृंदावन स्थित रंगजी के बड़ा बगीचा में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में संत रीतेश्वर महाराज के तीखे और बेबाक वक्तव्य ने पूरे कार्यक्रम को गरमा दिया। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं की स्थिति को अत्यंत दयनीय बताते हुए कहा कि जहां विश्व की सबसे बड़ी दुर्गा पूजा होती है, वहीं महिषासुर मर्दिनी भी हिन्दुओं की रक्षा नहीं कर पा रही हैं। संत रीतेश्वर महाराज ने आरएसएस का उल्लेख करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग आपके और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए आगे आते हैं, यदि उनके साथ खड़ा होना संभव नहीं है तो कम से कम उनकी निंदा करना बंद करें। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि 2500 वर्षों में भारत के 25 टुकड़े हुए और केवल 170 वर्षों में ही 6 विभाजन हो गए, जो हमारी सामाजिक कमजोरी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज कोई व्यक्ति नहीं होते, बल्कि जागरूक और संगठित लोगों से ही राष्ट्र बनता है। आज की समस्याओं को नजरअंदाज करना भविष्य की कमजोरियों को न्योता देने जैसा है। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि आज भारत की समस्याएं केवल भाषणों और मंचों तक सीमित होकर रह गई हैं। जमीन पर गंभीर प्रयास दिखाई नहीं देते। संत रीतेश्वर महाराज ने मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि भारत में 74 प्रतिशत लोग मानसिक तनाव से ग्रस्त हैं, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उन 26 प्रतिशत लोगों के लिए है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंतित हैं। बॉलीवुड पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म उद्योग बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य भी करता है और बिगाड़ने का भी। उन्होंने दो टूक कहा कि जो लोग हिन्दू समाज और राष्ट्र को बचाने में लगे हैं, उनका एजेंट कहलाना शर्म की नहीं बल्कि गर्व की बात होनी चाहिए। यही असली हिन्दुत्व का जन-जागरण है। सम्मेलन में आरएसएस के ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र जी ने कहा कि बीते सौ वर्षों से संघ के स्वयंसेवक साहस, संघर्ष और बलिदान की मिसाल पेश करते आ रहे हैं। अब समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी है कि इस विचार और कारवां को मजबूती से आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम के दौरान रामकली देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया। साध्वी ध्यानमूर्ति महाराज और प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चैहान, बाबा बलराम दास सहित बड़ी संख्या में संत, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## किसान और मजदूरों के अधिकार छीन रही मोदी सरकार : धनगर

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा मजदूरों की भागीदारी के साथ पंचायत स्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। आज ब्लाक बल्देव के ग्राम पंचायत बिरोना में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा में बदलाव करके गरीब किसानों मजदूरों को मिल रहे रोजगार के संवैधानिक अधिकारों पर हमला कर रही है। मनरेगा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम की कानूनी गारंटी देता है। मोदी सरकार द्वारा इसमें बदलाव करके मजदूरी पाने के अधिकार को छीन लेना चाहती है।

पहले मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी पर काम मिलता था जिसमें प्रतिवर्ष बढ़ोतरी का प्रावधान है। लेकिन मोदी सरकार द्वारा मनमाने ढंग से मजदूरी तय करेगी जिसमें न्यूनतम मजदूरी की कोई गारंटी नहीं है। फसल कटाई के समय काम की अनुमति नहीं है। मनरेगा के तहत विकास योजनाओं की सिफारिश ग्राम पंचायतों व ग्राम सभाओं द्वारा किए जाने का प्रावधान था ठेकदारों पर प्रतिबंध लगा था जबकि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा में बदलाव करके विकास परियोजनाएं सीमित रूप से सिमट जाएंगी तथा ग्राम योजनाओं के सभी महत्वपूर्ण फैसले दिल्ली से रिमोट कन्ट्रोल द्वारा मोदी सरकार लेगी जिससे ग्राम पंचायतें केवल मोदी सरकार के आदेशों की एजेंसी बनकर रह जाएगी। मजदूरों को ठेकेदारों की परियोजनाओं के लिए लेबर सप्लाई में बदल दिया जाएगा। मोदी सरकार ने अब काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त कर दिया है। मनरेगा गरीब किसान मजदूरों के लिए आखिरी सुरक्षा कवच है लेकिन मोदी सरकार की मंशा इस योजना को केवल ध्वस्त करने की है। अन्य वक्ताओं में जिला महासचिव वैद्य मनोज गौड़ ब्लाक अध्यक्ष पंकज चैधरी बलवीर सिंह प्रधान वरिष्ठ कांग्रेसी पूरन पंडित हाकिम सिंह छोंकर थे। बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान दलवीरसिंह जुरैल ने व संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शैलेंद्र चैधरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कृष्णकांत सचिन बेनामी चंद्रपाल सिंह राजेंद्र जवाहर सिंह ओमवीर मास्टर एनटी चैधरी दामोदर सिंह धनगर धर्मवीर कमरूद्दीन खान मानसिंह डोरीलाल धनगर डालचंद अशरफ खान आदि की उपस्थिति रही।

## 33 लाख की शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार




**मथुरा।** थाना नौहझील क्षेत्र में पुलिस और स्वाट टीम ने संदिग्ध ट्रक से 403 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 4,836 बोतल बताई गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 33 लाख रुपये है। गौरतलब हो कि शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बाजना कट चैकी के पास अलीगढ़ मार्ग पर नौहझील पुलिस और स्वाट टीम संदिग्ध वाहनों की तलाशी कर रही थी। पुलिस ने ट्रक को रोककर तलाशी ली जिसमें भारी मात्रा में पंजाब मार्का अंग्रेजी शराब छिपाकर ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अखाराम पुत्र हेमाराम निवासी तेजियावास थाना गुडामालानी जिला बाड़मेर (राजस्थान) उम्र करीब 33 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी संगठित गिरोह के जरिए पंजाब से शराब लाकर उन राज्यों में सप्लाई करता था जहां शराबबंदी लागू है। शराब को बिहार ले जाने की योजना थी जहां इसे ऊंचे दामों पर बेचा जाना था। तस्करी से बचने के लिए गिरोह लगातार अपने रूट बदलता रहता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 403 पेटियां बरामद की हैं। जिनमें इम्पीरियल ब्लू रॉयल स्टैग और मैकडॉवेल्स ब्रांड शामिल हैं। इसके अलावा आरोपी के पास से ट्रक 7,930 रुपये नकद आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

# महाशिवरात्रि पर मथुरा से काशी के लिए विशेष प्रसाद यात्रा रवाना

- महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा विश्वनाथ को होगा अर्पित

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि आज फाल्गुन कृष्ण सप्तमी तदनुसार 08 फरवरी 2025 रविवार की प्रातः बजे भव्य शोभायात्रा के माध्यम से अनन्तलीला पुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम के लिए शोभायात्रा के मध्य प्रसादी-यात्रा रवाना की गयी।

फलहारी लड्डू, फल, मेवे, भगवान शिव एवं माँ गौरी के वस्त्र, माँ का श्रृंगार एवं आभूषण आदि अनेकानेक प्रसाद सामग्री महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान विश्वनाथ जी को अर्पित की जायेंगी। ढोल, मृदंग, मजीरे, वैण्ड-बाजे की मंगल ध्वनि और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा अन्नपूर्णेश्वर महादेव से प्रारम्भ होकर भगवान श्रीकेशवदेवजी, माँ योगमायाजी, श्रीगर्भ-गृहजी होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्यद्वार पर पहुँची। हजारों-हजार श्रद्धालुओं के द्वारा किये जा रहे जयघोष एवं पुष्प-वर्षा के मध्य प्रसाद-यात्रा काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी के लिए रवाना हुई।

संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान शिव जिस पुरी में बाबा भूतेश्वरनाथ के नाम से कोतवाल के रूप में विराजमान हैं ऐसी ब्रज की पवित्र भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शिवरात्रि महोत्सव के लिए प्रेषित प्रसाद करोड़ों-करोड़ सनातनी धर्मावलम्बियों को आनन्दित करेगा।

संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य डा० रोशन लाल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराम एवं भगवान शिव सनातन धर्म की आत्मा हैं। तीर्थ एवं सनातनियों के मध्य एकता से ही भारत अपने स्वर्णिम गौरव को पुनः प्राप्त करेगा। इस शोभयात्रा में संस्थान के उप प्रबन्धक श्री अनुराग पाठक, प्रभारी जनसंपर्क श्री विजय बहादुर सिंह, मंदिर पूजाचार्य एवं भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र के दो और लोगों ने की रजिस्ट्री

**मथुरा।** श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस-पास श्रद्धालुओं के लिए जनसुविधाओं के विकास एवं निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा की उपस्थिति में 7 फरवरी को परियोजना के अंतर्गत दो और रजिस्ट्री की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसके साथ ही अब तक कुल 6 रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 20 से अधिक रजिस्ट्री की तैयारी कर ली गई है जिन्हें सोमवार से लगातार कराया जाएगा।



सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में गठित ठाकुर श्रीबांके बिहारीजी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के निर्देशों पर यह प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। जनसुविधाओं के विकास क्षेत्र में आने वाले संपत्ति स्वामियों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। दुकानों के बदले दुकानें उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा सुनरख एवं रुक्मिणी विहार में फ्लैट भी दिए जा रहे हैं। इन सुविधाओं को देखते हुए भूसंपत्ति स्वामी स्वेच्छा से रजिस्ट्री के लिए आगे आ रहे हैं। प्रशासन के अनुसार आगामी एक माह के भीतर लगभग आधे से अधिक प्रस्तावित रजिस्ट्री संपन्न कर ली जाएंगी। अभी तक लगभग 800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की रजिस्ट्री हो चुकी है। आज संपन्न रजिस्ट्री में लगभग 200 वर्ग मीटर भूमि शामिल रही, जिसमें से लगभग 150 वर्ग मीटर भूमि की रजिस्ट्री रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा कराई गई। जनसुविधाओं का विकास ब्रज क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मंदिर क्षेत्र में भूमि क्रय की समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की जा रही है। परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर के आस-पास सुरक्षित वातावरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा तथा सुगम प्रवेश एवं निकास द्वार विकसित किए जाएंगे, जिससे संकरी गलियों में भीड़ का दबाव कम होगा। जनसुविधाओं के विकास से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर अधिकाधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रशासन का कहना है कि इस भव्य परियोजना से न केवल श्रद्धालुओं के दर्शन सरल होंगे, बल्कि संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। वृंदावन की प्राचीन दिव्यता को बनाए रखते हुए आधुनिक जरूरतों के अनुरूप यह निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

## सैफर इंटरनेट डे पर जागरूकता कार्यशाला 10 को

**मथुरा।** इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सचिव एवं उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव के निदेशों के क्रम में 10 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा सैफर इंटरनेट डे / सरक्षित इंटरनेट दिवस की कार्यशाला। प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सैफर इंटरनेट डे / सरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। जिला स्तर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दिनांक 10 फरवरी को किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मध्य सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देना तथा विभिन्न इंटरनेट उपयोगकताओं को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, साइबर साक्षरता, प्रमुख साइबर खतरों एवं प्रभावी रोकथाम रणनीतियों के संबंध में जागरूक करना है।

# जिला स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता आयोजित




**फिरोजाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रभारी प्राचार्या मुदिता पांडेय के निर्देशन में जिला स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा से आए 18 महिला व पुरुष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसका संचालन लोहिता प्रवक्ता डायट और शुभारंभ जयमाला राजन और कार्यवाहक प्राचार्य अजय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। तथा निर्णायक मंडल के सदस्य प्रोफेसर विशाल पाठक प्राचार्य पाली पी.जी.कॉलेज शिकोहाबाद डॉ लीना बंसल असिस्टेंट प्रोफेसर एस आर के पीजी कॉलेज डॉ ज्योति अग्रवाल दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज रहे। कार्यक्रम में निशांत गोला का भी विशेष सहयोग रहा। जिला स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय सड़ाम ?ई की सविता अग्रवाल महिला वर्ग में तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय खेरियामा एका के नीरज शर्मा ने पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस ने खोये मोबाइल बरामद कर सौंपे

**फिरोजाबाद।** सर्विलांस एसओजी टीम एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल खोने के सम्बन्ध में दर्ज करायी गयी शिकायतों के आधार पर आवेदकों के 69 भिन्न-भिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपए को बरामद कर आवेदकों मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए गए। सर्विलांस एसओजी टीम द्वारा जपनद के समस्त थाना पुलिस टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल गुम होने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर कुल 69 मोबाइल फोनों को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए गए। बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपए है। सीईआईआर पोर्टल लांच होने के पश्चात से अब तक जनपद में कुल 988 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न जनपद राज्यों की पुलिस टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। अपने गुम हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की गई ।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने आपसी समझौता करा 6 परिवारों की खुशियां लौटायीं

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश अभियान के अन्तर्गत 06 परिवारों की काउंसिलिंग कर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की लौटाई गई खुशियाँ लौटाई गई। रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी,समृद्ध प्रदेश अभियान के अन्तर्गत 06 घरेलू मामलों में काउंसिलिंग कर आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया है। उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया, सभी पक्षों के द्वारा फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान कैंपों का निरीक्षण

**टूंडला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामबदन राम द्वारा रविवार को टूंडला में स्वास्थ्य केंद्र व विभिन्न स्थानों पर आयोजित आयुष्मान कैंपों का निरीक्षण किया गया। जिसमें नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कच्चा टूंडला, नगरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर एटा रोड टूंडला नगरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर न्यू शिव नगर टूंडला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुल्हावली टूंडला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकट टूंडला आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एटा रोड स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर डॉ.श्रेया सिंह चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पायी गई, जिनके मांह फरवरी 2026 का वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया,नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कच्चा टूंडला पर स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाए गए, जिनके मांह फरवरी का वेतन रुकते हुए अन्य स्वास्थ्य केंद्र पर स्थानांतरण के लिए निर्देशित किया गया, तथा समस्त चिकित्सा केंद्रों पर साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें और आयुष्मान कार्ड हेतु पात्र लाभार्थियों का सत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं, कैंप लगाकर मरीजों की टीवी की जांच करें और कैंसर की स्क्रीनिंग करें,साथ ही खोजी अभियान चलाकर कुष्ठ के मरीजों को खोजें एवं गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए।

## लूट में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार लूटी गयी कार, रुपये और सामान बरामद




**फिरोजाबाद।** थाना अरांव पुलिस टीम द्वारा बंधक बनाकर लूट करने में वांछित दो अभियुक्तों को लूटी गयी मारुति स्विफ्ट कार,लूटे गये रुपयों में से 12,830 रुपए एवं अन्य महत्वपूर्ण कागजात बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया है। दिनाँक 05-02-2026 को वादी हरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 सत्यपाल सिंह निवासी रोहटा रोड थाना कंकर खेडा जनपद मेरठ व उसके दो अन्य साथियों संजीत पुत्र धर्मसिंह निवासी पीरपुर थाना दौराला जनपद मेरठ तथा गौतम सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी कासगंज को अभियुक्तगण आलोक कुमार पुत्र श्याम पाल निवासी सूरतपुर थाना अम्मापुर जिला कासगंज, जितेन्द्र पुत्र त्रिमल सिंह निवासी अलीपुर जिला कासगंज,उमेश पुत्र छोटेलाल निवासी सफीपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद द्वारा निन्हूराम कोल्ड स्टोर शिकोहाबाद रोड़ थाना अराँव में बंधक बनाकर जान से मारने की नीयत से मारपीट करते हुए वादी व उसके साथियों से 35,600 रुपये एक घडी कैसियो व अन्य महत्वपूर्ण कागजात एवं एक स्विफ्ट कार को लूट लिया था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना अरांव पर तहरीर दी गयी प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना अराँव पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, थाना अरांव पुलिस टीम द्वारा रविवार को घटना में वांछित नामजद अभियुक्तगण आलोक कुमार पुत्र पुत्र श्याम पाल निवासी सूरतपुर थाना अमापुर जिला कासगंज,जितेन्द्र पुत्र त्रिमल सिंह निवासी अलीपुर थाना अमापुर जिला कासगंज को अराँव बाईपास सिरसागंज रोड़ थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटी गयी स्विफ्ट कार व लूटे गये रुपयों में से 12,830 रुपये एवं अन्य कागजात 01 वोटर कार्ड, 01 चैक बुक तथा 01 कार की आर0सी0 बरामद हुई हैं। 01 अन्य वांछित अभियुक्त उमेश पुत्र छोटेलाल निवासी सफीपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन कर सम्भावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही है । पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## नशे में युवक का उत्पात, सड़क पर वाहनों को मारे पत्थर



**मथुरा।** महानगर में पुलिस लाइन के गेट पर शनिवार रात एक युवक ने नश में जमकर हंगामा किया। वाहनों पर ईंट पत्थर फेंके और राहगीरों को भी निशाना बनाया। सड़क पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। वाहन चालक दहशत में आ गए। इसी दौरान नशे में धुत युवक ने तेज रफ्तार बस को भी पत्थर मारने की कोशिश की। अचानक से सामने आने पर युवक बस के नीचे आ गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल अवस्था में युवक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें नशे में युवक वाहनों पर पत्थर मारते हुए दिख रहा है। साथ ही बस की चपेट में आते हुए भी युवक वीडियो में दिखा है।

# फार्मा लीडरशिप समिट-2026 का भव्य आयोजन

**मथुरा।** बी.एस.ए. कालेज ऑफ इंन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलौजी के सीवी रमन सभागार में फैकल्टी ऑफ फामेसी द्वारा फार्मा लीडरशिप समिट - 2026 का आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) दीपेंद्र सिंह (अध्यक्ष, ईआरसी, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया), विशिष्ट अतिथि ए.के.टी.यू. लखनऊ के परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) दीपक नगरिया, संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाषंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इं नितिन मित्तल, सम्पूर्ण भारतवर्ष से देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों के विशेषज्ञों, कारपोरेट जगत की हस्तियों, प्रबन्ध समिति के गणमान्य सदस्यों द्वारा मॉ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीपक प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री, शिक्षा और अनुसंधान, कॉर्पोरेट और इंडस्ट्री क्षेत्र से प्रो. (डॉ.) रोहित दत्त (ए.पी.टी.आई), डॉ. संजीव यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक (सी.एस.आई.आर), प्रो. (डॉ.) मंजू सिंह, प्रो. (डॉ.) वंदना गर्ग (आईपीजीए) महिला फोरम, निखिल माथुर (नारायणा हेल्थ), मोनिका गर्ग (फ्रेसिनियस मेडिकल केयर), रुमित सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा, गौरव गिरी (कोरोहेल्थ), पवन शर्मा, विभु



पांडेय (शूरा बायोटेक), संजीव मिश्रा, सुशील मिश्रा (ऑसरेन हेल्थकेयर) के वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया व फामेर्सी के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों और तकनीकी बदलावों पर प्रकाश डाला। संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल एवं वाइस चेयरमैन इं नितिन मित्तल ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य फार्मास्युटिकल क्षेत्र में नेतृत्व, नवाचार और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा करना है। बीएसए इंजी0 कॉलेज निदेशक प्रो0 डा0 श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा कि इस समिट का उद्देश्य छात्रों और शोधकताओं को उद्योग के वर्तमान रुझानों और नेतृत्व कौशल से रूबरू कराना था। इस अवसर पर कालेज प्रबन्ध समिति के सदस्य, एएसएम पॉली0 निदेशक विशाल लाल. गोस्वामी, फामेर्सी निदेशक डॉ0 राकेश कुमार, डीन (अकादमिक) प्रो. डॉ. लोकेन्द्र शर्मा, डीन (छात्र वेलफेयर) वरुण छाबड़ा, रजिस्ट्रार भगवान सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार आशुतोष दुबे सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, छात्रगण, मीडिया प्रभारी फरहान अजीज एवं शिवम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## भारत-अमेरिका समझौते से तीन वर्षों में परिधान निर्यात दोगुना होने की उम्मीद

तिरुप्पुर (तमिलनाडु)। भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया समझौते के बाद अगले तीन वर्षों में अमेरिका को कपड़ों का निर्यात दोगुना होकर 30,000 करोड़ रुपये तक पहुचने की उम्मीद है। तिरुप्पुर के कपड़ा उद्योग के निर्यातकों ने रविवार को यह बात कही। तिरुप्पुर निर्यातक संघ के अध्यक्ष के एम सुब्रमणियन ने कहा कि चेन्नई से लगभग 450 किलोमीटर पश्चिम में स्थित तिरुप्पुर में भी इस अवधि के दौरान रोजगार सृजन में लगभग पांच लाख की वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत दोनों पक्ष दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए सुब्रमणियन ने कहा, हम इस कदम का स्वागत करते हैं। यह समझौता महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे तिरुप्पुर को अगले पांच वर्षों में जबरदस्त वृद्धि मिलेगी। वर्तमान में तमिलनाडु से कपड़ों का निर्यात 15,000 करोड़ रुपये का है और इस समझौते के बाद इसके अगले तीन वर्षों में 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका समझौते के कारण पांच लाख और नए रोजगार पैदा होंगे। तिरुप्पुर के एक अन्य उद्यमी और स्टारलाइट एक्सपोर्टर्स के संस्थापक एम. रथिनसामी ने कहा कि इस सौदे से तमिलनाडु को अमेरिका से और अधिक ऑर्डर मिलेंगे। तिरुप्पुर निर्यातक संघ के कार्यकारी समिति सदस्य रथिनासामी ने कहा, पहले कुछ ऑर्डर बांग्लादेश और अन्य देशों को जाते थे। इस समझौते के बाद हमें (अमेरिका से) और अधिक ऑर्डर मिलेंगे।

## धान उत्पादन को बोझ बताना किसानों की तौहीन : विजयन

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने धान के बढ़ते उत्पादन को देश पर बोझ बताने के केंद्र सरकार के रुख की रविवार को कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे किसानों के लिए एक चुनौती और केरल के प्रति शत्रुतापूर्ण भावना का प्रतिबिंब करार दिया। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने केरल से धान किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त प्रोत्साहन बोनस को बंद करने की मांग की है। विजयन के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय सचिव ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि चूंकि धान का उत्पादन आवश्यकता से अधिक है, इसलिए इसकी खरीद लागत सरकारी खजाने पर बोझ बनेगी। राज्य के मुख्य सचिव को इस आशय का एक पत्र प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर बोनस देकर किसानों की सहायता करती है। उन्होंने सवाल किया कि केंद्र सरकार को इस अतिरिक्त सहायता से आपत्ति क्यों है? मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि केरल धान खरीद के लिए प्रति किलोग्राम 6.31 रुपये का अतिरिक्त बोनस प्रदान करता है। विजयन ने आरोप लगाया, जो लोग हजारों करोड़ रुपये के कॉर्पोरेट ऋण माफ करने में संकोच नहीं करते, वे धान किसानों को दिए जाने वाले बोनस को एक बड़ा बोझ बता रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्पादन में वृद्धि को देयता बताकर राज्य पर बोनस नीति की समीक्षा के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो किसानों और पूरे केरल के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह आशंका भी जताई कि क्या यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने की दिशा में पहला कदम है।

## एलएंडटी डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ायेंगी

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मार्च के अंत तक 18 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता चालू करने की योजना बनाई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसकी कुल परिचालन क्षमता 32 मेगावाट हो जाएगी। डेटा सेंटर के लिए कुल पूंजीगत व्यय लगभग 1,000 करोड़ रुपये है। कंपनी ने आय संबंधी संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि सेमीकंडक्टर व्यवसाय में एलएंडटी डिजाइन-आधारित चिप पर ध्यान केंद्रित कर रही है और कई ग्राहकों के साथ जुड़ रही है। इलेक्ट्रोलाइज़र व्यवसाय के संदर्भ में, कंपनी ने पूरी तरह से स्वदेशी चार मेगावाट स्टैक विकसित किया है और इसे 8-10 मेगावाट तक अपग्रेड कर रही है। कंपनी को निकट भविष्य में इस क्षेत्र से महत्वपूर्ण ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। अभी हमारे पास डेटा सेंटर की कुल लगभग 32 मेगावाट क्षमता है।

# मुद्रास्फीती के आंकड़े से तय शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा मुद्रास्फीति के आंकड़ों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। इसके अलवा, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और तीसरी तिमाही के नतीजे भी सप्ताह के दौरान बाजार को प्रभावित करेंगे।

इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारक मौजूद हैं। भारत में, निवेशक 12 फरवरी को आने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 13 फरवरी को आने वाले विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। तिमाही नतीजे भी आ रहे हैं, जिसमें टाइटन कंपनी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम इस सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर, प्रतिभागी अमेरिकी आंकड़ों और हालिया गिरावट के बाद नैस्डैक कंपोजिट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस बाजारों पर उनके प्रभाव पर भी करीब से नजर रखी जाएगी। अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के नतीजे भी इस सप्ताह आएंगे। भारत और अमेरिका ने शनिवार को घोषणा की कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, आम बजट 2026-27 और आरबीआई के मौद्रिक नीति निर्णयों के प्रभाव के बाद भारतीय इक्विटी बाजार अब एक सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर गए हैं। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय के निष्पादन और वास्तविक खर्च की गति पर केंद्रित हो गया है।

# भारत रूसी तेल की खरीद में करेगा कटौती, कवायद शुरू

नयी दिल्ली। अमेरिका के साथ व्यापार शुल्कों में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि हालांकि तेलशोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश तेल शोधनशालाएं इस घोषणा से पहले की गई खरीद प्रतिबद्धताओं (आमतौर पर 6-8 सप्ताह पहले दिए गए ऑर्डर) का सम्मान करेंगी, लेकिन उसके बाद नए



ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे।हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने पिछले साल अमेरिका द्वारा रूस के प्रमुख निर्यातकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के तुरंत बाद वहां से तेल खरीदना बंद कर दिया था। अब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भी अपनी खरीद धीरे-धीरे बंद करेंगे।भारत की सबसे बड़ी खरीदार कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भी अगले कुछ हफ्तों में 1,50,000 बैरल की खेप प्राप्त होने के बाद रूसी तेल की खरीद बंद कर सकती है जिसने पिछले साल के अंत में रोसनेफ्ट और लुकॉइल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद खरीदारी रोक दी थी।

इस नियम का एकमात्र अपवाद नायरा एनर्जी हो सकती है। रूसी संबंधों (नायरा में रोसनेफ्ट की 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी) के कारण नायरा पर पहले यूरोपीय संघ और फिर ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों के कारण कोई अन्य बड़ा आपूर्तिकर्ता कंपनी के साथ व्यावसायिक लेनदेन नहीं करना चाहता, जिससे वह प्रतिबंधित नहीं की गई संस्थाओं से रूसी तेल खरीदने को मजबूर है।हालांकि पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है, वहीं वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय ने भी रूसी तेल खरीद के संबंध में भारत द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने कहा कि रोसनेफ्ट और लुकॉइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू होने के बाद से ही रूस से भारत का तेल आयात लगातार घट रहा है।

## आयकर विभाग ने नये आयकर कानून के मसौदा नियमों, प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने रविवार को कहा कि उसने एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले नए आयकर कानून, 2025 के तहत कर नियमों और प्रपत्रों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं।

विभाग ने एक बयान में जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित आयकर नियम, 2026 और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। विभाग ने कहा, हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अंतिम अधिसूचना से पूर्व इन सभी सुझावों को संकलित कर उन पर समीक्षा के लिए विचार किया जाएगा। सुझाव देने की सुविधा के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर एक लिंक जारी किया गया है, जो चार फरवरी, 2026 से सक्रिय है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित सत्यापन के बाद अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

## एफपीआई ने किया 8100 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली। लगातार तीन महीनों की भारी बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) फरवरी के पहले सप्ताह में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। बेहतर जोखिम धारणा और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के कारण उन्होंने भारतीय इक्विटी में 8,100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार यह निवेश हाल के महीनों में हुई लगातार निकासी के बाद आया है। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने कुल मिलाकर 2025 में भारतीय इक्विटी से शुद्ध 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले



थे। यह निकासी मुद्रा में उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क की चिंता और इक्विटी के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने (छह फरवरी तक) 8,129 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालिया खरीदारी जोखिम लेने की बढ़ती क्षमता और भारत के वृद्धि परिदृश्य में नए भरोसे को दर्शाती है।

## बांग्लादेश ने किया बंदरगाह समझौते से हटने का फैसला

ढाका। बांग्लादेश ने रविवार को रणनीतिक समुद्री बंदरगाह शहर चटगांव के एक प्रमुख कंटेनर टर्मिनल को विदेशी कंपनी को पट्टे पर देने की योजना से पीछे हटने का फैसला किया।

यह फैसला 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बढ़ते विरोध के बीच लिया गया है। यूनुस सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह घोषणा उस समय की जब बंदरगाह के मजदूरों ने अंतरिम सरकार की योजना के खिलाफ एक नई अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। इसके पहले मजदूर छह दिन तक काम बंद रख चुके थे और उसके बाद दो दिन का विराम लिया था। सरकार की यह योजना बंदरगाह को विदेशी कंपनी को पट्टे पर देने की थी। बांग्लादेश निवेश विकास प्राधिकरण (बीआईडीए) के चेयरमैन आशिक बिन हारुन ने राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, व्यवहारिक दृष्टि से इस बंदरगाह को पट्टे पर देने पर चर्चा इस सरकार के कार्यकाल के बाद भी जारी रह सकती है और आगामी चुनाव के बाद अगली सरकार के तहत आगे बढ़ेगी। अधिकारी ने कहा कि दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड को न्यू मूरिंग कंटेनर टर्मिनल (एनसीटी) पट्टे पर देने पर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी। हालांकि, बीआईडीए के अध्यक्ष ने बताया कि डीपी वर्ल्ड ने हाल ही में बांग्लादेश को एक पत्र भेजकर बातचीत की प्रगति की सराहना की।

# व्यापार समझौते में भारत के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय

नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में किसानों और घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अंततः हमारे किसानों की मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान पहले से ही 50-55 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि और मछली उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा क्योंकि उन पर 18 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जबकि प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगता है और अन्य देशों पर 19 प्रतिशत से अधिक शुल्क लागू है।

उन्होंने पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा, यह



दो पन्नों का दस्तावेज है (भारत-अमेरिका का संयुक्त बयान)। गोयल ने यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेजों के साथ वह मंत्रिमंडल में गए थे। उन्होंने कहा, अभी कई मुद्दे हैं जिन्हें शामिल किया जाना बाकी है। यह दोनों पक्षों के लिए लागू होता है। मुझे यकीन है कि अगर हम उनके बाजार में बहुत अधिक उत्पाद भेजेंगे, तो अमेरिका भी अपने हितों की रक्षा करना चाहेगाद्धह किसी भी बातचीत का सामान्य परिणाम है। उन्होंने कहा, यह अभी प्रक्रिया में है। सुरक्षा उपाय हमेशा मौजूद रहते हैं। यदि कोई यह बताने की कोशिश कर रहा है कि यह दो-पृष्ठीय संयुक्त बयान में शामिल नहीं है, तो वह लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। अभी भी कई बातों में स्पष्टता की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही कुछ विशिष्ट उत्पादों को लेकर संवेदनशील हैं और उन उत्पादों के लिए दोनों पक्षों ने सुरक्षा उपाय रखे हैं। उन्होंने कहा, हमने इन सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर ली है। साथ ही गोयल ने यह भी बताया कि भारत ने डेयरी उत्पादों, आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों, मांस, मुर्गी पालन, सोया मील और मक्का पर किसी भी प्रकार की शुल्क छूट नहीं दी है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ दालें और फलियां हैं, जिन्हें भारत आयात करता है, और उनके लिए हमने सीमित रूप में बाजार पहुंच प्रदान की है। अंततः, यह लेन-देन का मामला होना चाहिए। इसलिए, अगर मैं कुछ नहीं दूंगा, तो मैं अमेरिका में अपने किसानों के लिए बाजार कैसे खोलूंगा?

## उद्योग को सोयाबीन तेल, पशु आहार में शुल्क कटौती पर स्पष्टता का इंतजार

नयी दिल्ली। भारत-अमेरिका अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर खाद्य तेल और सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उद्योग को शुल्क कटौती, कोटा तंत्र और गुणवत्ता विशिष्टताओं पर महत्वपूर्ण विवरणों का इंतजार है।

समझौते के तहत, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिका के औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म या घटा देगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि भारत की सोयाबीन तेल आयात पर भारी निर्भरता को देखते हुए समझौते का असर महत्वपूर्ण हो सकता



है। खाद्य तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान, भारत ने रिकॉर्ड 54.7 लाख टन सोयाबीन तेल आयात किया, जो मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से आया था और इसका अधिकांश हिस्सा जैविक रूप से संशोधित था। वर्तमान में भारत अमेरिका से केवल 1.5 लाख से दो लाख टन सोयाबीन तेल आयात करता है, जिस पर 16.5 प्रतिशत शुल्क लगता है। इसमें 10 प्रतिशत बुनियादी कस्टम शुल्क, पांच प्रतिशत कृषि उपकर और 1.5 प्रतिशत शिक्षा उपकर शामिल हैं। एसईए के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने पीटीआई-भाषा से कहा, अमेरिका से आने वाला सोयाबीन तेल भारत के लिए सामान्यतः प्रति टन 30-40 अमेरिकी डॉलर अधिक महंगा होता है, साथ ही अतिरिक्त लॉजिस्टिक लागत भी होती है, इसलिए शुल्क में कमी का फायदा भारतीय आयातकों को कम मिलेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी सोयाबीन तेल को कोटा आधारित तरीके से बिना किसी मूल सीमा शुल्क के अनुमति दी जाएगी और क्या 6.5 प्रतिशत कृषि और शिक्षा शुल्क से छूट दी जाएगी।

## पेज एक का शेष

### भोजनालय के

एक उम्मीदवार ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े सवाल उठाते हुए इस घटना की गहन जांच की मांग की। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही चुनाव अधिकारी, तहसीलदार और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि ईवीएमै आरक्षितै थीं और शनिवार को मतदान के लिए इनका इस्तेमाल नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों मशीनें सीलबंद थीं। अधिकारी ने बताया कि मतदान दर्ज करने के लिए इस्तेमाल की गई सभी ईवीएम को शनिवार रात साढ़े दस बजे तक स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया था।

### माता वैष्णो

प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुरूप, माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग पर सेवा प्रदाताओं, जैसे कि टट्टू सेवा संचालकों और पिठू संचालकों के लिए पुनर्वास योजना तैयार करने और उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने को मंजूरी दी गई। प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड ने आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को मुफ्त में नीट (राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा) की तैयारी कराने के लिए के लिए कोचिंग सेंटर स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह पूजनीय तीर्थस्थल माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा शहर को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करता है, इसलिए बोर्ड ने शहर के विकास में योगदान देने का निर्णय लिया है।

### भारत-मलेशिया

सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। प्रधानमंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख और इस क्षेत्र में 10 देशों के समूह वाले आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) की केंद्रीय भूमिका पर भारत के दृढ़ विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है। भारत आसियान के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मलेशिया जैसे मित्र देशों के सहयोग से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को और अधिक विस्तारित करेगा। हम इस बात से सहमत हैं कि आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीआईजीए) की समीक्षा शीघ्रता से पूरी की जानी चाहिए। मोदी ने कहा कि उन्होंने और इब्राहिम ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा, वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया के बीच बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम इस बात से सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट हैः कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत-मलेशिया संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता की हम सराहना करते हैं। आइए, हम मिलकर एक समृद्ध मलेशिया के आपके सपने और विकसित भारत के हमारे संकल्प को साकार करें। एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की और आतंकवाद के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से व्यापक और सतत तरीके से निपटने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया तथा कट्टरता और हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने और आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग को रोकने की दिशा में काम करने का भी संकल्प लिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र और एफएटीएफ (वित्तीय कार्वाई कार्य बल) सहित आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी और इब्राहिम ने संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सुधारों का समर्थन करने पर भी सहमति व्यक्त की। संयुक्त बयान में कहा गया है, उन्होंने समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करते हुए बहुपक्षवाद को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया, ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों को अधिक प्रतिनिधिक बनाया जा सके। बयान में कहा गया है, बहुपक्षीय मंचों में आपसी सहयोग की मजबूत भावना को दर्शाते हुए दोनों नेताओं ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सदस्यता प्रस्तावों के लिए आपसी समर्थन पर चर्चा की। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद देश की स्थायी सदस्यता के लिए मलेशिया के समर्थन की अत्यधिक सराहना की।

### उत्तर प्रदेश

प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा होगी। 13 फरवरी तक सदन नियमित तौर पर चलेगा। 14 व 15 फरवरी को क्रमशः शनिवार व रविवार होने के कारण सदन की बैठक स्थगित रहेगी। 16 फरवरी से पुनः सदन की कार्यवाही प्रारंभ होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी सदस्यों से सदन के सफल संचालन का अनुरोध किया है। वहीं नेता सदन (मुख्यमंत्री) योगी आदित्यनाथ ने सभी सदस्यों से जनता के मुद्दों को सदन में रखने और स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया है।

### जनता से

चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। विधान सभा चर्चा और परिचर्चा का मंच है, शोर-शराबे का नहीं। सहमति और असहमति लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। शोर-शराबे से न तो सरकार की बात सामने आती है और न ही विपक्ष की। सभी के सहयोग से ही सदन संचालित होता है। सकारात्मक वातावरण में तार्किक, तथ्यपरक व गुणवत्तापूर्ण संवाद से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। संसदीय परंपराओं का पालन करते हुए सभी सदस्यों को अपने सुझाव व मुद्दे सदन में रखना चाहिए। बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना, निषाद पार्टी के रमेश सिंह, लोकदल के राजपाल बालियान, अपना दल के रामनिवास वर्मा आदि मौजूद रहे।

### योजनाओं को

दिया, ताकि आम जनता को ठोस और समयबद्ध राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान सड़क अवसंरचना, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, रोजगार के अवसर एवं स्थानीय विकास से जुड़े विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सीधे प्राप्त सुझाव शासन की नीतियों और योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन्हें निर्णय प्रक्रिया में प्रमुखता से शामिल किया जा रहा है। जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री धामी ग्राम भगचुरी पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्वर्गीय मलकीत सिंह राणा के निधन तथा वीरेंद्र मौर्य की माता स्वर्गीय सुन्दरी देवी (92 वर्ष) के निधन पर शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री ने

2025 को घोषित परिणामों में भाजपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर दिया। नवीन ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन जैसी विभिन्न पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता, जवाबदेह निर्णय लेने और डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के साथ काम किया है। नवीन ने कहा कि दिल्ली में पिछली सरकार बहाने बनाती थी, जबकि भाजपा नीत सरकार अब प्रदर्शन और लोगों के लिए काम करने में विश्वास करती है।

### बांग्लादेश में

के माध्यम से संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान की है और उनके बारे में अधिकारियों को सूचना दी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम सहित भारतीय नागरिकों को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन विदेशियों को नहीं। भागवत ने कहा कि जनसंख्या असंतुलन का तीसरा कारण कम जन्म दर है। एक सवाल के जवाब में संघ प्रमुख ने कहा कि डॉक्टरों ने सलाह दी है कि 19 से 25 साल की उम्र के बीच शादी और तीन बच्चों का जन्म माता-पिता और बच्चों, दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक होता है, जबकि मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि तीन बच्चे मैं की भावना से निपटने में मदद करते हैं और दीर्घकालिक रूप से एक स्थिर पारिवारिक जीवन सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि जब प्रजनन दर 2.3 से नीचे गिर जाती है, तो आबादी खतरे में पड़ जाती है और उस स्तर पर किसी देश को पतन की ओर बढ़ता माना जाता है। भागवत ने कहा, अब हमारी जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे चली गई है और बिहार जैसे राज्यों की वजह से ही हम बच पा रहे हैं। भारत की जनसंख्या नीति का जिक्र करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि निर्धारित प्रजनन अनुपात 2.1 को अगर पूर्णांक में बदला जाए, तो इसका मतलब प्रभावी रूप से तीन बच्चे होते हैं। उन्होंने कहा, हर तरह के वैज्ञानिक शोध सुझाव देते हैं कि एक परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। हालांकि, यह पुरुषों, महिलाओं और परिवारों के लिए पसंद का मामला बना हुआ है और इस पर एक व्यापक सामाजिक मुद्दे के रूप में विचार किया जाना चाहिए। भागवत ने अंग्रेजी पुस्तक चीपर बाय द डजन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि एक से अधिक बच्चों का पालन-पोषण करना कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। अमेरिका में 12 बच्चों के पालन-पोषण के बारे में लेखक के व्यक्तिगत अनुभव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तक में तर्क दिया गया है कि अधिक बच्चे पैदा करना किफायती हो सकता है और इस पर आधारित एक फिल्म भी बनाई गई है। भागवत ने कहा कि शादी सिर्फ दो लोगों के बीच शारीरिक संबंध के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी संस्था है।




# इंग्लैंड ने नेपाल को हराया

## टी-20 विश्व कप : आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी

एजेंसी



मुंबई। दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था। उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई।

लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा। कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए। भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए। 14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए। इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पर्दापण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की।

शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे। सातवें ओवर में इंग्लैंड ने तीसरा विकेट टॉम बैंटन के रूप में लिया जो स्पिनर संदीप लामिचाने को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। इससे पहले बेथेल ने उनकी पहली चार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया था। फिर बेथेल का साथ निभाने ब्रूक उतरे। यह वही पिच है जिस पर शनिवार रात को भारत ने 77 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। हालांकि इंग्लैंड को निश्चित रूप से उस पिच पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं हुई जिस पर कुछ गेंद रूककर आ रही थी।

### सूर्यवंशी सहित तीन भारतीय विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में

दुबई। युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रविवार को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था। उप विजेता इंग्लैंड के भी तीन खिलाड़ी टीम में जगह बनाने में सफल रहे जिसमें थॉमस रेव को कप्तान और विकेटकीपर बनाया गया है। रेव ने 66 की औसत से 330 रन बनाए जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मैच जिताने वाला शतक भी शामिल है। मैनी लुम्सडेन 16 विकेट के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज रहे। बेन मायेस को भी टीम में जगह मिली जो स्कॉटलैंड के खिलाफ 191 रन की पारी सहित कुल 444 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे।

### तेजस्विन शंकर ने भारत को स्वर्ण दिलाया

तियानजिन (चीन)। तेजस्विन शंकर ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरुषों की हेप्टाथलन स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे भारत की झोली में कुल पांच पदक गिरे। भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा। चीन ने दस स्वर्ण समेत 34 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। शंकर ने हेप्टाथलन में 5993 अंक बनाकर 2021 में अमेरिका में बनाया 5650 अंक का अपना राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड तोड़ा। उनके अलावा पूजा ने ऊंची कूद में रजत, तेजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट में रजत और एंसी सोजन ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। पहले दिन ऊंची कूद में आदर्श राम ने कांस्य जीता था। शंकर के नाम राष्ट्रीय डेकाथलन (आउटडोर) का भी रिकॉर्ड है जो उन्होंने पोलैंड में बनाया था। पुरुषों की शॉटपुट में तेजिंदर ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20 .05 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता। समरदीप सिंह गिल पांचवें स्थान पर रहे।

### सेना ने केरल को हराया, जीता खिताब

ढाकुआखाना (असम)। सेना ने 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल में केरल को 1 -0 से हराकर खिताब जीता। सेना ने आठवीं बार यह खिताब अपने नाम किया है। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में एकमात्र गोल दागा। दोनों टीमों का इससे पहले फाइनल में सामना 2012 . 13 में कोच्चि में हुआ था जब सेना ने पेनल्टी शूटआउट में 4 .3 से जीत दर्ज की थी। सेना ने 2023 .24 में अरूणाचल प्रदेश के यूपिया में गोवा को हराकर खिताब जीता था।

### एशियाई चैंपियनशिप : इलावेनिलबबूता ने एयर राइफल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीता



नयी दिल्ली। ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया जिससे भारतीय निशानेबाजों का दबदबा लगातार बना रहा। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को स्वर्ण जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने पदक दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए जिससे जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे दक्षिण कोरिया की यूनजी कोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें रजत पदक मिला। जापान की मिसाकी नोबाटा और नाओया ओकाडा की जोड़ी ने 437.1 अंक से कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में भी अपना दबदबा बनाते हुए 632.8 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। हिमांशु और शांभवी ने शनिवार को अपनी व्यक्तिगत सफलताओं के बाद मिश्रित टीम स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने फाइनल में 502.4 का स्कोर बनाया जो एशियाई जूनियर रिकॉर्ड है। भारतीय जोड़ी ने कजाखस्तान की अलीना सतपायेवा और तामेरलान काबुलोव (488.6) से 13.8 अंक की बढ़त के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मालदीव की ईशा शहीद और माईश मोहम्मद को कांस्य पदक मिला। रियो ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में भारत ने तीनों पदक अपने नाम किए जिसमें हर्ष गुप्ता ने रजत और अमनप्रीत सिंह ने कांस्य पदक जीता। भारतीय युवा निशानेबाजों का दबदबा इस स्पर्धा में भी जारी रहा। सूरज शर्मा, मुकेश नेलावल्ली और तनिष्क मुरलीधर नायडू ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। सीनियर और जूनियर दोनों टीम ने अपने वर्गों में स्पर्धा जीतकर भारत की शानदार सफलता का नजारा पेश किया। रविवार को 25 मीटर पिस्टल का प्रिसीजन चरण खत्म हुआ जिसमें ईशा सिंह 295 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि मनु भाकर 291 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## संक्षेप

### मप्र पर जीत के करीब पहुंचा जम्मू कश्मीर

इंदौर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने तीन विकेट लेकर मध्यप्रदेश के शीर्षक्रम की बखिया उधेड़ दी और अपनी टीम को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में जीत के करीब भी पहुंचा दिया। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 84 रन से आगे खेलते हुए जम्मू कश्मीर ने दूसरी पारी में 248 रन बनाये। आबिद मुश्ताक ने 73 गेंद में 41 रन बनाये जबकि वंशज शर्मा 92 गेंद में 54 रन बनाकर नाबाद रहे। वर्ष 2021 . 22 की चैम्पियन मध्यप्रदेश को जीत के लिये 291 रन का लक्ष्य मिला लेकिन तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मध्यप्रदेश के पांच विकेट 87 रन पर निकल गए थे। नबी ने 23 रन देकर तीन विकेट चटकाये। यश दुबे 20 रन बनाकर आउट हो गए जबकि हिमांशु मंत्री भी 31 रन ही बना सके। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर शुभम शर्मा 11 और वेंकटेश अय्यर सात रन बनाकर खेल रहे थे।

### अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं : माक्रम

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम टी20 विश्व कप के पहले मैच में कनाडा को हलके में लेने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य टूर्नामेंट में सकारात्मक शुरूआत करना है। दोनों टीमों का सामना ग्रुप बी के पहले मुकाबले में सोमवार को होगा। दक्षिण अफ्रीका को भले ही प्रबल दावेदार माना जा रहा हो लेकिन माक्रम ने कहा कि पिछले दो दिनों में करीबी मैचों से साबित हो गया है कि किसी विरोधी टीम को हलके में नहीं लिया जा सकता। माक्रम ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमने कुछ करीबी मुकाबले देख लिये हैं और इससे लगता नहीं है कि कोई भी मैच आसान होगा। लेकिन मुझे अपनी टीम पर विश्वास है। हम अगर मिलकर अच्छा खेले तो नतीजे अच्छे आयेंगे। उन्होंने कहा इस तरह के टूर्नामेंट में यही अहम है। आप अच्छी शुरूआत करना चाहते हैं और एक टीम के रूप में हमारा फोकस इसी पर है। उम्मीद है कि हम ऐसा कर पायेंगे। माक्रम ने कहा कि टी20 प्रारूप में शीर्ष टीमों और एसोसिएट देशों के बीच प्रदर्शन का अंतर कम हुआ है जिससे उलटफेर हो रहे हैं और यही वजह है कि आत्ममुग्धता के लिये कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा अब तक हुए मैचों या पिछले विश्व कप को देखें तो कई उलटफेर हुए हैं। एसोसिएट देशों और दूसरे देशों के बीच अंतर कम हुआ है। इस प्रारूप में एक या दो खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से ही उलटफेर हो जाता है।

## चेन्नई ओपन : भारत के नौ खिलाड़ी क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में

एजेंसी

चेन्नई। भारत के लिए रविवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर की शुरुआत शानदार रही जिसमें चौथे वरीय नितिन कुमार सिन्हा की अगुवाई में नौ खिलाड़ी पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच जीतकर आगे बढ़े। नितिन ने हमवतन ओगेस थेजो जया प्रकाश के खिलाफ एक घंटे और तीन मिनट में 6-4, 6-। से आसान जीत हासिल की जबकि छठे वरीय इशाक इकबाल ने ब्रिटेन के कार्ल होल्डर पर 6-2, 6-0 से शानदार जीत दर्ज की। साई कार्तिक रेड्डी गांटा, आर्यन लक्ष्मणन, 12वें वरीय आदित्य विशाल बालसेकर और 10वें वरीय आदिल कल्याणपुर भी अपने मुकाबले जीत गए। क्वालीफाइंग ड्रॉ में शीर्ष दो वरीय भारत के एस डी प्रज्वल देव और मलेशिया के मित्सुकी वेई कांग लेओंग को क्वालीफाइंग के फाइनल दौर में बाई मिली। एटीपी चैलेंजर 50 टूर्नामेंट के 32 खिलाड़ियों के मुख्य ड्रॉ में छह क्वालीफाइंग स्थान के लिए कुल 12 खिलाड़ी मुकाबला करेंगे। सुमित नागल, करण सिंह और 18 वर्षीय मानस धामने सहित सात भारतीय खिलाड़ी पहले ही मुख्य ड्रॉ में हैं।

### भांबरी ने युगल मुकाबला जीतकर भारत को बढत दिलायी

बेंगलुरू। युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में रविवार को 2-1 से बढत दिला दी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ।

दोनों टीमों के लिये यह अहम मुकाबला था क्योंकि कल स्कोर 1-1 से बराबर था। भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था।

## सूर्या में वह ठहराव आ गया : हरमीत

एजेंसी

मुंबई। दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने और सूर्यकुमार ने कभी सोचा था कि सूर्यकुमार का कैरियर इस तरह से आगे जायेगा, हरमीत ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें

**❍ जो एमएस धोनी में था**



सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था। उन्होंने कहा एक स्ट्रोक प्लेयर के तौर में उनमें जो लय थी, उन्होंने एक समझदारी भरी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाई। हरमीत ने कहा उस तरह की परिपक्वता जो विराट जैसे क्रिकेटरों में होती है। उसने एक परिपक्व पारी खेली और यह अनुभव के साथ आता है। उसे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह बखूबी निभा रहा है। भारतीय मूल के खिलाड़ी हरमीत ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने कहा मेरे लिये भारत में विश्व कप खेलना काफी भावुक पल था लेकिन यह मेरी अकेले की कहानी नहीं है। पूरी टीम की कहानी है। सभी अलग अलग जगहों पृष्ठभूमियों और संस्कृतियों से आये हैं। क्रिकेट ने हम सभी को जोड़ा है। वहीं दूसरी ओर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि ईशान किशन और अभिषेक शर्मा जैसे शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों को असमान उछाल वाली पिचों पर भी बल्ले से अपनी आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगाना चाहिए। टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक खेलते हुए बाद भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था जिसके बाद टीम ने वापसी करते हुए एक प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। गांगुली ने कहा कि यह तरीका आधुनिक टी20 क्रिकेट का एक स्वाभाविक नतीजा है। गांगुली ने यहां भारत कोरपोरेट प्रीमियर लीग के चौथे सत्र के मौके पर कहा, टी20 क्रिकेट यही है। आपको लगातार हिट करते रहना होता है। वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और वे लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। ऐसा होगा ही। उन्होंने कहा कुछ मैच ऐसे होंगे जिनमें वे चूक जाएंगे क्योंकि वे भी इंसान हैं। और जब आप हर समय हिट करते रहेंगे तो आप चूकेंगे ही। गांगुली ने कहा यह एक बहुत ही मजबूत टीम है। बहुत संतुलित मजबूत टीम है जिसमें गेंदबाजी, बल्लेबाजी, स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सब संतुलित है। जैसे-जैसे विश्व कप आगे बढ़ेगा, वे बेहतर होते जाएंगे क्योंकि एक बार जब आप टूर्नामेंट में खेलने लग जाते हैं तो लय आ जाती है। मैं भारत को प्रबल दावेदार मानता हूं और उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा। गांगुली ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की सराहना करते हुए उन्हें एक सिद्ध मैच-विजेता बताया जो किसी भी दिन अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बहुत रन बनाकर इस टूर्नामेंट में आए हैं। वह एक चैंपियन टी20 खिलाड़ी हैं। वह जिस तरह से गेंद को मैदान पर अलग-अलग हिस्सों में मारते हैं, वह अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, यह ऐसी टीम है जहां किसी भी दिन कोई भी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकता है।

## रणजी ट्रॉफी : उत्तराखंड सेमीफाइनल में

एजेंसी



जमशेदपुर। मयंक मिश्रा और अभय नेगी की धारदार गेंदबाजी से उत्तराखंड ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन झारखंड को पारी और छह रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। उत्तराखंड के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर मिश्रा ने 22 रन पर पांच विकेट लेकर झारखंड को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया जबकि तेज गेंदबाज अभय नेगी ने 36 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे विरोधी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 130 रन पर ढेर हो गई।

कल के पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड ने तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहली पारी में 122.3 ओवर में 371 रन बनाकर 136 रन की बढ़त हासिल की। निचले क्रम के बल्लेबाज अभय नेगी ने 46 रन की पारी खेलकर उत्तराखंड को बड़ी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन ही बना सकी थी। दूसरी पारी में भी झारखंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों शिखर मोहन (02) और शरणदीप सिंह (08) के विकेट गंवा दिए। कप्तान विराट सिंह (55) और कुमार कुशाग्र (34) ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े लेकिन 100 रन के स्कोर पर दोनों के विकेट गंवाने के बाद झारखंड का कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया।

दो विकेट पर 100 रन के बाद झारखंड की पारी 130 रन पर सिमट गई। वहीं दूसरी ओर भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल (नाबाद 60 रन) के शानदार अर्धशतक से कर्नाटक ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन मुंबई के 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप तक दो विकेट पर 113 रन बना लिए। राहुल 94 गेंद में सात चौके की मदद से 60 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

उन्होंने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। कर्नाटक को अभी जीत के लिए 212 रन की जरूरत है। राहुल के साथ दूसरे छोर पर करुण नायर नौ रन बनाकर खेल रहे हैं। मुंबई के लिए ऑफ स्पिनर तनुष कोटियन और कप्तान शार्दुल ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मुंबई ने सुबह दूसरी पारी दो विकेट पर 189 रन से आगे शुरू की। विकेटकीपर आकाश आनंद (70) ने अपने रात के स्कोर में 17 रन जोड़े जबकि मुशीर खान ने 49 रन बनाए। तनुष कोटियान ने नाबाद 48 रन जबकि तुषार देशपांडे ने 47 रन की पारी खेली जिससे मुंबई की टीम 98.3 ओवर में 377 रन पर ऑल आउट हो गई। उसने कर्नाटक के सामने जीत के लिए 325 रन का लक्ष्य रखा।

### मीडिया ओलंपिक सीजन-3 में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

लखनऊ। आशीष प्रजापति ने मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण में दमदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण जीतते हुए अपनी धाक जमाई। दूसरी ओर सीएस आजाद व राम बालक ने चार-चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंतिम दिन हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में मीडिया कर्मियों व उनके परिजनों ने प्रतिभाग करते हुए खेल के माध्यम से फिटनेस व स्वस्थ भारत का संदेश दिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित मीडिया ओलंपिक के अंतिम दिन फुटबॉल शूटआउट में महिलाओं में प्रिया पाण्डेय व पुरुषों में नावेद शिकोह की टीमों ने खिताबी जीत दर्ज की। रस्साकसी में महिलाओं में प्रिया पाण्डेय, पुरुषों में रविंद्र शर्मा की टीम स्वर्ण जीते। शतरंज में सीएस आजाद व बैडमिंटन महिला एकल में पल्लवी श्रीवास्तव विजेता बने। मीडिया ओलंपिक संघ व द इंडियन व्यू मासिक पत्रिका के तत्वावधान में आयोजित इस खेल महाकुंभ के समापन व पुरस्कार वितरण समरोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पुरस्कार वितरित किए।

## अभिन्न श्याम व अखिलेश यादव बने दोहरे चैंपियन

खेल संवाददाता




लखनऊ। ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम गुप्ता व यूपी पुलिस के अखिलेश यादव ने अपने बेहतरीन खेल की बदौलत अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित योनेक्सझसनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के अंतिम दिन बादशाहत साबित करते हुए दोहरी विजेता ट्रॉफी जीती। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी (लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव एवं ख्याति प्राप्त

**❍ योनेक्स-सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026**

बैडमिंटन खिलाड़ी) की स्मृति में इस चैंपियनशिप का आयोजन बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुष एकल 45 वर्ष से अधिक में ओलंपियन प्रयागराज के अभिन्न श्याम गुप्ता ने प्रभावशाली खेल दिखाते हुए प्रयागराज के ही सी. जॉन वेस्ले को 21-11, 21-5 से मात देकर खिताब जीता। पुरुष युगल 45 वर्ष से अधिक में दूसरी वरीय प्रयागराज के अभिन्न श्याम गुप्ता व सी. जॉन वेस्ले की जोड़ी ने शीर्ष वरीय जितेंद्र सिंह व रविंद्र सिंह (मुरादाबाद/नोएडा) के खिलाफ 21-16, 21-19 से उलटफेर भरी जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी जीती। मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक में यूपी पुलिस के शीर्ष वरीय अखिलेश यादव व भावना बलियान ने सी. जॉन वेस्ले व प्रियंका पांडेय को 21-11, 21-14 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष युगल 35 वर्ष से अधिक में अखिलेश यादव व शम्स तबरेज (यूपी पुलिस /गोरखपुर) की जोड़ी ने रवि प्रताप आनंद व यशार्थ ओझा (उन्नाव/अयोध्या) को 21-11, 21-12 से मात दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा नवनीत सहगल (रिटायर्ड आईएएस) ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डा सुधर्मा सिंह ने स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा ध्यानी को विशेष रूप से सम्मानित किया। आज समारोह में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, रेफरी रविंद्र चौहान, अनंत ध्यानी, डॉ. योगेश शेट्टी, अभिजीत यादव सहित कई पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आज अन्य फाइनल मुकाबलों में पुरुष युगल 55 वर्ष से अधिक में मेरठ के अरुण कुमार व प्रमोद कुमार ने शीर्ष वरीय अश्विनी कुमार त्यागी व धर्मेंद्र शर्मा को 21-6, 21-11 से पराजित किया। पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक में मेरठ के सोमेश जैन व सुनील राणा ने शीर्ष वरीय कानपुर के अर्जुन सिंह व पवन गुप्ता को 21-12, 21-13 से हराया। पुरुष एकल 65 वर्ष से अधिक में गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव ने लखनऊ के महेंद्र सिंह बोहरा को 21-16, 21-17 से हराया।



# भारत मजबूती से कर रहा व्यापार पर चर्चा

## भारत-अमेरिका के बीच इस समझौते को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने की दिशा में पहले कदम के रूप में देखा जा रहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि आज का भारत मजबूत और इस आत्मविश्वास के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है कि वह भविष्य में 35 हजार अरब डॉलर का बाजार उपलब्ध करा सकता है। भारत-अमेरिका के बीच शुल्कों पर हुए समझौते के बाद अपने पहले साक्षात्कार में गोयल ने पीटीआई वीडियो से कहा, यही हमारी बातचीत की असली ताकत है। भारत-अमेरिका के बीच इस समझौते को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने की दिशा में पहले कदम के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत मजबूती के साथ बातचीत करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं यह कहकर शुरुआत करता हूं कि देखिए, आज हम चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था होंगे, तब यह 30-35 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी।



गोयल ने कहा, आज भारत के पास यही आत्मविश्वास है, चार हजार अरब डॉलर से 30-35 हजार अरब डॉलर तक के अवसर का यह अंतर ही वह भविष्य है, जो हम दुनिया को दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत को अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं खरीदने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने इसे एक बहुत ही मामूली आंकड़ा बताया, क्योंकि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की मांग पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि इस वक्त भारत अमेरिका से लगभग 300 अरब डॉलर के उन सामानों का आयात कर सकता है, जो वह फिलहाल दूसरे देशों से खरीद रहा है। उन्होंने पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम आज भी 300 अरब डॉलर के उन सामानों का आयात कर रहे हैं जिन्हें अमेरिका से मंगाया जा सकता है। हम पूरी दुनिया से आयात कर रहे हैं। अगले पांच वर्षों में यह बढ़कर दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने वाला है। मैंने अपने समकक्षों से कहा कि देखिए, मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि भारत में मांग है, लेकिन आपको प्रतिस्पर्धी होना होगा। भारत और अमेरिका ने शनिवार को घोषणा की थी कि उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप दे दिया है। दोनों पक्षों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के ऊर्जा उत्पाद, विमान और उनके घटक, कीमती धातुएं, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोल खरीदने की इच्छा जताई है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में बड़े निवेश की घोषणा की है और इसलिए, मेरा मानना है कि हम देश में 10 गीगावाट के डेटा सेंटर देखेंगे और इसके लिए भारत को उपकरणों की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति अमेरिका कर सकता है। यह पूछने पर कि क्या भारत ने 500 अरब डॉलर की खरीद योजना में बोइंग विमानों के जो ऑर्डर भी शामिल हैं जो भारत पहले ही दे चुका है, उन्होंने कहा, हम जिस बारे में बात कर रहे हैं वह निरंतरता में है और इसमें वह सब शामिल है जो हम पहले से खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी भारत अमेरिका से 45-50 अरब डॉलर के बीच आयात कर रहा है।

# नक्सल रोधी रणनीति के परिणाम दिख रहे

# 31 मार्च तक खत्म होगा नक्सलवाद : शाह

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विकास और माओवादी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के खिलाफ लड़ाई में ठोस परिणाम सामने आए हैं। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा।

शाह ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की। यह बैठक माओवादी उग्रवाद को समाप्त करने की 31 मार्च की समयसीमा से कुछ सप्ताह पहले आयोजित की गई। गृहमंत्री शाह ने बैठक की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए कहा, आज रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार व



अधिकारियों के साथ नक्सल रोधी अभियानों पर समीक्षा बैठक की। सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे का विकास, नक्सलियों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आये हैं और 31 मार्च से पहले नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर स्थित एक होटल में हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक, साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमाओं से सटा हुआ है और लंबे समय से माओवादियों का गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों में यहां नक्सल रोधी अभियानों में तेजी आई है।

## संक्षेप

### दिल्ली को मिलीं 500 नयी इलेक्ट्रिक बस

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने रविवार को 500 नयी इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई, जिससे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े की कुल संख्या 4,000 हो गई है। इस मौके पर गुप्ता ने कहा, यह कदम न केवल शहर में परिवहन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी की योजना 2028 तक अपने कुल बस बेड़े को बढ़ाकर 14,000 करने की है। उन्होंने कहा ये इलेक्ट्रिक बसें शहर की वायु गुणवत्ता और परिवहन आवश्यकताओं को बेहतर बनाने में मदद करेंगी। ये वातानुकूलित बसें हैं, जिनमें पैनिक बटन और कई अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि दिल्ली और पानीपत के बीच तीन अंतरराज्यीय बस सेवाएं भी शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री गुपता ने कहा, दिल्ली सरकार परिवहन क्षेत्र पर लगातार काम कर रही है। ऐसा ही एक कदम है निवासियों को दूर-दराज तक कनेक्टिविटी प्रदान करना। हमने हाल ही में इस संबंध में भारत टैक्सी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और जल्द ही एक नयी इलेक्ट्रिक वाहन नीति और एक ई-रिक्शा नीति भी लागू की जाएगी।

# ताकतवर देशों के आगे नहीं झुकने से ईरान को ताकत मिलती है : अरागची

एजेंसी

दुबई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ हुईं वार्ताओं के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि ताकतवर देशों के आगे नहीं झुकने से ईरान को ताकत मिलती है। तेहरान में एक सम्मेलन में राजनयिकों से बातचीत के बाद अरागची ने संकेत दिए कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने पर कायम रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान का यूरेनियम संवर्धन विवाद की जड़ है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने शुक्रवार को ओमान में अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत की एक ओर तो सराहना की, दूसरी ओर अरागची के बयान से लगता है इन वार्ताओं में चुनौतियां बाकी हैं। ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने के मकसद से अमेरिका पहले ही विमानवाहक यूएसएस अब्राहम लिंकन, जहाजों और लड़ाकू विमानों को पश्चिम एशिया भेज चुका है। अरागची ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मुझे लगता है।

# यूक्रेन पर रूस का हवाई हमला, एक की मौत

एजेंसी

कीव। पूर्वी यूक्रेन के एक आवासीय क्षेत्र पर रूसी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस बयान के बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को शांति समझौते पर पहुंचने के लिए जून की समय सीमा दी है।

यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस के अनुसार, यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में स्थित क्रामाटोर्स्क शहर पर हुए हमले के कारण एक नौ मंजिला अपार्टमेंट



ब्लॉक में आग लग गई। यूक्रेन की सरकारी गैस कंपनी नाफ्टोगाज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेरही कोरेत्स्की ने कहा कि रूस ने रविवार की सुबह यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना पर भी हमला किया। लगभग चार साल से जारी इस युद्ध के दौरान रूस ने यूक्रेन के बिजली ग्रिड को लगातार नुकसान पहुंचाया है, खासकर सर्दियों के मौसम में। इसका उद्देश्य यूक्रेन के प्रतिरोध के संकल्प को कमजोर करना है, जिसे कीव के अधिकारी सर्दियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति कहते हैं।

जेलेंस्की ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता करने के लिये जून तक की समय सीमा दी है। उन्होंने कहा कि यदि जून की समय सीमा का पालन नहीं किया जाता है, तो ट्रंप प्रशासन दोनों पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहे हैं।

# कोर्ट केंद्र सरकार का पक्ष रखने वाले वकीलों की फीस 11 साल बाद बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से अदालतों में प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की फीस लगभग 11 साल बाद बढ़ा दी गई है।

केंद्रीय कानून मंत्रालय ने पांच फरवरी को एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया कि अब नियमित अपील और अंतिम सुनवाई पर बचाव के लिए पेश होने वाले वाले ए समूह के वकीलों को हर मामले पर प्रति दिन 21,600 रुपये मिलेंगे, जबकि बी और सी समूह के वकीलों को 14,400 रुपये मिलेंगे। पहले, ए समूह के वकीलों को 13,500 रुपये और बी तथा सी समूह के वकीलों को 9,000 रुपये मिलते थे। सरकार के वकीलों के की फीस आखिरी बार अक्टूबर 2015 में संशोधित की गई थी। इसके अलावा, अन्य प्रकार के मामलों और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सम्मेलन आयोजित करने के लिए फीस को भी संशोधित किया गया है। साथ ही दिल्ली या राज्य की राजधानी में पेश होने वाले वकीलों की फीस में भी वृद्धि की गई है।

# एसआईआर पर 8,505 अधिकारियों को उपलब्ध कराने को तैयार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि वह राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए राज्य या उसके संस्थानों के ग्रुप बी श्रेणी के 8,505 अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह बात इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने चार फरवरी को उच्चतम न्यायालय में दलील दी थी कि पश्चिम बंगाल सरकार ने



एसआईआर प्रक्रिया की देखरेख के लिए ग्रेड 2 के केवल 80 अधिकारियों की सेवाएं प्रदान की थीं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दायर याचिका भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, बनर्जी सोमवार को फिर से उच्चतम न्यायालय आ सकती हैं।

उन्होंने चार फरवरी को शीर्ष न्यायालय में पेश होकर खुद दलीलें पेश की थीं और वह पद पर रहते हुए ऐसा करने वाली पहली मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि वह एसआईआर के लिए राज्य या उसके संस्थानों के 8,505 ग्रुप बी अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए तैयार और इच्छुक है।

# अल्पसंख्यकों को लक्षित करके गोली मारने संबंधी भाजपा के वीडियो पर कार्रवाई करे न्यायपालिका : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उसकी असम इकाई के एक्स खाते पर पोस्ट किए गए एक कथित वीडियो को लेकर तीखा हमला बोला और दावा किया कि इसमे अल्पसंख्यकों की लक्षित और बिल्कुल करीब से हत्यौ दिखाई गई है जो बेहद गंभीर है तथा न्यायपालिका को इसमें किसी भी तरह की नरमी बरते बिना कार्वाई करनी चाहिए। अब हटाए जा चुके इस वीडियो में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा कथित तौर पर राइफल से दो लोगों पर निशाना साधकर गोली चलाते दिखाए गए थे जिनमें से एक व्यक्ति ने टोपी पहन रखी है जबकि दूसरे की दाढ़ी है। वीडियो के कैप्शन मैं पॉइंट ब्लैंक शॉटै लिखा गया था। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने इस मुद्दे पर भाजपा की कड़ी आलोचना की करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा के एक आधिकारिक खाते से अल्पसंख्यकों की लक्षित और बहुत करीब से (पॉइंट ब्लैंक) हत्या दिखाने वाला वीडियो पोस्ट किया गया। यह नरसंहार का खुला आह्वान है-एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से देखता रहा है। वेणुगोपाल ने कहा कि इसे सामान्य ट्रोल सामग्री मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, बल्कि यह शीर्ष स्तर से फैलाया गया जहर है और इसके लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी की ओर से इसकी निंदा किये जाने या कोई कार्वाई की उम्मीद नहीं है, लेकिन न्यायपालिका को जरूर कदम उठाना चाहिए और किसी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वीडियो को हटाना काफी नहीं है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, यही असली भाजपा है। यह नफरत, जहर और हिंसा आपकी दी हुई है, श्री मोदी। क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भी एक्स पर कहा, नरेन्द्र मोदी जी, आप सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन आपके नेता हिमंत विश्व शर्मा का मुसलमानों को गोली मारते दिखाने वाला वीडियो भाजपा की असम इकाई के आधिकारिक खाते से पोस्ट किया गया।

## इंटरटेनमेंट...

# ऋतिक रोशन की 'कृष 4' अटकी

मुंबई। बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर सुपरहीरो फ्रेंचाइजी कृष की चौथी कड़ी 'कृष 4' को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से फिल्म की तैयारी जोरों पर थी, लेकिन अब इसे फिलहाल रोक दिया गया है और काम पर ब्रेक लगा दिया गया है। कृष सीरीज के फैंस पिछले कई वर्षों से चौथे भाग का इंतजार कर रहे हैं। पहले कृष (2006) और कृष 3

> 500 करोड़ के बजट पर आदित्य चोपड़ा से नहीं बनी सहमति, सुपरहीरो की फिल्म पर फिलहाल लगा ब्रेक



(2013) ने दर्शकों को खूब रोमांच दिया था, इसलिए अगला पार्ट भी ब्लॉकबस्टर बनने की उम्मीद थी। इस बार खबर थी कि सुपरस्टार ऋतिक रोशन न केवल हीरो होंगे, बल्कि फिल्म को डायरेक्ट भी करेंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म अचानक ठंडे बस्ते में चली गई है। बजट को लेकर आयी मतभेद प्रमुख वजह बनी है। कहा जा रहा है कि ऋतिक चाहते थे कि 'कृष 4' को करीब 500 करोड़ के बजट में बनाया जाए, लेकिन आदित्य चोपड़ा और उनकी टीम 350 करोड़ के बजट पर अटके रहे। दोनों पक्षों के बीच बजट को लेकर लंबी बातचीत चली, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकल पाया। इस विवाद के चलते फिल्म को फिलहाल साइडलाइन कर दिया गया है। अब ऋतिक रोशन खुद दूसरे स्टूडियोज से बातचीत कर रहे हैं, ताकि वे बजट के मुताबिक स्क्रिप्ट में बदलाव करके 'कृष 4' पर फिर से फोकस कर सकें।

हालांकि सूत्रों का कहना है कि ऋतिक रोशन, आदित्य की प्रतिक्रिया को सकारात्मक रूप से ले रहे हैं और जल्द ही नई योजना के साथ आगे आएंगे। जैसे-जैसे ये मुद्दा सुलझेगा, 'कृष 4' पर काम फिर से शुरू हो सकता है। फैंस को उम्मीद है कि बजट फाइनल होने पर शूटिंग और रिलीज की तिथियों का घोषणा जल्दी ही होगी। फिलहाल तो ये सुपरहीरो फिल्म कुछ समय के लिए रुकी हुई है, लेकिन इंडस्ट्री की नजरें अब आगे के प्लान पर जमी हुई हैं।

# अक्षय की 'भूत बंगला' की बदली रिलीज डेट

मुंबई। अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे प्रीपोन कर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है।

यानी दर्शकों को अक्षय कुमार की इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के लिए अब एक महीने कम इंतजार करना होगा। फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसकाने के पीछे मेकर्स की एक सोची-समझी रणनीति बताई जा रही है। अप्रैल का महीना थिएट्रिकल रिलीज के लिहाज से बेहतर माना जाता है, क्योंकि इस दौरान बड़े क्लैश कम होते हैं और दर्शकों की भीड़ ज्यादा देखने को मिलती है।



इसके अलावा, साल 2026 में अक्षय कुमार की कई फिल्में लाइनअप में हैं, ऐसे में मेकर्स चाहते हैं कि हर फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पूरा और सही स्पेस मिले। अक्षय कुमार लंबे समय से लगातार फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते आ रहे हैं।

### रामायण से हटाए जाने की खबर पर भड़के विक्रांत मैस्सी

**मुंबई।** नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म रामायणः पार्ट-1 लगातार बड़ी स्टारकास्टिंग से चर्चा में है। इसी बीच खबरें रहीं कि एक्टर राघव जुयाल ने विक्रांत मैस्सी को फिल्म से रिप्लेस कर दिया है। रिप्लेसमेंट की खबरों पर अब विक्रांत मैस्सी ने चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि ये खबरें बेबुनियाद हैं, क्योंकि वो पहले भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं थे। राघव जुयाल द्वारा रिप्लेस किए जाने की खबरें सामने आने के बाद विक्रांत मैस्सी ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम स्टोरी के स्टोरी सेक्शन में लिखा, ओके, सब साफ करने के लिए कहना चाहता हूं कि मैं कभी भी इस फिल्म का हिस्सा नहीं था। मैं नहीं हूं, और कभी था भी नहीं।

# फिल्म : 'बॉर्डर 2' ने अब तक कमाये 4.25 करोड़

**मुंबई।** सनी देओल की मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर 2, रिलीज के दो हफ्ते बाद भी बेहतरीन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने शुक्रवार यानी 6 फरवरी को महज 2.85 करोड़ का कलेक्शन किया था, हालांकि तीसरे वीकेंड यानी शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल देखने मिली और फिल्म

> वर्ल्डवाइड कलेक्शन हुआ 440 करोड़, सलमान की सुल्तान को पछाड़ा, मदार्नी 3 का कलेक्शन 32 करोड़

ने 4.25 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। शनिवार के कलेक्शन के साथ फिल्म का इंडियन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 385.58 करोड़ हो चुका है। फिल्म ने 16 दिनों में वर्ल्डवाइड 54 करोड़ कमाए हैं, जिसके साथ इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 440 करोड़ हो चुका है।




इंडियन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में बॉर्डर 2 कई बड़ी फिल्मों को पीछे कर चुकी है। भारत में 358 करोड़ कमाई कर बॉर्डर 2, सैयारा (337 करोड़), बजरंगी भाईजान (320 करोड़), सुल्तान (300 करोड़) का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। फिलहाल ये भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 13वीं फिल्म है। बॉर्डर 2, वर्ल्डवाइड 440 करोड़ का कलेक्शन कर इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। बॉर्डर के बाद रानी मुखर्जी की फिल्म मदार्नी 3 रिलीज हुई थी, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर सकी और 32 करोड़ रुपए ही कमा सकी है। धर्मेंद्र की इक्कीस भी इस साल रिलीज हुई है, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल रही। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज हो रही है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म चर्चा में है। ऐसे में फिल्म की रिलीज के बाद बॉर्डर की कमाई रुक सकती है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com